ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • पौष शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2079 • शुक्रवार, 06 जनवरी 2023 • वर्ष-23 • अंक-331 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



फिल्म गदर-2 का फर्स्ट लुक रिलीज पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री के आदेश पर थाना प्रभारी निलंबित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर संथाल परगना क्षेत्र, दुमका के पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा थाना प्रभारी नगर देवघर रतन कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। थाना प्रभारी पर देवघर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के आर्म्स गार्ड कैलाश यादव के साथ मारपीट करने, मोबाइल तोड़ने एवं गार्ड को जेल भेजने का आरोप है। दो जनवरी को थाना प्रभारी द्वारा बैंक के गार्ड के साथ थाना प्रभारी ने मारपीट एवं गाली-गलौज करने के उपरांत अतिरिक्त पुलिस बल के सहयोग से गार्ड को घसीटते हुए हाजत में बंद कर दिया गया।

### सिक्किम के डीजीपी बने रांची के एके सिंह

**रांची।** रांची के रहनेवाले आईपीएस अधिकारी एके सिंह को सिक्किम का नया डीजीपी बनाया गया है। एके सिंह 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। एके सिंह लंबे समय तक बिहार-झारखंड में सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर के पद पर भी पदस्थापित रहे थे। सीबीआई में पदस्थापन के दौरान वह झारखंड में राज्यसभा चुनाव 2010 व राज्यसभा चुनाव 2012 के हार्स ट्रेडिंग के अनुसंधान से जुड़े हुए थे।

### महिला थाना प्रभारी घूस लेती रंगेहाथ गिरफ्तार

**रामगढ़।** एसीबी हजारीबाग की टीम ने रामगढ़ महिला थाना



प्रभारी को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम महिला थाना प्रभारी को हजारीबाग ले गई। गुरुवार को दोपहर एसीबी हजारीबाग की टीम रामगढ़ महिला थाना पहुंची थी। इस दौरान महिला थाना प्रभारी मेंजारी बिरवा एक मामले में आरोपी से घूस ले रही थी।

### पुतिन ने आज और कल सीजफायर का किया ऐलान

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने गुरुवार रात ऐलान किया है कि उनकी फौज 6 और 7 जनवरी को यूक्रेन पर हमले नहीं करेगी। यानी दो दिन रूस की तरफ से सीजफायर रहेगा। पुतिन ने यह फैसला रूस के 76 साल के ईसाई धर्मगुरू पेट्रीआर्क किरिल की अपील के बाद किया है। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर हमले के बाद ऐसा पहली बार है, जब रूस ने सीजफायर का ऐलान किया है। रूस और युक्रेन दोनों देश आर्थोडॉक्स क्रिसमस मनाते हैं। आर्थोडॉक्स क्रिसमस पूर्वी यूरोप के देशों जैसे रूस, ग्रीस, इथियोपिया और इजिप्ट में भी मनाया जाता है।

# संघर्ष की जीत

## सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक

### केंद्र सरकार ने जैन समुदाय की मांग मानी वापस लिया आदेश

### नशीले पदार्थों की बिक्री पर भी रोक

**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार के केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाते हुए तीन साल पहले जारी अपना आदेश वापस ले लिया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार ने एक निगरानी समिति भी बनाई है। यह समिति इको सेंसिटिव जोन की निगरानी करेगी। केंद्र सरकार ने राज्य को निर्देश दिया है कि इस समिति में जैन समुदाय के दो और स्थानीय जनजातीय समुदाय के एक सदस्य को स्थायी रूप से शामिल किया जाए। केंद्र सरकार ने नए नोटिफिकेशन में केंद्र ने अपने पुराने निर्देशों में संसोधन करते हुए समिति बनाई है। मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को दिल्ली में जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मंत्री ने जैन समाज को आश्वासन कि सरकार सम्मेद शिखर सहित सभी धार्मिक स्थलों पर उनके अधिकारों की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।



### जैन समाज ने जताया आभार

**जैन** तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगाने पर जैन समुदाय ने आभार जताया है। झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, प्रमुख संयोजक तीर्थराज शिखर जैन समिति एवं अध्यक्ष शिखर संस्कार एमपी अजमेरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी पूरी टीम का आभार जताते हुए कहा कि हम समस्त जैन समाज तहे दिल से सम्मान प्रकट करते हैं।

### सम्मेद शिखर का है अपना धार्मिक महत्व

**झारखंड** का हिमालय माने जाने वाला पारसनाथ पहाड़ पर जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी स्थापित हैं। इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की। यहां पर 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था। पवित्र पर्वत के शिखर तक श्रद्धालु पैदल या डोली से जाते हैं। जंगलों, पहाड़ों के दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए नौ किलोमीटर की यात्रा तय कर शिखर पर पहुंचते हैं।

### विधायक सरयू राय ने किया था अधिसूचना वापस लेने का आग्रह

**जमशेदपुर** पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने फेसबुक पर लिखा कि यह फैसला कब हुआ और किसने किया इस पर ध्यान न देकर बल्कि इसे ओझल कर सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करनेवाली अधिसूचना वापस करनी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्श्वनाथ क्षेत्र को तीर्थस्थल घोषित कर एक अच्छा काम करना चाहिए। सरयू राय ने लिखा... बीती ताहि बिसारिये और जब हुई भूल तब उस भूल के परिप्रेक्ष्य में पूर्व के निर्णय को सुधार नए सिरे से नीतिगत निर्णय लें।

### सीएम हेमंत ने केंद्रीय मंत्री को लिखा था पत्र

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने सम्मेद शिखरजी को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा था। उसपर मंत्रालय ने त्वरित संज्ञान लेते हुए इको सेंसेटिव जोन अधिसूचना के खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगा दी है, जिसमें पर्यटन और इको टूरिज्म गतिविधियां शामिल हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्र लिख जैन अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना के संदर्भ में समुचित निर्णय लेने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा था कि पारसनाथ सम्मेद शिखर पौराणिक काल से जैन समुदाय का विश्व प्रसिद्ध पवित्र एवं पूजनीय तीर्थ स्थल है। इस स्थल के जैन धार्मिक महत्व के कारण भारत एवं विश्व के कोने-कोने से जैन धर्मावलंबी यहां तीर्थ करने आते हैं।

### 70 साल की वृद्धा पर सू सू करने वाले को सिर्फ यात्रा से वंचित करना...

# 'इस' अपराध की इतनी छोटी सजा?




आनंद सिंह

**कुछ** घटनाएं भुलाए नहीं भूलतीं। कई घटनाएं हैं। इनमें एक आपके संज्ञान में होगा। वही, 50 साल के शख्स का 70 साल की वृद्धा पर सू सू करना। इसको लेकर कुछ हुआ नहीं। मीडिया शांत रहा। एयर इंडिया भी शांत रहा। डीजीसीए भी शांत रहा। हमारे उड्डयन मंत्री भी शांत रहे। अब थोड़ी सी हरकत हुई है। उस सू सू करने वाले बिजनेसमैन की पहचान हुई है। मुंबईकर है। कोई बिजनेस करता है। नाम है, शेखर मिश्रा। शेखर मिश्रा कहां रहता है, किसी को पता नहीं। वह महिला कहां रहती है, यह सबको पता है। अगर 70 साल की वह वृद्धा अपनी पैरवी खुद न करती तो क्या होता? यह मिश्रा के संस्कारों का ही फल है कि वह एक स्त्री पर सू सू कर आया। दारू पीकर क्या मिश्रा अपने संस्कार भूल गया या यह बदमाशी थी? क्या उसका व्यापार चौपट हो गया या उसके मन में यह कुंठित भावना थी कि जीवन में कभी किसी महिला की देह पर सू सू करना है? एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स को क्या हो गया था? जब उस महिला ने अपना विरोध दर्ज कराया, तब एक्शन क्यों नहीं हुआ? एयर इंडिया वाले मामले को क्यों दबाना चाहते थे? इसमें उनकी कौन सी कार्पोरेट डील छुपी हुई थी? क्या क्रू मेंबर्स की मिश्रा के साथ कोई डील थी? क्या क्रू मेंबर्स को मिश्रा ने कुछ डॉलर थमा दिये थे? भारत जैसे देश में इस घटना की चहुंओर निंदा न होना इस बात का परिचायक है कि हम भले दंभ भरें कि भारत विश्वगुरु बनने जा रहा है, हममें भारतीय संस्कृति की मूल बातें भी नहीं हैं।

**जाने-माने पत्रकार रवीश कुमार ने इस पर लिखा है :** बिजनेस क्लास में सू सू करने वाला अमीर कौन था? मेरी मांग है कि एयर इंडिया के बिजनेस क्लास में कंबल से लेकर कप तक पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लिखा हो। यह काम सबसे पहले किया जाए। रही बात उस अमीर का नाम गुप्त रखने की जिसने किसी स्त्री के ऊपर सू सू कर दिया, उसके बारे में भी कुछ कहना है। उसकी तीस दिन की यात्रा पर रोक की सजा माफ की जाए और बदले में उसका नाम सार्वजनिक कर दिया जाए। गोदी मीडिया थोड़ा और इंतजार करे। हो सकता है एयरपोर्ट से किसी मंत्री का वीडियो आ जाए और उसमें वे बिजनेस क्लास का दौरा करते नजर आएं। महिला को हौसला रखना चाहिए क्योंकि दुनिया में यही एक देश है जहां नारी की पूजा होती है और नारी के शरीर पर सू सू करने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है। समाचार समाप्त हुए।

**एक्टविस्ट और पत्रकार सौमित्र रॉय ने लिखा है :** ब्रांड इंडिया लोगों से बनता है। समाज से बनता है। इसे सुनिश्चित करना तंत्र का काम है। न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में एक व्यक्ति महिला पर सू सू कर देता है। एयर इंडिया इसे बुरा आचरण नहीं मानता। बंदा सू सू कर निकल लेता है। सरकार जी-20 का मुखिया होने पर छाती पीट रही है। मुल्क की औरतें सड़कों पर घसीटी जा रही हैं। इससे क्या संदेश गया, ये किसी ने सोचा?



### इस एक्शन को क्या कहा जाए ?

**इतना** हो-हंगामा होने के बाद मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इससे क्या होगा? कौन जानता है मिश्रा को? अगर कोई जानता है तो उसके बारे में बताता क्यों नहीं? अगर यह पता है कि वह बिजनेसमैन है तो उसके कुल-खानदान को खोजने के लिए क्या एफबीआई की मदद लेनी होगी? एयर इंडिया ने 30 दिनों के लिए उसे नो फ्लाईंग लिस्ट में डाल दिया है। इससे क्या होगा? वह एयर इंडिया में न उड़ कर किसी और में उड़ेगा। क्या डीजीसीए उसे जिंदगी भर के लिए हर विमान में उड़ने के अयोग्य नहीं ठहरा सकता?

## कार्रवाई : हथियार के साथ 11 उग्रवादी-अपराधी गिरफ्तार

### रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस के लिए गुरुवार का दिन सफलता भरा रहा। एक तरफ जहां उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी मांगनेवाले चार उग्रवादियों को पुलिस ने धर दबोचा वहीं, दूसरी तरफ राजधानी में किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने से पहले सात अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

**उग्रवादी संगठन के नाम पर लेवी मांगनेवाले चार गिरफ्तार :** रांची पुलिस को पहली सफलता उस वक्त हाथ लगी जब बेड़ो थाना क्षेत्र के रहनेवाले एक बड़े कारोबारी से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले चार पीएलएफआई उग्रवादी पकड़े गए। जिन चार उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें से एक वह शख्स भी शामिल है जो उग्रवादी संगठनों के लिए धमकी भरा पर्चा छापा करता था। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि बेड़ो थाना क्षेत्र के रहनेवाले एक कारोबारी से उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी की डिमांड की जा रही थी। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। मामले में शामिल उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया और पुलिस ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया। रंगदारी की रकम देने के लिए सादे वर्दी शेष पृष्ठ 11 पर

## एनटीपीसी गोलीकांड में पूर्व विधायक निर्मला देवी को राहत

**रांची।** बड़कागांव की पूर्व विधायक निर्मला देवी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने शर्त के साथ जमानत दे दी है। शर्त के अनुसार पूर्व विधायक निर्मला देवी को निचली अदालत में बेल बांड भरना होगा, इसके बाद उन्हें रिहा किया जायेगा। निर्मला देवी बड़कागांव एनटीपीसी आंदोलन में हुई गोलीबारी में सजायाफ्ता हैं। इस मामले में रांची एमपी-एमएलए की कोर्ट ने उन्हें दस वर्ष की सजा सुनाई है। गुरुवार को निर्मला देवी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और अम्बुज नाथम की कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसके बाद जमानत दी गयी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत में बेल बांड भरने के बाद रिहा करने का आदेश दिया है।

## ग्रामीण परिवेश को मजबूत कर रही सरकार

### मुख्यमंत्री ने लाभुकों को विभिन्न योजनाओं की दी सौगात

### लगभग 61 करोड़ 25 लाख रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास

### सेविका-सहायिकाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

ग्रामीणों की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक और बौद्धिक क्षमता में बढ़ोतरी सरकार का संकल्प है। इसी मकसद से कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। जिनके लिए ये योजनाएं हैं, उनके दरवाजे तक यह पहुंचे, इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को धरमपुर, पतना, साहिबगंज में परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अब योजनाएं कागजों-फाइलों में सिमटी नहीं रहेगी। योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर सरकार की पूरी नजर है, ताकि हर जरूरतमंद और गरीब को इसका लाभ मिल सके।



**ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प :** मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों को पिछड़ापन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने का संकल्प सरकार ने ले रखा है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार पिछले तीन वर्षों में ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में शिक्षा शेष पृष्ठ 11 पर

### परिसंपत्ति का वितरण, कई योजनाओं का शिलान्यास

**मुख्यमंत्री** ने इस मौके पर यूनिवर्सल पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। उन्होंने जेएसएलपीएस की सखी मंडलों को चेक प्रदान किया। सेविका और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र और ग्राम प्रधानों को प्रधानी पट्टा सौंपा। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे-बच्चियों को स्वेटर और गरीबों-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 61 करोड़ 25 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया।

## शिक्षा व्यवस्था : विदेशी विवि में आरक्षण के तहत न तो नौकरी और न ही एडमिशन

# विदेशी विवि के लिए बिछाया जाने लगा रेड कार्पेट

### अपनी मर्जी से फीस ले सकते हैं विदेशी विवि

**कृष्णमोहन सिंह। नयी दिल्ली**

विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत में अपनी शाखाएं खोलनेवाले सभी विदेशी विश्वविद्यालयों को केवल ऑफलाइन कक्षाएं संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय को यूजीसी की मंजूरी के बिना भारत में अपना कैंपस खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यदि विदेशी विश्वविद्यालय किसी भारतीय प्राइवेट विश्वविद्यालय से गठबंधन कर लें या हिस्सेदारी वाला व्यवसाय कर लें, तब यूजीसी क्या करेगा। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी विदेशी यूनिवर्सिटी यूजीसी की मंजूरी के बिना कैंपस स्थापित नहीं कर सकती है। लेकिन यूजीसी के मंजूरी के बिना तो देशी कंपनियां भी प्राइवेट विवि नहीं खोल सकती हैं और बिना मंजूरी तथा शर्तों का पालन किये ही तमाम प्राइवेट विश्वविद्यालयों का रांची या अन्य शहरों, जगहों से नोएडा में एक्सटेंशन कैंपस चल रहा है। यह क्या है? यूजीसी अध्यक्ष का कहना है कि विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने की शुरुआती मंजूरी दस साल के लिए होगी। यह मंजूरी नौवें वर्ष में रिन्यू की जाएगी, बशर्ते वे कुछ शर्तों को पूरा करें। इस बशर्ते में ही सारा खेल छुपा हुआ है। ऐसा तो है नहीं कि बिना शर्त पूरा किये ही विश्वविद्यालय को अपना कैंपस खोलने की अनुमति दी जाएगी। फिर नौ साल बाद कौन सी शर्त परखी जाएंगी? लगातार निगरानी क्यों नहीं?




### अपनी प्रवेश प्रक्रिया आयोजित करने की होगी स्वतंत्रता

**यूजीसी** अध्यक्ष का कहना है कि विदेशी विश्वविद्यालय फिजिकल मोड में केवल फुल टाइम कोर्स पेश कर सकते हैं। हालांकि, विदेशी विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश प्रक्रिया आयोजित करने की स्वतंत्रता होगी, लेकिन इन विश्वविद्यालयों को अपने भारतीय परिसरों में प्रदान की जानेवाली शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी जो उनके मेन कैंपस के बराबर हो। लेकिन यूजीसी अध्यक्ष पहले भारतीय विश्वविद्यालयों के मेन कैंपस से अलग कैंपस में ही पढ़ाई की गुणवत्ता को परख व देख लें। बीएचयू के वाराणसी कैंपस और बरकछा (मिर्जापुर) कैंपस में अंतर को एक बार देख लेना चाहिए, पता चल जाएगा कि मेन कैंपस का माहौल, आधारभूत ढांचा, पढ़ाई की गुणवत्ता और उससे अलग दूसरे कैंपस के माहौल, गुणवत्ता में कितना अंतर होता है। यूजीसी अध्यक्ष का कहना है कि विदेशी विश्वविद्यालय अपना फीस स्ट्रक्चर भी तय कर सकती हैं। लेकिन सुनिश्चित करना होगा कि फीस स्ट्रक्चर शेष पृष्ठ 11 पर

## मिशन 2024 : लोस चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर

### सिंहभूम के कुछ बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल करने की कवायद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चाईबासा आगमन को लेकर भाजपा की ओर से जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। श्री शाह के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा समेत सिंहभूम व आसपास के लोकसभा क्षेत्रों के नेता व कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। कार्यक्रम स्थल टाटा कॉलेज के मैदान में तैयारियों का जायजा लेने के बाद प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर जन समर्थन व्यापक रूप से देखा जा रहा है। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि पिछले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव प्रचार के बावजूद यहां से भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। यही नहीं, मोदी लहर का असर भी इस सीट पर न होने को लेकर यह सीट भाजपा शीर्ष नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है।

भाजपा के सूत्रों के मुताबिक देश के 160 संसदीय क्षेत्रों ने 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर लोकसभा प्रवास योजना के तहत पार्टी काम कर रही है जिसमें सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र भी एक है। पार्टी सूत्रों का मानना है कि सिंहभूम लोकसभा सीट के महत्व को देखते हुए यहां गृह मंत्री और प्रधानमंत्री की विशेष नजर बनी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पिछले चुनाव के परिणामों पर बोलते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता एवं सिंहभूम क्षेत्र के मतदाताओं में इस बात की समझ बनी है कि शेष पृष्ठ 11 पर

### अमित शाह आज शाम पहुंचेंगे रांची

**रांची।** झारखंड में भाजपा के मिशन 2024 का आगाज 7 जनवरी को चाईबासा लोकसभा सीट से होने जा रहा है। चाईबासा में सात जनवरी को अमित शाह सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, इससे पहले वह 6 जनवरी की शाम रांची पहुंचेंगे। रांची पहुंचने के बाद वह होटल रेडिशन ब्लू में रात्रि विश्राम करेंगे, साथ ही झारखंड प्रदेश के नेताओं से उनकी मुलाकात भी होगी।



## NEWS इन ब्रीफ

### चार तीरंदाज मिनी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

**सिल्ली।** सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर के चार तीरंदाज आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में 7 से 16 जनवरी तक आयोजित मिनी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। जिसमें कोच रोहित कुमार के साथ सिल्ली आर्चरी सेंटर के साहिल प्रियांशु बनवार तमन्ना बर्मा, अंजू गाड़ी, सलौनी उरांव शमिल है।

### दो महीने से जलमीनार खराब

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के नागेडीह गावं के लोहरा टोला में पिछले दो महीने से सोलर जलमीनार खराब है इससे मुहल्ले के करीब चालीस घरों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। लोगों को दूर से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत विभाग को एवं स्थानीय मुखिया को भी दे दी गयी है लेकिन अब तक किसी ने भी इसे ठीक करने की दिशा में प्रयास नहीं किया है। ग्रामीणों ने विभाग से इसे जल्दी मरम्मत कराने की मांग की है।

### रातू काठीटांड चौक से बाईक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटाड़ स्थित रांची बाजार के पास से गुरुवार की दोपहर रानी बगीचा निवासी नवीन गुप्ता की पल्सर बाईक जेएच 01 बीयू 2356 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जानकारी अनुसार श्री गुप्ता रोजाना की तरह अपनी बाईक को खड़ा कर अपने दुकान में काम करा रहे थे । दोपहर लगभग एक बजे जब वो घर जाने के लिए बाईक के पास आए तो देखा उनकी बाईक गायब है । काफी खोजबीन के बाद भी उनके बाईक का पता नही चल पाया । इस बाबत उन्होंने रातू थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### 9 को झामुमो कार्यकर्ताओं का वनभोज सह बैठक का आयोजन

सिल्ली। 9 जनवरी दिन सोमवार को नीलगिरी पार्क पतराहातू के समीप दोपहर 12 बजे से झामुमो पार्टी सिल्ली प्रखंड के 5 पंचायत दवाडु, पतराहातू, बड़ा चांगड्डु, बंता उतरी और बंता दक्षिणी के सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक बैठक सह 1 भोज का आयोजन किया गया है। अतः पांचो पंचायत के तमाम सक्रिय कार्यकर्ता से अपील किया गया है कि निश्चित समय पर पहुंचकर वनभोज का आनंद लें तथा बैठक को संपन्न करें। उक्त जानकारी झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका तथा झामुमो सिल्ली प्रखंड के सचिव एमडी हारून रशीद ने दी।

### बिजली तार चोरी के आरोपी भेजे गए न्यायायिक हिरासत में

मांडर। मलती गांव के ग्रामीणों ने एलटी लाइन के बिजली तार की चोरी करते दो चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया।दोनों चोरों को ग्रामीणों ने मांडर पुलिस को सौंप दिया।गिरफ्तार मांडर निवासी अफजल अंसारी व अबुशाद अंसारी को मांडर पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षण में भेज दिया है।

# 22 फरवरी से 3 मार्च तक लगेगा मेल



**मेला छात्रों के लिए इंटरएक्टिव मंच के अलावा अनेक प्रतियोगिताएं मेले में करायी जायेगी। राज्य स्तर पर निबंध तथा चित्रांकन प्रतियोगिता भी होगी।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 22 फरवरी से 3 मार्च पर्यावरण मेला लगेगा। मेला का आयोजन युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। विभिन्न संस्थाओं के स्टॉलों के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण अर्थशास्त्र, पर्यावरण हितैषी कृषि, क्लीन एवं ग्रीन ऊर्जा तथा पारिअनुकूल भोज्य पदार्थ आदि के क्षेत्र में किए गए प्रयासों तथा प्रतिफल को दिखाया जाएगा। गुरुवार को निर्दलीय विधायक सरयू राय एवं मेला कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा पर्यावरण मेला से संबंधित ब्रोशर का विमोचन किया गया। सरयू राय ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण दामोदर नदी का रूपांतरण तथा सरना पवित्र उपवन नामक दो मंडप होंगे। सरयू राय ने बताया कि 2004 से दामोदर बचाओ आंदोलन तथा युगांतर भारती के संयुक्त प्रयास से दामोदर नद के पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने का कार्य किया जा रहा है। सन 2022 में किए गए वैज्ञानिक आकलन से यह स्थापित हो गया है कि दामोदर नदी का औद्योगिक प्रदूषण लगभग समाप्त हो गया है। मेला छात्रों के लिए इंटरएक्टिव मंच के अलावा अनेक प्रतियोगिताएं मेले में करायी जायेगी। राज्य स्तर पर निबंध तथा चित्रांकन प्रतियोगिता भी होगी। देश के जाने-माने तथा प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, पर्यावरणविद्, कानूनविद्, तथा राजनेता जनप्रिय व्याख्यानों द्वारा पर्यावरण के विभिन्न आयामों पर अपनी राय रखेंगे। मेले में पर्यावरण क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को भी सम्मानित करने की योजना है।

## डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा गुरुवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी, रांची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## 7 जनवरी को मारवाड़ी सम्मेलन तीन गांवों में कंबल बांटेगी

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन दूसरे चरण में तीन ग्रामीण क्षेत्रों में 7 जनवरी को सैकड़ों कंबल का वितरण करेगी। उन्होंने बताया कि कंबल का वितरण बुंडू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र ताईमारा गांव मे, तथा नामकुम प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र बुंडूबेड़ा एवं सापारूम गांव में निर्धनों, वृद्धजनों जरूरतमंदों तथा दिव्यांगों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया जाएगा।कंबल वितरण कार्यक्रम में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के कई पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

# डीजीपी नियुक्ति के लिए यूपीएससी पैनल में बैठक

**नवीन मेल संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड में नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल के तीन नाम तय हो गए। गुरुवार को दिल्ली में यूपीएससी की बैठक हुई। पूर्व में यह बैठक नौ जनवरी को होनी थी, लेकिन राज्य सरकार के निवेदन पर तय समय से पहले बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीजीपी नियुक्ति के लिए तीन वरीय आईपीएस अधिकारियों के नाम पर मुहर लग गई है। जानकारी के मुताबिक, इस पैनल में 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय सिंह, अजय भटनागर और 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनिल पालटा का नाम शामिल हैं। इससे पूर्व राज्य सरकार ने 30 साल की सेवा पूरी कर चुके सात आईपीएस अधिकारियों 1988 बैच के आईपीएस एसएन प्रधान, 1989 बैच के आईपीएस अजय सिंह, अजय भटनागर, 1990 बैच के आईपीएस अनिल पालटा, अनुराग गुप्ता, 1992 बैच के आईपीएस प्रशांत सिंह, आरके मल्लिक, 1993 बैच के आईपीएस एमएस भाटिया, मुरारीलाल मीणा का नाम भेजा था। लेकिन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात एसएन प्रधान ने राज्य में आने से इंकार कर दिया था, ऐसे में उनके नाम पर विचार नहीं किया। जानकारी के मुताबिक, सीबीआई के असिस्टेंड डायरेक्टर के पद पर तैनात अजय भटनागर का नाम भी वरीयता के आधार पर राज्य सरकार ने भेजा था। उन्होंने राज्य में तैनाती से इंकार नहीं किया है, ऐसे में वरीयता के आधार पर उनका नाम भी तीन सदस्यीय नियुक्ति पैनल में शामिल है। राज्य सरकार वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा के सेवानिवृति के बाद इन्हीं तीन नामों में से एक नाम का चयन नए डीजीपी के लिए करेगी। नए डीजीपी का कार्यकाल भी दो सालों का होगा। गुरुवार को पैनल के चयन को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव राजीव अरूण एक्का और डीजीपी नीरज सिन्हा शामिल हुए।

## हलाल प्रमाण-पत्र देनेवाली सभी संस्थाओं की हो सीबीआई जांच

**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक पदार्थ, वस्तु में हलाल की धार्मिकता लाकर हलाल अर्थव्यवस्था की अवधारणा रची जा रही है। धर्मनिरपेक्ष भारत में लगभग 15 प्रतिशत मुस्लिमों के आग्रह पर शेष 85 प्रतिशत को भी हलाल प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। अब मांस के अलावा सौंदर्यप्रसाधन, औषधियां, शॉपिंग मॉल्स, होटल आदि भी हलाल प्रमाणित किये जाने की मांग की जा रही है। हल्दीराम, बीकानेर, केएफसी, पिज्जा हट जैसी वैश्विक कंपनियां को भी हलाल सर्टिफिकेट लेने के लिए विवश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हलाल अर्थव्यवस्था सम्पूर्ण रूप से इस्लामी धार्मिक संस्थाओं द्वारा संचालित की जा रही है।

# डीपीएस रांची के 07 विद्यार्थियों ने इंडियन ओलंपियाड भाग 02 के लिए क्वालीफाई किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीपीएस रांची स्थापना काल से ही शैक्षणिक क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यहां के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी मेधाशक्ति के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए है। इसी क्रम मे डीपीएस राँची के 07 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित परीक्षा इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड (आईएनपीएचओ), इंडियन नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड (आईएनसीएचओ), इंडियन नेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड (आईएनबीओ) और इंडियन नेशनल एस्ट्रोनॉमी ओलंपियाड (आईएनएओ) (ग्रुप ए और ग्रुप बी) क्वालिफाई करके अपने स्कूल का नाम रौशन किया। भारतीय ओलंपियाड क्वालीफायर (आईओक्यू) (2022-23) के भाग 2 में झारखंड से कुल 26 छात्रों का चयन किया गया है, जिसमें डीपीएस रांची को इस सफलता में 27 प्रतिशत का हिस्सा मिला है। आईएनपीएचओ में झारखंड से 06 क्वालीफायर हैं, जिनमें से 01 डीपीएस राँची से हैं, इस प्रकार इस श्रेणी में 16.7 प्रतिशत का योगदान है। आईएनसीएचओ में डीपीएस, राँची का झंडा झारखंड के कुल 6 में से 3 विद्यार्थियों ने ऊँचा रखा एवं 50 प्रतिशत सीटों पर कब्जा किया। आईएनबीओ में 06 क्वालिफायर झारखंड से हैं, जिनमें से 01 डीपीएस राँची से हैं, इस प्रकार इस श्रेणी में 16.7 प्रतिशत हासिल किया है। आईएनएओ (ग्रुप ए) में डीपीएस, रांची का झंडा झारखंड के कुल 5 में से 1 विद्यार्थी ने ऊँचा रखा एवं 20 प्रतिशत सीटों पर कब्जा किया और आईएनएओ (ग्रुप बी) में, झारखंड के कुल 3 छात्रों में से डीपीएस, राँची के 1 छात्र ने भाग 2 परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की, इस प्रकार इस श्रेणी में 33.3 प्रतिशत का योगदान दिया। यहां यह उल्लेखनीय है कि बारहवीं कक्षा के किसलय ने आईएनपीएचओ और आईएनएओ (ग्रुप ए) में क्वालीफाई किया और 14 छात्रों ने मिनिमम एडमिसिबल स्कोर (एम.ए.एस) से ज्यादा स्कोर प्राप्त किया।

## जस्टिस के निधन से ओबीसी वर्ग का अपूरणीय क्षति

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद जी के निधन पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा शोक व्यक्त करता है और उनके परिजनों को दुख सहने शक्ति की कामना करता है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि न्यायमूर्ति लोकनाथ प्रसाद पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए लगातार सक्रिय रहते थे। जिसका परिणाम है कि उन्होंने झारखंड राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग को 36% से 50% तक आरक्षण देने की ऐतिहासिक अनुशंसा सरकार से की थी। उनके निधन से पिछड़ा वर्ग को बहुत बड़ा धक्का लगा है।

# बिरसा मुंडा आर्चरी केंद्र के प्रशिक्षु बना एनआईएस कोच



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के प्रशिक्षु आर्यन साव ने एनआईएस कोच बन कर एकाडमी एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इनके इस उपलब्धि पर बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, गुंज के संयोजक जयपाल सिंह , अध्यक्ष सुनील सिंह, कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं कोच प्रकाश राम ने बताया कि आर्यन साव सिल्ली एकेडमी का तीसरा एवं झारखंड राज्य का अब तक का पहला सबसे ज्यादा परसेंटेज लाने वाला एनआईएस कोच बना है वहीं एकेडमी के प्रशिक्षु मुकेश तुरी ने भी डीपलोमा कोर्स में अच्छे अंक प्राप्त कर कोच की डिग्री हासिल किया है। आर्यन साव वर्ष 2009 में बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी से जुड़े एवं 34 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व की है। उन्होंने कहा कि सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी के प्रशिक्षु अबतक कइ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया है।

# एथलीट आशा किरण बारला सीनियर इंडिया कैंप के लिए बेंगलुरु रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद और झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्षा बरखा सिन्हा से अंतरराष्ट्रीय धावक आशा किरण बारला ने गुरुवार को मुलाकात की श्री अर्चित आनंद और श्रीमति बरखा सिन्हा ने उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पता हो कि 31 मार्च तक बेंगलुरु में भारतीय एथलीटों का प्रशिक्षण शिविर के लिए झारखंड से आशा किरण बारला को भी आमंत्रित किया गया है। आशा इस कैंप के लिए झारखंड से चयनित होनेवाली एकमात्र एथलीट हैं। आशा गुरुवार की शाम बेंगलुरु पहुंच जाएंगी और कैंप का हिस्सा बन जाएंगी। इस अवसर पर आशा के कोच व मेंटर आशु भाटिया, प्रभात कुमार पारिजात परिमल भी मौजूद रहे।

**सहायता** | क्लब ने मनाया धर्मगुरु परमहंस योगानंद जी की जयंती

# 32 जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को छात्र क्लब चिकित्सक मंच एवं ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पिस्कामोड़ शारदा बैट्री गली स्थित ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था में राज किशोर राणा एवं शिव किशोर शर्मा जी के अध्यक्षता में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ। डॉ.बी.के.सिंह, (आयुवेर्दाचार्य), डॉ. आरएनप्रसा द (होम्योपैथ) एवं डॉ. अनुज कुमार पटेल ने 32 मरीज एवं जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य जांच की एवं उन्हें खान पान,रहन सहन,मौसमी बीमारियों एवं कोरोना से बचने के लिए आवश्यक सलाह दी। शिविर में टंगरा टोली पिस्कामोड़,मधुकम बस्ती,बैंक कॉलोनी एवं देवी मंडप रोड के मरीज एवं जरूरतमंद लोगों ने अपनी जांच कराई।मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने धर्मगुरु परमहंस योगानंद जी के जीवन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा योगानंद जी का जन्म गोरखपुर में 5 जनवरी 1893 को एक बंगाली परिवार में हुआ था। इन्होंने भारत के क्रिया योग को विश्व पटल पर स्थापित किया था। इनके द्वारा लिखित अध्यात्मिक पुस्तक का नाम ₹ऑटोबायोग्राफी ऑफ योगी है जो देश में सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक है। शिव किशोर शर्मा ने कहा इन्होंने आदर्श विद्यालय की स्थापना की थी।पश्चिमी देशों में इन्हें फादर ऑफ योगा कहा जाता है इनके द्वारा स्थापित एवं प्रचारित क्रिया योग आज पूरे संसार में विस्तारित हो चुका है।भारत सरकार इनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया है।इसके पूर्व संस्था द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। शिविर समाप्ति के पूर्व ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था के मार्केटिंग प्रमुख सुदर्शन महतो ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत छात्र क्लब ग्रुप के अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा को आयुर्वेद न्यूट्रिशंस (पोषक तत्व),प्रोटीन पाउडर,ग्रीन टी एवं सुरक्षा कीट डोनेट किया।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### आम सूचना

नगर निगम क्षेत्र में आमजनों के द्वारा बिना नगर निगम से अनुमति प्राप्त किये बोरिंग कार्य कराया जा रहा है। बोरिंग के लिए वाहन का प्रयोग किया जा रहा है, जो अनुचित एवं गैरकानूनी है।

उल्लेखनीय है कि बोरिंग के लिए एवं बोरिंग प्रयोग में आने वाले वाहन का शुल्क निम्न रुप से निर्धारित है।

| क्रमांक | बोरिंग का प्रकार | लिये गये निर्णय के अनुसार दर |
|---|---|---|
| 1 | साधारण बोरिंग अनुमति हेतु दर | 1,000.00 (एक हजार) रुपये |
| 2 | बिना अनुमति के साधारण बोरिंग हेतु जुर्माना | 2,000.00 (दो हजार) रुपये |
| 3 | वाहन पंजीकरण हेतु दर (एक वर्ष के लिए) | 50,000.00 (पच्चास हजार) रुपये |
| 4 | पंजीकृत वाहन के द्वारा बिना अनुमति | 50,000.00 (पच्चास हजार) रुपये |
| 5 | बिना पंजीकरण वाहन पकड़े जाने पर जुर्माना | 1,00,000.00 (एक लाख) रुपये |

उक्त के आलोक में बिना शुल्क जमा किये बोरिंग कराने एवं वाहन का पंजीकरण कराये बिना पकड़े जाने पर संबंधितों के विरूद्ध नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 286771 Urban Development and Housing(22-23)D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)



लापता बालिका लीलावती कुमारी, वर्तमान उम्र लगभग 17 वर्ष, पिता–स्व0 जीवन नायक, सा0–भुईयाटोली, थाना+जिला–सिमडेगा, जो वर्ष–2019 से लापता है, जो आज तक अपने घर वापस नहीं लौटा है। इस संबंध में ए0एच0टी0यू0 (सिमडेगा) थाना काण्ड संख्या–08/21, दिनांक–03.08.2021, धारा–363/370(4) भा0द0वि0 एवं 75/81 जे0जे0 एक्ट दर्ज किया गया है। गुमशुदा महिला का बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका हुलिया निम्नवत् है:–

नामः– लीलावती कुमारी
पिताः– स्व0 जीवन नायक
लिंगः– स्त्रीलिंग
उम्रः– लगभग 17 वर्ष
रंगः– साँवला
बालः– हल्का घुंघराला एवं काला
ऊँचाईः– लगभग 4 फीट 6 ईंच।
बोलचाल की भाषाः– हिन्दी एवं सादरी

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा बालिका लीलावती कुमारी के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।
पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा मोबाइल नं0– 9431116444
ए0एच0टी0यू0, थाना प्रभारी मोबाइल नं0– 8210939739
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा मोबाइल नं0– 8709697066

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 286698 Police(22-23)D



## कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी
## नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक सी०, चाईबासा रोड, खूँटी–835210

पुनः अति अल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01/2022
जिला स्तरीय मध्याहन भोजन योजना कोषांग, खूँटी।
आवश्यक सूचना

खूँटी जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरीय योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुंचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 05.01.2023 से दिनांक 18.01.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्त्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 19.01.2023 के अपराहन 03:00 बजे उप विकास आयुक्त, खूँटी के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें खूँटी जिला के अधिकृत वेबसाईट www.khunti.nic.in एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता हे।

जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी — उप विकास आयुक्त, खूँटी

PR.NO.286773 District(22-23):D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

-:: शुद्धि पत्र ::-

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 2022-23 (Head-JJM); P.R. No.:-285962 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है– 1)

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 07.01.2023 upto 05.00 PM |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:-09.01.2023 upto 04.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag<br>3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5 | Date of opening tender | Date:-10.01.2023 upto 03.00 PM |

2) निम्न ग्रुप संख्या को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।
(1) HZB/SVS_Cluster/BARKATHA-20
2. HZB/SVS_Cluster/BARKATHA-21
3. HZB/SVS_Cluster/BARKATHA-22
4. HZB/SVS_Cluster/BARKATHA-23
5. HZB/SVS_Cluster/BARKATHA-24
6. HZB/SVS_Cluster/BARKATHA-25
7. HZB/SVS_Cluster/ PADMA-37
शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 286803 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला

(क्रीड़ा शाखा)

Email id- sportsgumla@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा

गुमला जिलान्तर्गत संचालित कुल (05) पाँच आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए सरकार के द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरुप पौष्टिक भोजन आदि की व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैटरर/आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदादाता दिनांक–11.01.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक जिला खेल पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में स्वंय अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा जमा करेंगे। जिसे दिनांक–12.01.2023 को अपराह्न 12:30 बजे नया समाहरणालय भवन, गुमला के सभागार में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

नोट :– निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए गुमला जिले के वेबसाईट www.gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी
गुमला

PR 286812 District (22-23)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### अभियान चलाकर खिलायी जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

**रांची।** राज्य के 17 जिलों में 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर एनएचएम, मुख्यालय, नामकुम में गुरुवार को संबंधित जिलों के वेक्टर बोर्न डिजीज (वीबीडी) पदाधिकारी, सलाहकार, कार्यक्रम समन्वयक एवं एफएलए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर बोर्न डिजीज, डॉ अनिल कुमार ने कहा कि 10 से 25 फरवरी 2023 तक फाइलेरिया रोधी दवा की एकल खुराक दवा प्रशासक अपने सामने ही लोगों को खिलाना सुनिश्चित करेंगे।

### द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग संपन्न

रांची। राज्य के बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग गुरुवार को संपन्न हो गई। इस प्रकार प्रथम और द्वितीय चरण की काउंसिलिंग को मिलाकर कुल 18 हजार अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए। सेकंड राउंड की काउंसिलिंग का परिणाम शुक्रवार शाम पांच बजे जारी किया जाएगा। दूसरे राउंड में चयनित हुए अभ्यर्थी 7 से 12 जनवरी तक नामांकन ले सकेंगे। इसे संबंधित विस्तृत जानकारी बीएड काउंसिलिंग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### भगवान बिरसा जैविक उद्यान का बीरू नामक शेर तीन दिन से बीमार

**रांची।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान का बीरू नामक शेर तीन दिनों से बीमार है। बीरू की उम्र लगभग 14 से 15 वर्ष है उसे किडनी और लीवर में संक्रमण है। कांके वेटनरी कॉलेज के मेडिसिन के एचओडी डॉ अभिषेक और जू के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू उसका इलाज कर रहे हैं। एक माह पहले भी बीरू बीमार था, बीरू खाना कम खा रहा है। जांच के लिए सैंपल लेकर लैब भेजा गया है। जू में वर्तमान में दो शेर और दो शेरनी हैं। शेर बीरू के अलावा शशांक, जया और प्रियंका नामक शेरनी हैं।

### अपनी मांगों को लेकर 21 को राजभवन घेरेंगे शिक्षक

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ की ऑनलाइन बैठक गुरुवार को साबिर अहमद की अध्यक्षता में हुई। संचालन करते हुए केंद्रीय महासचिव अमीन ने बताया कि 21 जनवरी को झारखंड प्रदेश शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विभिन्न मांगों के समर्थन में राजभवन के समक्ष धरना दिया जाएगा। इसमें झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ भी शामिल है। धरना को लेकर सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी तैयारियों से अवगत कराया। अमीन अहमद ने बताया कि झारखंड प्रदेश शिक्षक संयुक्त मोर्चा की मांगों के साथ उर्दू शिक्षक संघ की ओर से तीन प्रमुख मांगों को भी शामिल किया जाएगा।

### 2023 के तहत मतदाताओं की संख्या में 2.7 प्रतिशत हुई वृद्धि दर्ज

# जनवरी के अंत तक मिलेगा नया वोटर कार्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में अब मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 45 लाख 29 हजार 841 हो गई है। 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाताओं की संख्या में कुल 2.7 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले प्रारूप प्रकाशन के समय राज्य में मतदाओं की कुल संख्या 2 करोड़ 39 लाख 89 हजार 481 थी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्यभर में चले विशेष ड्राइव में कुल 5 लाख 40 हजार 360 नये मतदाता बने हैं, जिसमें करीब 96.28 प्रतिशत आवेदन ऑनलाईन प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि जनवरी के अंत तक इन नये मतदाताओं को नया




वोटर कार्ड उपलब्ध करा दिया जायेगा। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, सेक्टर 2, धुर्वा स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर 2022 तक चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत 18-19 आयु वर्ग के युवाओं को फोकास किया गया था। पुनरीक्षण के पहले 18-19 आयु वर्ग के कुल 1,69,018 मतदाता थे जबकि अंतिम प्रारुप प्रकाशन में 18-19 आयु वर्ग के 4,33,774 मतदाता हो गये हैं। इस प्रकार पुनरीक्षण अवधि में इस आयु वर्ग के मतदाताओं में 156 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुये 2,64,756 नये युवा मतदाता बने हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि कुल नये मतदाताओं की बात करें, तो पुरुष मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 2,37,872 है, जो लगभग 1.92 प्रतिशत है और महिला मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 3,02,406 है, जो लगभग 2.60 प्रतिशत है। वहीं पुनरीक्षण में मतदाता सूची का लिंगानुपात बढ़कर 946 हो गया है। राज्य में प्रोजेक्टेड पॉपुलेशन के आलोक में 18+ आयु वर्ग के नागरिकों का अनुपात 63.06 है। एढ अनुपात मतदाता जनसंख्या अनुपात के बारे में दशार्ता है, जो कि 18+ की जनसंख्या पर आधारित है। जनवरी 2023 तक अनुमानित जनसंख्या के आधार पर आदर्श ईपी अनुपात 63.06 है। जबकि पुनरीक्षण के पश्चात झारखण्ड का ईपी अनुपात 59.15 हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से राज्य की मतदाता सूची में कुल 9,66,314 फोटो एक जैसे मिले हैं। साथ ही वर्तमान में कुल 19,397 डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्री विद्यमान हैं, जिसे सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराते हुये इसकी जांच एवं सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये इलेक्ट्रल लिट्रेसी क्लब स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।

# पर्यटन स्थल को बदलने में केंद्र सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में धार्मिक स्थल सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल के रूप में सूचीबद्ध किए जाने के खिलाफ जैन समुदाय के विरोध के बाद कांग्रेस ने कहा है कि इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है, जिसने इसे पर्यटन स्थल में बदल दिया। कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष पवन खेड़ा और पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की पिछली भाजपा सरकार और मोदी सरकार ने संयुक्त रूप से गिरिडीह को 20 जैन तीर्थंकरों की 'निर्वाण भूमि' (मोक्ष स्थल) घोषित किया और जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल - 'सम्मेद शिखरजी और पारसनाथ पहाड़ी को एक पर्यटन स्थल में बदलने का फैसला किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी सम्मेद शिखरजी, पालिताना की शत्रुंजय पहाड़ियों, गिरनार पर्वत जैसे जैन धर्म के पवित्र तीर्थस्थलों को सरकारी खजाने को भरने का माध्यम बनाना चाहती है। खेड़ा ने कहा, कांग्रेस पार्टी भारत के संविधान के तहत सभी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, जैन धर्म, 2,500 साल पुराना धर्म, हालांकि जनसंख्या में छोटा है, लेकिन इसने भारत की आर्थिक प्रगति में बहुत योगदान दिया है। ऐसा कहा जाता है कि जैन समुदाय के सिद्धांतों ने महात्मा गांधी की अहिंसा और सत्याग्रह को प्रेरित किया। आज भाजपा -आरएसएस ने उनके साथ विश्वासघात किया है और उनकी भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। कई शहरों में लाखों लोग शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इको सेंसिटिव जोन (ईएसजेड) घोषित करने का मतलब यह नहीं है कि वहां पर्यटन क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता।

# जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने फैलोशिप की राशि दोगुना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश के बेहतरीन बिजनेस स्कूलों में से एक जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट अब केवल पढ़ाई ही नहीं कराएगा बल्कि पढ़ाई के साथ फैलोशिप के पैसे भी देगा। अब फैलोशिप की यह राशि 50 हजार रुपये तक कर दी गयी है। संस्थान की ओर से इसकी घोषणा भी कर दी गयी है। इससे संबंधित नोटिस भी जारी कर दिया गया है। संस्थान ने इसे स्टूडेंट्स के लिए नये साल का तोहफा बताया है। संस्थान ने पहले और दूसरे साल के फैलोशिप की राशि को बढ़ाया है। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को नये साल का तोहफा दिया है। एक्सएलआरआइ से फुल टाइम रेजिडेंशियल डॉक्टरल प्रोग्राम कर रहे स्टूडेंट्स को यह लाभ मिलेगा।



संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टरल प्रोग्राम करने वाले स्टूडेंट्स को 50 हजार रुपये का फैलोशिप दिया जायेगा। संस्थान ने एफपीएम में फुल टाइम डॉक्टरल रेसिडेंशियल का कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को इसका लाभ देने की घोषणा की है। अब तक इस कोर्स के पहले साल के स्टूडेंट्स को जहां हर महीने 20,000 रुपये दिये जाते थे, वहीं इसे बढ़ा कर प्रतिमाह 45,000 रुपये कर दिया गया है। वहीं, दूसरे साल में सभी छात्रों को प्रतिमाह 25,000 रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ा कर 50,000 रुपये कर दिया गया है। संस्थान के मुताबिक एक एफपीएम स्कॉलर को फेलोशिप के साथ आकस्मिक अनुदान दिया जाएगा। चार साल के लिए प्रति वर्ष 30,000 का कंटीजेंसी ग्रांट भी मिलेगा। वहीं चार साल तक सफलता पूर्वक सीक्यूई पूरा होने और एफपीएम चेयर की पूर्व स्वीकृति के साथ विभिन्न कॉन्फ्रेंसों में हिस्सा लेने के लिए 2 l5 लाख रुपये भी मिलेंगे।

### डीसी ने समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की

# कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सभी के लिए इलाज व पोषाहार की व्यवस्था करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, एसीएमओ, सभी एमओआईसी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, सभी सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों



को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को अतिकुपोषित बच्चों की पहचान करते हुए उनके माता-पिता से गृह भ्रमण के माध्यम से संपर्क स्थापित कर समुचित इलाज एवं पोषाहार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने वीएचएसएनडी दिवस पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को वैसे आंगनवाड़ी केन्द्र जिनकी उपलब्धि योजनाओं के क्रियान्वयन में कम है वहां भ्रमण करने को कहा। उपायुक्त द्वारा सभी कुपोषण उपचार केन्द्र में कुपोषित बच्चों को बेड अनुरूप शत प्रतिशत भर्ती कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समन्वय बैठक सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा योजना अन्तर्गत अहत्तार्धारी लाभुकों का लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पोषण ट्रेकर ऐप में शत प्रतिशत डाटा इन्ट्री करने का निदेश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल सर्वे पंजी संधारित करने का निदेश दिया।

# रिम्स में ट्रॉलीमैन व सुरक्षा गार्ड की हड़ताल से मरीजों को परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में सिक्योरिटी गार्ड और ट्रॉलीमैन की हड़ताल के कारण चिकित्सा व्यवस्था पटरी से उतर गई है। इस हॉस्पिटल में हर रोज ढाई से तीन हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। गंभीर मरीजों को ट्रॉली, स्ट्रेचर पर वार्ड, डॉक्टर्स और आवश्यक टेस्ट के लिए अलग-अलग डिपार्टमेंट में पहुंचाने की जिम्मेदारी ट्रॉली मैन पर होती है। बुधवार से चल रही इनकी हड़ताल से मरीजों की जान पर बन आई है। पिछले 24 घंटों के अंदर समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण तीन गंभीर मरीजों ने एंबुलेंस में दम तोड़ दिया। इन मरीजों को सही वक्त पर वार्ड या डॉक्टर के पास पहुंचा दिया जाता तो उनकी जान बच सकती थी। रिम्स में सिक्योरिटी गार्डो और ट्रॉलीमैन की संख्या 378 है। इन्हें पिछले चार-पांच महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। इस बीच इन्हें हॉस्पिटल से हटाए जाने की सूचना दी गई है। इससे नाराज होकर इन्होंने बुधवार से हड़ताल शुरू कर दी है। इस वजह से चिकित्सा व्यवस्था इस तरह बेपटरी हुई है कि पिछले दो दिनों में लगभग पांच सौ मरीजों को रिम्स से इलाज के बगैर वापस लौटना पड़ा या प्राइवेट हॉस्पिटल में दाखिल होना पड़ा है। मरीजों के परिजन खुद से ट्राली खींच रहे हैं। जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। सही जगह पर पहुंचने में उन्हें काफी समय लग रहा है। रिम्स में तीन शिफ्टों में 70 ट्रालीमैन को ड्यूटी में लगाया गया था। अभी इनमें से एक भी ट्रालीमैन ड्यूटी में नहीं है। इस बीच गुरुवार को हड़ताली सिक्योरिटी गार्डो के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स गवर्निंग बॉडी के प्रेसिडेंट बन्ना गुप्ता से मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी बात सुनने के बाद 10 जनवरी तक मामले के समाधान का आश्वासन दिया है।

### झारखंड आर्म्ड फोर्स ने मनाया अपना 143वां स्थापना दिवस

**रांची।** नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा लेना हो या फिर झारखंड के माननीयों की सुरक्षा की जिम्मेवारी। यह कार्य कई दशकों से झारखंड आर्म्ड फोर्स के जवान पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। वीआईपी सुरक्षा को लेकर सबसे विश्वसनीय फोर्स माने जाने वाले झारखंड आर्म्ड फोर्स वन अपना 143वां स्थापना दिवस मनाया गया। जैप ग्राउंड में स्थापना दिवस समारोह बड़े भव्य तरीके से मनाया गया है। शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि देकर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समारोह के मुख्य अतिथि जैप के अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत सिंह ने गोरखा बटालियन के गौरवशाली इतिहास को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जैप वन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है। बटालियन के वीर जवानों ने हमेशा अपनी शहादत देखकर जैप वन का नाम बुलंद किया है।

# ओबीसी को निकाय चुनाव में मिले आरक्षण : मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कमेटी सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को गुलदस्ता व फूल माला पहनाकर नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। तथा स्वास्थ्य मंत्री से प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने राज्य में सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई कर आगामी नगर निकाय चुनाव कराने की मांग की।इस मांग पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को आश्वस्त किया की आप की मांग को हम माननीय मुख्यमंत्री तक भेजकर ट्रिपल टेस्ट की कार्यवाही पूरी कराऊंगा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरी करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में किए गए आंदोलन की लंबी फेहरिस्त से अवगत कराया। दूसरे तरफ मध्य प्रदेश की सरकार ने ओबीसी समुदाय को आरक्षण देकर पंचायत व नगर



निकाय चुनाव कराया और उत्तर प्रदेश की सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय ओबीसी के आरक्षण बिना चुनाव कराने के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में जाकर इसे स्टे कराकर ओबीसी को आरक्षण देकर चुनाव कराने का निर्णय लिया है। वही इसी माह बिहार के गठबंधन सरकार ने ओबीसी को नगर निकाय चुनाव में आरक्षण देकर चुनाव संपन्न करा लिया है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर झारखंड में भी अगला नगर निकाय चुनाव ओबीसी के आरक्षण देने के बाद ही कराने का पूरा प्रयास करूंगा। स्वास्थ्य मंत्री को नववर्ष की शुभकामना और ट्रिपल टेस्ट कार्रवाई मांग करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा उमेश जायसवाल वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र साहू प्रदेश महासचिव अजय मेहता प्रदेश सचिव शत्रुघ्न राय ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा अभय प्रसाद खुशियाल साहू शेख इंतजाम अली शेख शमीमा अली राम लखन साहू का नाम शामिल है।

### दो दिवसीय फुटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**रांची।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिनी फुटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हाई स्कूल लांदुपडीह मैदान में किया गया। फुटबॉल में आठ टीम और वॉलीबॉल में चार टीम ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। फुटबॉल टूर्नामेंट में युवा मंडल क्लब लांदुपडीह विजेता और युवा विकास क्लब धर्मराज उपविजेता बना। वहीं वॉलीबॉल में नेहरू युवा क्लब लांदुपडीह विजेता और युवा इलेवन क्लब बांधडीह उप विजेता बना। खेल के मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र के निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रमेश सिंह मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह मुंडा, पूर्व शिक्षक हिकिम सिंह मुंडा, राजेश्वरी देवी आदि मौजूद थे। खेल को सफल बनाने में खेल शिक्षक बिंदेश्वर महतो, उमाकांत स्वांसी, विवेक कुमार, कंचन कुमारी आदि का योगदान रहा।

### सुविधा | राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्व में लोगों को किया जा रहा है जागरूक

# लोग नि:शुल्क ले रहे हैं स्वास्थ्य सुविधा

**नवीन मेल संवाददपाता**

**रांची।** राष्ट्रीय खादी सरस महोत्सव में सरकारी स्टाल के माध्यम से लोगों को किया जा रहा है जागरूका, जिसमें आरबीआई के तरफ से वित्तीय साक्षरता जागरूकता एवं वित्तीय हानि के बारे में लोगों को बताया जा रहा है । मेले परिसर में आधार कार्ड की भी सुविधा दी जा रही है। सदर हॉस्पिटल रांची के तरफ से फ्री हेल्थ सुविधा उपलब्ध है, जिसमें शुगर जांच, ब्लड प्रेशर एवं फ्लेरिया और मलेरिया के रोकथाम और बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों की सुविधा के लिए कोविड-19 के सभी टीके नि:शुल्क लगाए जा रहे हैं। इसके लिए आपको अपना आधार अपने साथ रखना है। ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रति



लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डाक जीवन बीमा द्वारा स्टॉल भी मेले परिसर में लगाया गया है। औषधीय पौधों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वन विभाग के तरफ से लोगों को औषधीय पौधों के बारे में बताया जा रहा है, साथ ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे अपने घरों और आसपास लगाने की प्रेरणा दी जा रही है। पौधे लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं भारतीय संचार निगम लिमिटेड के द्वारा मेले के शुभ अवसर पर सस्ती सिम मुहैया कराया जा रहा है। यहां पर मिल रही सुविधाएं इस प्रकार है आधार कार्ड को लेकर जागरूक किया जा रहा है एवं आधार कार्ड में हुई त्रुटि को सुधार किया जा रहा हैै यह सुविधा स्टाल संख्या 1 और 2 पर उपलब्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा लोगों को वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय हानि से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है इसकी सुविधा आप मेले परिसर में सरकारी स्टॉल संख्या तीन पर ले सकते हैं। भारतीय डाक विभाग के द्वारा ग्रामीण डाक जीवन बीमा और सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में बताया जा रहा है । यह सुविधा मेला परिसर में सरकारी स्टाल संख्या 4 पर उपलब्ध है। सदर हॉस्पिटल रांची के तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य चेककप जिसमें ब्लड प्रेशर एवं शुगर का जांच किया जा रहा है एवं मलेरिया और फलेरिया के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसकी सुविधा आप स्टाल संख्या 15 और 16 पर ले सकते हैं।

### फर्जी राशन कार्डधारियों पर सरकार शख्त, चलेगा 420 का मुकदमा

रांची। राज्य में फर्जी रुप से राशन कार्ड बनाकर गरीबों का सरकारी राशन खाने वाले लाभुकों पर सरकार धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज करायेगी। इसकी शुरूआत राजधानी रांची से होगी, जिसको लेकर रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पिछले दिनों बैठक कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आदेश दिया है। रांची डीसी द्वारा मिले आदेश के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने इस दिशा में कदम उठाते हुए सभी प्रखंडों को प्रारंभिक चरण में पांच-पांच ऐसे फर्जी राशन कार्डधारियों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।क्या है मामलाः दरअसल गरीबों को मिलने वाले सरकारी राशन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने की शिकायतें डीसी के पास आती रहती हैं। जिसपर संज्ञान लेते हुए डीसी ने जिलास्तर पर बैठक के दौरान यह पाया कि रांची में करीब 9 हजार ऐसे राशन कार्डधारी हैं।

### बीएयू में संख्यिकीय टूल्स के प्रयोग पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

# स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति जरूरी : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कहा है कि वैज्ञानिक निष्कर्ष निकालने में सांख्यिकी की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि सांख्यिकीय टूल्स बड़े डाटा सेट को प्रभावी ढंग से मैनेज करते हैं और डाटा प्रोसेसिंग आसान हो जाता है। कुलपति ने बृहस्पतिवार को रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय में 'स्टैटिसटिकल पैकेज फॉर सोशल साइंसेज (एसपीएसएस) सॉफ्टवेयर के प्रयोग द्वारा बेसिक डाटा एनालिसिस' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसपीएसएस सॉफ्टवेयर संख्यात्मक और गुणात्मक दोनों प्रकार के डाटा के लिए उपयोगी है तथा विश्वसनीय एवं त्वरित उत्तर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय




में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षकों और अवकाश प्राप्त शिक्षकों को मिलकर संकाय में स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति का मार्ग सुगम बनाने का प्रयास करना चाहिए। प्रसिद्ध पशु आनुवंशिकी विशेषज्ञ और बीएयू के पूर्व अनुसंधान निदेशक डॉ. डीके सिंह द्रोण ने कहा कि डाटा प्रसंस्करण और विश्लेषण के लिए बहुत से अच्छे स्टैटिसटिकल सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं, सही निष्कर्ष के लिए शोधार्थियों को अपने शोध प्रयोगों की डिजाइनिंग बहुत सावधानी से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के नए शिक्षकों और वैज्ञानिकों को सांख्यिकीय प्रशिक्षण के लिए भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली भेजा जाना चाहिए तथा पशु आनुवंशिकी विभाग को ऐसी कार्यशाला नियमित रूप से आयोजित करनी चाहिए। पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ. सुशील प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पशु आनुवंशिकी विभाग के मॉलिक्यूलर एवं साइटोजेनेटिक्स प्रयोगशाला को शीघ्र ही फंक्शनल बनाया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है।

NEWS इन ब्रीफ

## कोलेबिरा पुलिस ने चलाई सघन वाहन चेकिंग अभियान

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक सिल्वेस्टर केरकेट्टा के नेतृत्व में कोलेबिरा पुलिस प्रशासन के द्वारा कोलेबिरा के विभिन्न चौक चौराहों पर अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया वाहनों के डिक्की, वाहन के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट आदि चेकिंग किया गया। बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों एवं बिना कागजात वाले चालकों के उप्पर चालान भी काटा गया साथ ही चालकों को शक्त हिदायत भी दिया गया। अपराध नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा को लेकर मुख्य रूप से कोलेबिरा थाना के एस आई सिल्वेस्टर केरकेट्टा, ए एस आई कौशल किशोर सिंह, हरेंद्र सिंह के अलावा पुलिस जवान उपस्थित थे।

## भवनाथपुर बीडीओ ने सभी डीलरों के साथ की बैठक

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयपाल महतो ने प्रखंड के सभी डीलरों के साथ बैठक की गई। बीडीओ ने सभी जन वितरण प्रणाली के डीलरों से कहा कि जनवरी से लाभुकों को फ्री राशन देना है पैसा नहीं लेना है। कहा कि अपने-अपने दुकान की लाभुक सूची से मृत लाभुकों का नाम अविलम्ब हटायें। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों के नाम से लाइसेंस प्राप्त है वे ही दुकानदार दुकान संचालित करें। जो भी डीलर द्वारा लाभुकों को राशन नहीं देने की शिकायत मिलती है तो उनके पर कार्रवाई कि जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोणमंडरा गांव निवासी मनीष दूबे पिता रामाकांत दूबे सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मनीष कुमार दूबे अपनी मोटरसाइकिल से श्रीबंशीधर नगर से भवनाथपुर आ रहा था। इस दौरान छहमइलवा के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में मनीष कुमार दूबे के सिर व चेहरे में गंभीर चोट लगी है।

## बाइक से गिरकर दंपती घायल

**गढ़वा।** जिले के नवादा बिंद टोला निवासी विवेक राम पिता रामवृक्ष राम व उनकी पत्नी रेखा देवी गुरुवार को मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए। सदर अस्पताल में घायल दंपती का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार विवेक राम अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से गढ़वा बाजार की ओर जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल से साइड लेने के क्रम में असंतुलित होकर विवेक राम की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें पति पत्नी घायल हो गए।

## मारपीट की घटना में एक घायल

**गढ़वा।** डंडा थाना क्षेत्र के छप्परदगा गांव निवासी रमेश चंद्रवंशी उसकी पत्नी निर्मला देवी उसकी पुत्री रीता देवी एवं पूनम कुमारी मारपीट की घटना में घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया है। घटना के संबंध में रमेश चंद्रवंशी ने बताया कि उसके गांव के बृज किशोर चौधरी की पुत्री किसी के साथ घर से भाग गई थी। इसी बात को लेकर पूनम कुमारी पर उस लड़की का भगाने का आरोप लगाकर अजय चौधरी, आलोक चौधरी, बिहारी चौधरी, श्यामलाल चौधरी, रामनाथ चौधरी, मनदीप चौधरी उसे मारपीट कर रहा था। इसी दौरान रमेश चंद्रवंशी निर्मला देवी रीता देवी आदि ने उसे बीच बचाव करने का या तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया घटना के बाद रमेश चंद्रवंशी ने डंडा थाना में के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### युथ कांग्रेस के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री

# मोदी सरकार की नाकामी लोगों तक पहुंचाएं: आलमगीर आलम

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड ।** यूथ कांग्रेस का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पाकुड़ प्रखण्ड के विक्रमपुर मैदान में हुआ। कार्यकर्ता सम्मेलन में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज झारखण्ड प्रभारी दीनबंधु शर्मा एवं राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित दर्जनों पार्टी के नेताओं ने संबोधित किया।बतौर मुख्य वक्ता अपने सम्बोधन में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जब जब युवा शक्ति जागा



देश मे परिवर्तन हुआ। आने वाला भविष्य युवाओं का है। उन्होंने कहा कि देश मे व्यवस्था परिवर्तन के लिए युवाओं को आगे आना होगा।ग्रामीन विकास मंत्री ने कहा कि देश को जगाने एवं नफरत को भगाने का अभियान है राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गयी भारत जोड़ो यात्रा। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने सम्मेलन में मौजूद हजारों कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए भारतीय जनता पार्टी एवं केंद्र की मोदी सरकार की नाकामियों को लोगो तक पहुंचाने की अपील की। आलमगीर ने कहा कि केंद्र में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में महंगाई बेरोजगारी बढ़ी है।इतना ही नही सवैधानिक ढांचे पर भी हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी अंगड़ाई ले रही है जो 2024 में परिवर्तन लाने का काम करेगी। मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि देश मे बेरोजगारों की फौज खड़ा करने, नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का काम मोदी शासनकाल में हो रहा है और इसे बेनकाब करने के लिए युवा कार्यकताओं को आगे आना होगा।

## चार मोटरसाइकिल के साथ दो धराये

**पाकुड़।** पुलिस ने छापेमारी कर अंतरराज्जीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का उद्द्भेदन करने में सफलता पायी है। पुलिस अधीक्षक दीप पी जनार्दनन के निर्देश पर गठित एसआईटी में शामिल पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार मुफ़्सील थाना प्रभारी मिंटू भारती सहित पुलिस अधिकारियों ने चोरी का चार मोटरसाइकिल के साथ गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बाइक चोर सरीफुल सेख उर्फ चटनी पश्चिम बंगाल के शमशेरगंज एवं मनिरुल सेख पाकुड के मनिरामपुर का रहने वाला है। चोरी के बाइक जब्त होने एवं दो चोरों के गिरफ्तार होने की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार विमल ने पत्रकार सम्मेलन कर दी। धराये चोरों ने गिरोह में शामिल पश्चिम बंगाल एवं साहिबगंज जिले के बरहरवा के अपने साथियों का नाम बताया है जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

# कोलेबिरा के दो पंचायत में धान अधिप्राप्ति केंद्र की शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत चयनित धान अधिप्राप्ति केंद्र की शुरूआत किया गया जिसमें प्रखंड के शाहपुर पंचायत और नवाटोली पंचायत में हुआ।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग ने लैंपस केंद्र में फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सभी किसानों के उगाए गए धान को अच्छी मूल्य पर खरीदारी के लिए धान अधिप्राप्ति की शुरूआत की है। जहां पर उनके लक्ष्य आधारित मूल्य मिल रहे हैं और इससे किसान अधिक से अधिक मुनाफा ले सके उन्हें आसपास के सभी किसानों को लैंप्स धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान की बिक्री करने की बात कही जिससे कि उन्हें आर्थिक लाभ हो सके ।साथ ही उन्होंने कहा जहां



पर भी अभी तक खरीदारी शुरूआत नहीं हुई है उन जगहों पर भी जल्द से जल्द विभाग से बात करते हुए शुरूआत की जाएगी मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार, शाहपुर मुखिया, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरॉम, सीओ हरीश कुमार, कल्याण पदाधिकारी हृदयनाथ पांडेय, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, नेल्सन सुलभ, अशोक इंदवार, विनोद कुमार आदि मौजुद थे।

# जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर झामुमो की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा परिसदन भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में गुरुवार को मुख्यमंत्री के 23 जनवरी की खतियानी जोहर यात्रा के तैयारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने खतियानी जोहर यात्रा के सफलता के लिए विभिन्न विन्दुओं पर चर्चा की और खतियानी जोहर यात्रा की तारीफ करते हुए कहा - झारखंड के आम जन-मानस का झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति लगाव एंव अभूतपूर्व उत्साह के कारण खतियानी जोहर यात्रा का प्रथम चरण ऐतिहासिक रूप से सफल रहा पार्टी कार्यकताओं के साथ-साथ सिमडेगा की जनता भी दूसरे चरण के खतियानी जोहर यात्रा को लेकर काफी उत्साहित है। इस दौरान आयोजित होने वाली सभा में सिमडेगा जिला के सभी प्रखण्डों से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्थानीय लोग शामिल होंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता बाजार ग्रामीण क्षेत्रों में इसका जोर-शोर से प्रचार प्रसार करें ताकि मुख्यमंत्री का आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत किया जा सके। उपाध्यक्ष अनिल तिर्की ने कहा -पूर्व की भाजपा सरकार ने सिर्फ प्रचार पर पैसा खर्च किया है झारखंड मुक्ति मोर्चा जमीन से जुड़ी पार्टी है।इसके नेता झारखंड की माटी के नेता हैं। बिना प्रचार किए सरकार काम करने में विश्वास रखती है पैसा को विकास कार्य में लगा कर उसका सदुपयोग किया जा रहा है।

# हाथी प्रभावित गांव में सोलर लाइट लगायेगा वन विभाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में कुल 92 गांव को हाथी प्रभावित गांवों की श्रेणी में रखा गया है। इन गांवों को हाथियों के आतंक से बचाने के लिए वन विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। वन विभाग द्वारा इसी माह हाथी प्रभावित गांवों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाया जाएगा। ताकि रात के समय भी इन गांवों में उजाला रहे। जिसे हाथी गांव तक नहीं पहुंच सके। विभाग ने इसके लिए गांव भी चिंहित कर लिया है। डीएफओ अरविंद गुप्ता की मानें तो हाथी प्रभवित कुल 92 गांवों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने की योजना है। इन 92 गांवों में कुल 470 सोलर लाईट लगाया जाएगा। इन सोलर लाईटों का देखरेख ग्रामीणों द्वारा ही किया जाएगा। ताकि सोलर स्ट्रीट लाईट ज्यादा दिनों तक जल सके। उन्होंने बताया कि जिले के पांच रेंज में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाया जाएगा। जिनमें बानो, बोलबा, सिमडेगा, कोलेबिरा और कुरडेग शामिल है। बताया गया कि सर्वे में पाया गया है कि हाथियों का झुंड उसी गांव को ज्यादा टारगेट करते हैं। जहां अंधेरा रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए सोलर लाईट लगाने की योजना बनी है। ताकि बिजली नहीं रहने पर भी इन गांवों में लाईट जलता रहे।डीएफओ अरविंद गुप्ता ने बताया कि सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने में कुल 16,33,250 रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोलर स्ट्रीट लाईट 3,475 रुपए की लागत से लगेगी।

### सब इंस्पेक्टर ने एसएस स्कूल पहुंचकर बच्चों को दिए टिप्स

# बेहतर शिक्षा से ही भविष्य संवरेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर प्रखंड के बानो एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एस आई मणि भूषण पासवान के द्वारा बच्चों को पढ़ाया गया। कक्षा के छात्र एवं छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें निरंतर प्रयास ही सफलता का एकमात्र मूल मंत्र दिया गया। सब इंस्पेक्टर मणि भूषण पासवान ने बच्चों को छुट्टी के समय किस प्रकार से पढ़ाई में ध्यान देने को लेकर गुरुमंत्र दिए। पुलिस अंकल ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया की अभी आप सभी बच्चों के पास पढ़ने-लिखने का समय है इस समय को नही गवांना है आप सभी मन लगा के पढ़ें और आगे बढ़ें। आज आप सही से पढ़ाई



लिखाई करेंगे तो आप लोगों में ही कोई पुलिस बनेंगे, कोई प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोई शिक्षक, कोई आईएस ऑफिसर, तो कोई आईपीएस ऑफिसर भी बन सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको मेहनत करनी होगी। आपको अच्छे से पढ़ाई लिखाई करना होगा। साथ ही किस तरह से परीक्षा की तैयारी करना है, कौन सा बुक इसके लिए बेहतर होगा, किस तरह से पढ़ाई करना होगा इन सभी चीजों की भी जानकारी दी गई। उन्होंने ने कहा कि पुलिस अंकल ट्यूटोरियल हर संभव आपके मदद के लिए तत्पर है। परीक्षा को देखते हुए विद्यार्थियों से विद्यालय रेगुलर आने के लिए कहा गया क्योंकि वार्षिक परीक्षा अब कुछ दिन ही बाकी रह गया है। पुलिस अंकल ट्यूटोरियल हर संभव प्रयास कर रही है ताकि विद्यार्थी अच्छे से अच्छे अंक लाकर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी इस तरह के पुलिस अंकल ट्यूटोरियल की सराहनीय पहल को देखकर खुशी जाहिर की तथा उन्होंने सभी बच्चों को कहा कि इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इनका पालन करें। बच्चो ने उनका धन्यवाद दिया।

# महिला मंडल समूह की दीदियों को मशरूम खेती का मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय के समीप महिला विकास मंडल कार्यालय में जेएसएलपीएस द्वारा प्रखंड क्षेत्र के 50 महिला मंडल समूह के दीदियों को मशरूम खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया। महिला मंडल समूह की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मशरूम उत्पादन करने के लिये महिला विकास मंडल कार्यालय में जेएसएलपीएस के माध्यम से लोहरदगा के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर राकेश रंजन द्वारा मशरूम खेती करने के विषय मे महिलाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान खेत तैयार कर बीज को अंकुरित करने के उपरान्त खेती करने का विधि को सूक्ष्मता से बताया गया। वही कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर राकेश रंजन ने बताया कि मशरूम का माँग बाजार में बहुत



अधिक है। जिसे कम मेहनत से मशरूम खेती कर महिलाएं आसानी से आय में वृद्धि कर सकती हैं। और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। मौके पर जेएसएलपीएस के जयन्त कंडुलना,सज्जाद अन्सारी, राजकपूर भगत, इन्दू देवी, प्रदीप महली के अलावे शिला देवी, बिमला कुजूर, सरस्वती देवी, मीना देवी, देवन्ती देवी, रीना देवी सहित सैकड़ों महिलाएँ शामिल थीं ।

### सीएफपी का उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

# गांव के विकास लिए योजनाएं अहम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला में मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित क्लस्टर फैसिलिटेशन परियोजना (सीएफपी) का एक दिवसीय उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण सत्र का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा किया गया। इसमें प्रतिभागी के रूप में परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा एवं भंडरा, सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं मल्टी आर्ट एसोसिएशन और विकास भारती सीएसओ के ब्लॉक थेमैटिक एक्सपर्ट शामिल हुए। कार्यशाला का प्रशिक्षण सत्र का क्रियान्वन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एनआरएम एवं डिस्ट्रिक्ट जीआईएस एक्सपर्ट, लोहरदगा ने




पूरा किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने परियोजना के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला और परियोजना के उद्देश्य को बताते हुए सरकार के सकारात्मक निर्णय की प्रशंसा की, कहा कि ग्रामीण परिवेश के विकास लिए यह योजना सहायक सिद्ध हो सकती है यदि टीम के रूप में संगठित होकर एक लक्ष्य के लिए कार्य किया जाय। कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने वाले ट्रेनर ने प्रतिभागियो के साथ सीएफपी के मुख्य उद्देश्य, झारखंड के ग्रामीण परिवेश में वर्षा के जल को संरक्षित कर इसका उपयोग पूरे वर्ष करने, वर्षा जल संरक्षण के विभिन्न तकनीक एवं आधुनिक कृषि की तकनीक के बारे में जानकारी देना, मनरेगा के परिप्रेक्ष्य में रोजगार, एसेट (परिसंपत्ति), सामाजिक स्तर, आर्थिक स्तर एवम साथ ही जीविका उपार्जन के साधन का विकास करने, वर्षा जल संरक्षण, मनरेगा से निर्मित सभी परिसंपित्तियों/योजनाओं का जीआईएस बेस्ड प्लानिंग आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

# सड़क सुरक्षा के तत्वावधान में चला जागरुकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा द्वारा हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गुरदारी, गुमला में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान हिंडालको कंपनी के सभी चालक, मैनेजर, सहचालक, स्टाफ, वर्कर एवं कर्मी को वीडियो क्लिप्स एवम पी.पी.टी के माध्यम से होने वाली दुर्घटना के बारे में बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं लोगों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी सभी चालक, मैनेजर,सह चालक, स्टाफ,वर्कर, एवं कर्मी के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। सभी चालक, मैनेजर,सह चालक,स्टाफ,वर्कर, एवं कर्मी से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, एवं रोड एनालिस्ट प्रनय कांसी, एवं आई रैड के रामानंद महाराज, व अन्य शामिल थे।

### हिदायत | नप दुकानों के किराएदार 11 से पहले कर लें इकरारनामा

# डोर-टू-डोर जाकर को दी गयी हिदायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर गुरुवार को निकाय के उड़नदस्ता दल ने निकाय के स्वामित्व वाली दुकानों के आवंटियों या किरायेदारों के पास डोर-टू-डोर जाकर अविलंब बकाया राशि जमा करने तथा नये सिरे से इकरारनामा करा लेने हेतु प्रेरित किया।

### 137 दुकानें शहर के अलग-अलग इलाकों में निर्मित हैं

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर परिषद की 137 दुकानें शहर के अलग-अलग इलाकों में निर्मित हैं, जिन्हें पूर्व से ही किराए पर दिया हुआ है। ये दुकानें बस पड़ाव, पुराना नगर पंचायत भवन, टंगरा मार्केट, जशपुर रोड आदि इलाकों में अवस्थित हैं। किंतु ज्यादातर आबंटियों के इकरारनामा का समय भी समाप्त



हो चुका है, उसके बावजूद भी लोग कब्जा किए हुए हैं। ऐसे लोगों को आखिरी मौका देते हुए 11 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है। लोग इस निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व नगर परिषद के साथ इकरारनामा संपादित कर सकते हैं। बताया कि 11 जनवरी तक इकरारनामा नहीं करने वालों के मामले में यह मान लिया जाएगा कि वे लोग विधिक रुप से दुकान का आवंटन बरकरार रखने में इच्छुक नहीं है और ऐसे में उनके पूर्व के आवंटन को रद्द करते हुए नए सिरे से दूसरे लोगों के बीच दुकान आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

बताया कि कई ऐसे भी मामले प्रकाश में आए हैं जहां मूल आवंटी ने खुद को आबंटित दुकान अपने पास न रखकर किसी दूसरे किराएदार को दे रखी है, तथा अवैध रूप से खुद किराया वसूल रहे हैं। यद्यपि ऐसा करना इकरारनामा के नियमों के विरुद्ध है अतः ऐसी स्थिति में आवंटन ही रद्द हो जाना चाहिए किंतु नगर परिषद की पिछली बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में जिन दुकानों में जिसका कब्जा है चाहे वे मूल आवंटी हों या उनके अवैध किराएदार, वर्तमान कब्जाधारी के नाम से ही नगर परिषद इकरारनामा करेगा।

# बीरु एवं तुमडेगी में मरीजों के बीच बांटी गयी पोषण कीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को समुदाय मदद कार्यक्रम के तहत जिला में चिन्हित यक्ष्मा मरीजों को पोषण आहार वितरण की जा रही है। इसी के साथ गुरुवार को सिमडेगा के बीरु एवं तुमडेगी में निक्षय मित्र उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार के द्वारा एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पीपी शाह द्वारा छः मरीज जिसमें जितेंद्र ग्वाला,पूनम देवी,सुमंत राम एवं सुनील बा,मोनो प्रधान, एवं अनूप लकड़ा के बीच पहली एवं दूसरी मासिक पोषण कीट की वितरण किया बताया गया उक्त कीट के अंदर आटा चावल 3 किलो दाल 2 किलो खाद्य तेल 250 ग्राम दूध पाउडर 1 किलो शामिल है। मौके पर यक्ष्मा पदाधिकारी पीपी साह ने कहा क्षमा मरीजों को स्वास्थ्य करने के लिए लगातार यह कदम उठाया जा रहा है ताकि उन्हें पोषण की कमी ना हो और वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो उनका कि हमारा



उद्देश्य है कि जिला को टीबी मुक्त बनाया जाए और इसी उद्देश्य के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मरीजों को जागरुक करते हुए कहा कोई मरीज से भेदभाव ना हो उन्हें समय पर दवा खिलाया जाए ताकि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके उनका स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि सभी मरीजों का पहचान कर उन्हें ठीक करें इस मौके पर मुख्य रूप से रेजिना सोरेंग इंदु बाला कुल्लु, सीएचओ, संतोष कुमार पंडा और देवेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## रेस परियोजना के तहत पंचायत स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**कोलेबिरा।** लीड्स द्वारा संचालित रेस परियोजना के तहत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन लचरागढ़ पंचायत सचिवालय में हुआक कार्यक्रम का सुभारम्भ परियोजना के प्रखंड समन्वयक मनीष कुमार सिंह ने परियोजना के उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दीक वही पर परियोजना के जिला प्रबंधक नरेन्द्र मिश्रा ने सौर उर्जा के विभिन कारको को एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओ के बारे में जानकारी दिया क्पंचायत की मुखिया जिरेन मडकी ने परियोजना को सराहा और यथा संभव परियोजना के साथ मिल कर स्वच्छ उर्जा तक ग्रामीणों की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए मिल कर प्रयास करेंगेक इस कार्यक्रम में मुख्यतः पचायत सचिव सुदर्शन जोजो, पंचायत प्रतिनिधि उपमुखिया निलय प्रेम तिर्की, वार्ड सदस्य सिंचित जोजो, भागीरथ साहू, ऐलिस होबो, नेहा बड़ाइक के साथ ग्रामीणों एवं एस एच जी ने भाग लियाक कार्यक्रम को सफल बनाने में लालबहादुर सिंह का मुख्य भूमिका रहा।

NEWS इन ब्रीफ

### हजारीबाग में सर्दी के सितम से लोग परेशान

**हजारीबाग।** पिछले 1 सप्ताह से हजारीबाग शीतलहर की चपेट में है। लोगों को ठंडी हवा कंपकंपा रही है। ठंड से लोग परेशान हैं। कंबल और रजाई के अंदर भी कपकपी महसूस हो रही है। पिछले 3 दिनों से धूप नहीं निकलने के कारण स्थिति और खराब हो गई है। लोगों की दिनचर्या बदल गई है। ठंड के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। बुधवार को हजारीबाग में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आने वाले दिनों में तापमान 3 डिग्री तक जा सकता है। कोहरे के कारण हजारीबाग में विजिबिलिटी 40 मीटर रही। इधर ठंड को देखते हुए उपायुक्त ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर में भीड़ भाड़ इलाकों में अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

### युवक का शव मिला हत्या की आशंका

**हजारीबाग।** जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र स्थित कैनेरी हिल के पास संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान सिंदूर पंचायत के लोकेश्वर प्रजापति के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने लोकेश्वर प्रजापति का शव झाड़ियों से बरामद किया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### वार्ड नंबर 32 अंतर्गत कुरुम में कंबल वितरण



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 अंतर्गत कुरुम गांव में बढ़ती ठंड को ध्यान में रखकर स्वर्गीय गोपी राम अग्रवाल जी की स्मृति में उनके पौत्रों के द्वारा गुरूवार को अनेकों महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी अमित साहू उपस्थित थे। कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गोपी राम अग्रवाल के स्मृतियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वर्गीय गोपी राम रामगढ़ के प्रखर समाजसेवियों में से एक थे। आज उनके पोत्रों राहुल अग्रवाल और मनीष अग्रवाल उनके स्मृतियों को आगे ले जा रहे हैं जो बहुत ही गौरव की बात है। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अशोक सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### 30 दिवसीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गैड़ा पंचायत भवन में उद्यमी कल्याण शिक्षण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही तीस दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं और पुरुष लोगों का उपचार कर सकेंगे व बिमारियों से बचने हेतु लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी,मुखिया सुमन देवी, उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि श्याम प्रसाद साव,पंसस सोनीया कुमारी,वार्ड सदस्य शाहनाज बेगम,पंसस प्रतिनिधि अर्जुन पासवान, दुर्गा चौधरी,बीरेंद्र यादव,महेश यादव,अमरदीप पांडेय, किशोर मोदी,चरकु राणा, तनुजा देवी, बेबी देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# खबर का असर : प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर प्रशासन ने करवाई अलाव की व्यवस्था




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड में शीतलहर का प्रकोप जारी है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने बुधवार के अंक में पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य के अलाव के मांगो को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार रजक एवं सीओ अरविंद देवासीश टोप्पो ने प्रखंड के विभिन्न स्थलों पर गुरुवार से नियमित अलाव व्यवस्था प्रारंभ करवाया। जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि गुरुवार को बरही चौक, बाजार, बस स्टैंड, हॉस्पिटल, करियातपुर चौक, बरसोत चौक, रसोईया धमना मोड, देवचंदा मोड आदि जगहों पर अलाव की व्यवस्था करवाई जा चुकी है। जो नियमित आगे भी जारी रहेगा। इसके लिए अंचल कार्यालय की ओर से वाहन व्यवस्था कर विभिन्न जगहों पर देर संध्या तक लकड़िया गिराने का काम किया जा रहा था। इस दौरान बरही पश्चिम पंचायत समिति सदस्य भी मौजूद रहे।

#### ठंड से घरों में दुबके लोग, शीतलहर, अलाव की मांग

**शीतलहर** का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। ठंड के कारण सुबह देर से और शाम के पहले ही लोग अपने घरों में दुबके नजर आ रहे। दिन भर सूर्य की किरणें देखने को नहीं मिल रहे। ठंड हवाओ ने लोगो को बेहाल कर रखा है। बावजूद अब तक बरही के विभिन्न चौक चौराहों पर प्रशासन के द्वारा किया जाने वाला अलाव की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी राहगीरों को हो रही है। संबंधित मामलों को लेकर पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र



कुमार दिव्य ने स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों से जनहित में अति शीघ्र अलाव व्यवस्था करवाने की मांग की है।

#### तिसासे ने प्रारंभ प्रखंड के विभिन्न स्थलों अलाव की व्यवस्था

**बढ़ते** शीतलहर को देखते हुए तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू की निगरानी में सेना के कार्यकर्ताओ ने प्रखंड के विभिन्न स्थलों पर बुधवार को अलाव की व्यवस्था किया। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी बबलू साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम फिलहाल आगे भी जारी रहेगा। केंद्रीय अध्यक्ष ने बताया कि दिलेश्वर साहू सेना जनता के हर सुख दुख में कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है ऐसे भी फुटकर विक्रेताओं और राहगीरों हेतु जगह जगह पर अलाव की हेतु लकड़ी के व्यवस्था करवाई जा रही है। जिससे ठंड से राहत दिलावाया जा सके। इस कार्य में सेना का कार्यकर्ताओं ने पूरी तन्मयता



से साथ दिया है। बुधवार को अलाव व्यवस्था करने में बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मीडीया प्रभारी बबलू साहू, सन्नी गुप्ता, रवि साहू, अशोक साहू, राहुल केसरी, कारू ठठेरा, महेन्द्र केसरी, बाबू मधेशिया, अनिल निषाद, मिटकु केसरी, पप्पू खान, श्याम निषाद, शंकर निषाद आदि सैकडों कई लोगो ने सार्थक भूमिका निभाई।

#### सत्यानंद भोक्ता ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

# 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति और जिला योजना समिति की बैठक की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ सत्यानंद भोक्ता ने गुरूवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। मौके पर मंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री फागु बेसरा, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त माधवी मिश्रा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, अध्यक्ष नगर परिषद युगेश बेदिया, विधायक प्रतिनिधि मांडू नीरज कुमार झा सहित अन्य 20 सूत्री सदस्य उपस्थित हुए। इस दौरान मंत्री श्रम नियोजन मंत्री ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार राज्य के विकास के लिए कार्य कर रही है। गरीब, जरूरतमंद तथा योग्य लोगों को सरकार की



योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। वहीं, आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार ने लोगों को उनके क्षेत्र में ही योजनाओं का लाभ देने व सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने सभी को पूर्व में हुई 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों कि विभागवार जानकारी दी। बैठक के दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने एवं आम जनों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न कारखानों में कार्य कर रहे मजदूरों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें अनिवार्य रूप से न्यूनतम मजदूरी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने को लेकर मंत्री श्री भोक्ता ने श्रम अधीक्षक रामगढ़ से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली वहीं उन्होंने श्रम अधीक्षक को नियमित रूप से कारखानों की जांच करने एवं दिशानिदेर्शों की अवमानना करने वाले संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं, उन्होंने सभी विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए वहां मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बच्चों को पुस्तक, यूनिफॉर्म सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने संस्थागत प्रसव एएमसी पंजीकरण आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक के दौरान विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सभी के समक्ष रखते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग की। मौके पर उनके द्वारा दाल भात केंद्रों के संचालन, सड़क, बिजली, पेयजल सहित अन्य मामले भी उठाए गए जिस पर मंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को विशेष ध्यान देते हुए जल्द से जल्द समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, अध्यक्ष नगर परिषद युगेश बेदिया, विधायक प्रतिनिधि मांडू नीरज कुमार झा सहित अन्य 20 सूत्री सदस्यों ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को बैठक में रखा इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को किए गए कार्यों से संबंधित जानकारी उन्हें देने एवं समस्याओं के निराकरण कराने की बात कही। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

#### बालू घाट पर छापा मारने गयी टीम पर हमला

# बीडीओ और एएसआई के साथ मारपीट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के चौपारण प्रखंड में बालू माफियाओं ने चौपारण की बीडीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला किया है । आलम यह रहा कि पदाधिकारियों को अपना जान बचाने के लिए मशक्कत करना पड़ा। दरअसल पूरा मामला बालू घाट पर अवैध बालू उठाव से जुड़ा हुआ है। पदाधिकारी को सूचना मिली कि बराकर नदी हजारीधमना गांव के पास अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है । ऐसे में जांच करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी दल बल के साथ पहुंचे और उन्होंने बालू उठाव नहीं करने को कह। इसी दौरान बालू माफियाओं ने हमला कर दिया। बालू बालू ट्रैक्टर जब रोकने की कोशिश की गई तो पुलीस बल के साथ मारपीट करने लगे। पुलिस का राइफल भी लूट कर नदी में फेंक दिया। वहीं बालू माफिया ने ट्रैक्टर से कुचलने के लिए ट्रैक्टर को जोर से पदाधिकारी की ओर दौड़ा दिया । इस मामले को लेकर हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने जानकारी दिया कि हम लोगों ने मामला दर्ज किया है। 7 लोगों नाम दर्ज है और 100 अज्ञात हैं। पूरे मामले का तहकीकात किया जा रहा है। जो भी व्यक्ति की संलिप्तता होगी उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### पत्रकार गोलीकांड ममाले को लेकर एसपी से मिले पूर्व विधायक

# विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस कर रही है जांच, शीघ्र आरोपी होंगे गिरफ्त में : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सप्ताह दिन बाद भी चौपारण पत्रकार गोलीकांड मामले में स्थानीय पुलिस की विफलता को देखते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एसपी मनोज रतन चौथे से मुलाकात कर पुलिसिया कार्रवाई पर चिंता जताई। एसपी को बताया कि चौपारण अवैध कारोबार का अड्डा बन चुका है, जहां अपराधी दिन दहाड़े सरेआम बाजार में गोलियों को बौछार कर देते है और चंद कदम पर बैठे थाना के अधिकारी मौन रहते है। पत्रकार शशि शेखर पर हुए कातिलाना हमला यह दशार्ता है कि चौपारण में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। पत्रकार दहशत में है जबकि अपराधी खुश है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ



खतरे में है। इसकी जितनी भीं निंदा की जाए कम होगी। उन्होंने एसपी से मामले को अतिशीघ्र उद्भेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग किया है। एसपी ने भी बताया कि पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर टीम वर्क में काम कर रही है। आरोपी शीघ्र ही गिरफ्त में होंगे। अंत में पूर्व विधायक ने एसपी को उनके पदोन्नति हेतु बधाई और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए पुष्पगुच्छ भी भेंट किया । पूर्व विधायक के साथ एसपी से मिलनेवालो में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरुप पासवान, चौपारण पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व मुखियाअरविंद सिन्हा, भगहर मुखिया कृष्णा रविदास, रितेश गुप्ता आदि शामिल थे।

### सूर्यकुंड मेला स्थल का विधायक ने किया निरीक्षण

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धरोहर सूर्यकुंड धाम में मकरसंक्रांति के अवसर पर लगने वाले पंद्रह दिवसीय मेला स्थल क्षेत्र का स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा निरीक्षण किया गया ।उन्होंने पानी,बिजली व सफाई कि व्यवस्था को मेला से पहले सुदृढ़ करनें का पांच पांडव कमेटी को आश्वासन दिया। वहीं अत्याधिक ठंड को देखते हुए अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी से अलाव व कंबल मेला पहुंचने वाले पर्यटकों एवं दुकानदारों को मुहैया कराने का आदेश दिया। उन्होंने दुकानदारों को ठंड से बचने के लिए दुरुस्त व्यवस्था के साथ आने कहा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार पाण्डेय, अमित पाण्डेय, टुकलाल नायक, विजय कुमार नायक, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र साहू, बिरेन्द्र मोदी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

#### ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप

# डिवाइन स्कूल के छात्र राजेश कुमार को मिला गोल्ड मेडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र राजेश कुमार ने ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के जुनियर वर्ग में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र समेत राज्य को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में झारखंड, बंगाल,असम, त्रिपुरा, मेघालय सहित विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता कोलकाता के एसवीएस विद्यालय में आयोजित कि गई थी। प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया गया था। राजेश कुमार का लोहरदगा में



आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के आधार पर नेशनल चैंपियनशिप में चयन हुआ था। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि कई राज्यों के बीच चमके बरकट्ठा प्रखंड के होनहार खिलाड़ी राजेश कुमार स्वर्ण पदक विजेता बनकर प्रतियोगिता में झारखंड का मान बढ़ाया। आई पी भारती ने राजेश कुमार के बेहतर प्रदर्शन का श्रेय ताइक्वांडो शिक्षक गुलाम हसन को दिया जो अपने प्रशिक्षण से राजेश जैसा हीरा को संवारे। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि आत्मरक्षा का खेल ताइक्वांडो में डिवाइन स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा प्रतियोगिता दर प्रतियोगिता निखरता ही जा रहा है। नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर विद्यालय के छात्रों तथा शिक्षकों ने गौरवान्वित महसूस किया। विद्यालय के शिक्षक रामनन्दन कुमार, काशीनाथ महतो, संजय कुमार यादव,अविशेष कौशल, विमल किशोर, कुलदीप पासवान, को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य कि कामना की।

#### समस्या | 43 आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब तक नहीं हुए है गैस सिलेंडर की आपूर्ति

# सेविका धुएं में खाना बनाने को मजबूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड में 129 आंगनवाड़ी केंद्र चल रहे है। प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में खाना बनाने के लिए घरेलू

**तीन एजेंसियो में सिर्फ श्री गोविंद गैस एजेंसी ने अब तक नही की है आपूर्ति**

**पिछले वर्ष भी जनप्रतिनिधियों ने की थी शिकायत, अब तक नही हुई सुनवाई**

गैस की आपूर्ति का प्रावधान है। इसके लिए आपूर्ति विभाग के द्वारा प्रखंड में बरही स्थित तिरुपति भारत



गैस एजेंसी, गौरियाकरमा स्थित कुमार एचपी गैस और गुड़ियों स्थित श्री गोविंद गैस एजेंसी को 43-43 सेंटरों पर गैस सिलेंडर के कनेक्शन देने थे । जिसमें तिरुपति और कुमार एजेंसी के द्वारा नियमित रूप से सभी सेंटर पर सिलेंडर एवं गैस आपूर्ति किए जा रहे हैं । परंतु गुडियो स्थित श्री गोविंद गैस एजेंसी के द्वारा अभी भी 43 केंद्रों पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं की गई है। जिसके कारण भंडारों, डपोक, बिजैया, मलकोको और कोल्हुआकला पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाए लकड़ी या गोइठा से धुए में खाना बनाने को मजबूर हैं। मिली जानकारी के अनुसार खाना बनाने के लिए भी इन सेविकाओं के द्वारा निजी स्तर से ईंधन व्यवस्थित किया जाता है।

सीडीपीओ नीलू कुमारी ने बताया कि उक्त गैस एजेंसी के भुगतान का समस्या है, इस कारण सिलेंडर आपूर्ति नहीं किया गया है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को भी कई बार दी गई है। परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि कार्यालय सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार एजेंसी को पूरे 43 केंद्रों के लिए भुगतान जिला कार्यालय से किया जा चुका है। आपूर्ति के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी के द्वारा विगत 22 दिसंबर को बैठक बुलाई गई थी, जिसमे उक्त एजेंसी संचालक उपस्थित नहीं हुए एजेंसी संचालक गोविंद राणा से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाईल पर बात करने का प्रयास किया गया, परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। विदित हो कि मामले को लेकर पिछले वर्ष भी जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने सीडीपीओ और बीडीओ को लिखित शिकायत दी थी, बावजूद इस दिशा में कोई सफल प्रयास नहीं हुआ।

# प्रखंड के 123 बूथों पर मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** गुरुवार को प्रखंड के कुल 123 बूथों पर मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जा चुका है। मतदाता सूची का प्रकाशन स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया है। इस अवसर पर बीएलओ, पर्यवेक्षक, नए मतदाता सहित कई पुराने मतदाता भी उपस्थित रहे। बीपीआरओ सवाना मांझी से मिली जानकारी के अनुसार पुनरीक्षण के क्रम में नए मतदाता हेतु कुल 4224 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें 3835 मतदाताओं को शामिल किया गया है। शेष को 18 वर्ष पूरा नही होने के कारण मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं किया गया है। उम्र सीमा पूरा होते ही उन्हें भी शामिल कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण के क्रम में कुल 780 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। 19 मतदाताओं ने अपना मतदान केंद्र बदलने का काम किया है। इस प्रकार वर्तमान में प्रखंड में कुल 12704 मतदाता नामांकित है। बीपीआरओ ने बताया कि कोई भी मतदाता प्रखंड कार्यालय या बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची से अपने विवरण का मिलान कर सकते हैं।

### मतदान केंद्र संख्या 352 पर मतदाता सूची का किया प्रकाशन

**बरही।** मलकोको पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय पड़रिया में स्थानीय पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद ने मतदान केंद्र संख्या 352 के मतदाता सूची का प्रकाशन किया।

**NEWS इन ब्रीफ**

### बुलडोजर चलाकर हटाये गये अवैध कब्जे

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर मुख्यालय के खास मौजा चैनपुर के पिपल चौक पर खाता नं 186 प्लाट नं 1164 रकबा 7 डिसमिल जो कि सरकारी केशर हिंद का जमीन था। इस जमीन पर पीपल चौक चैनपुर निवासी सहिनाथ रौतिया के द्वारा कच्चे मकान बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया था। इधर इस संबंध में उन्हे अंचल के द्वारा नोटिस जारी कर मकान खाली करने को कहा गया था। बावजुद उनके द्वारा कब्जा नही हटाया गया अंततः अंचलाधिकारी गौतम कुमार अपने अंचल कर्मियों व चैनपुर पुलिस के साथ गुरुवार को बुल्डोजर चलवाकर अवैध कब्जे को हटाया गया।

### शीतलहरी पर आंगनबाड़ी केंद्र बंद करने की अपील

**सिमडेगा।** सिमडेगा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिससे कि जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है ऐसे में झारखंड सरकार द्वारा 1 से 5 वर्ग के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों को 8 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया है ताकि बच्चों पर इसका कोई प्रभाव ना पड़े। वही इसे ध्यान में रखते हुए। समाजसेवी अगुस्टिना सोरेंग के द्वारा सिमडेगा उपायुक्त एवं महिला बाल विकास सचिव झारखंड को पत्र लिखते हुए ठंड तक आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षणिक कार्य बंद रखने के लिए अनुरोध किया है उन्होंने कहा कि ठंड से बच्चों के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा ऐसे में उन्हें दिक्कत होगी इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय ठंड कम होने तक पठन पाठन पूरी तरह से स्थागीत हो जिससे कि बच्चे सुरक्षित रह सकें।

### एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर एई राजीव कुमार महतो ने बताया कि आम एवं मिश्रित फलदार बागवानी से किसानों को अच्छी आमदनी हो सकती है उन्होंने बताया कि यह योजना पांच साल की होगी इस समय अंतराल में पौधों का कैसे बचाव करना है, कौन कौन सी दवा कितनी मात्रा में देनी है इसकी जानकारी दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, बीपीओ संजीता कुमारी, जेई अनील नाग, पंचायती राज पदा राहुल बडाईक, पंचायत सचिव अरूण बडाईक, सहित सभी पंचायत के मुखिया, सभी रोजगार सेवक एवं बीएफटी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विप्र फाउंडेशन ने गरीबों के बीच बांटे गर्म कपड़े

**सिमडेगा।** विप्र फाउंडेशन जॉन 6 शाखा सिमडेगा द्वारा सिकरीयाटाड शिव मंदिर में कोचेडेगा शिव मंदिर के सामने गरीब असहाययो के बीच गर्म कपड़े कंबल टोपी मोजा चपल स्वेटर बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कि मुख्य अतिथि प्रदेश पदाधिकारी श्याम लाल शर्मा विशिष्ट अतिथि बाह्मन सभा के पदाधिकारी गोकुल चन्द्र शर्मा, रघु प्रसाद शर्मा, सुरेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, श्यामा शर्मा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल शर्मा,आषिश शर्मा, प्रकाश शर्मा, महेश जी, सुदर्शन सिंह, महिला समिति ने भी बहुत बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### इग्नू में जनवरी 2023 सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**लोहरदगा।** इग्नू स्टडी सेंटर 3614 बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा में इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों बीए इतिहास, पॉलीटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, हिंदी, उर्दू, इंग्लिश, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए इतिहास, पॉलिटिकल साइंस, हिंदी एवं पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन विद्यार्थियों का मार्क्स 45% से कम है उनका भी नामांकन इग्नू में लिया जा रहा है। इच्छुक छात्र 31 जनवरी तक इग्नू के वेबसाइट पर ऑनलाइन नामांकन ले सकते हैं।

### राजस्व व भू-अर्जन विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक में बोलीं डीसी

# पथ चौड़ीकरण और भूमि अधिग्रहण रैयतों के लंबित राशि का हो भुगतान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्व एवं भू-अर्जन विभाग से संबंधित समीक्षात्मक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के विरूद्ध राजस्व संग्रहण की समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

उन्होंने अंचलवार राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा कर अंचलाधिकारी को लगान व सेस की मांग एवं वसूली बढ़ाने हेतु जिस हल्का क्षेत्र में कम लगान की वसूली हुआ है वहां वसूली से संबंधित हल्का कर्मचारी द्वारा कैम्प का आयोजन कराने की बात कहीं। स्कूली झारसेवा पोर्टल की समीक्षा कर कक्षा 9 से 12 वीं तक के सभी बच्चों का 26 जनवरी तक जाति प्रमाण प्रत्र निर्गत करने की दिशा आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। साथ ही लोहरा एवं चीक बड़ाईक जाति से संबंधित स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही समस्याओं का ग्राम सभा के माध्यम से सत्यापन कराते हुऐ बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया तथा पोर्टल पर लंबित जाति प्रमाण पत्र को ससमय निष्पादन करने की बात कहीं। जिस प्रज्ञा केन्द्र में अधिक संख्या में जाति प्रमाण पत्र का लंबित आवेदन है उसे दूसरे प्रज्ञा केन्द्र में देकर ससमय अपलोड कराने हेतु सीएससी मैनेजर को निर्देशित किया गया। विभिन्न विभागों/कार्यालयों के लिए सरकारी जमीन चिन्हित कर हस्तांतरण करने हेतु अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया। तहसील कचहरी की भवन की स्थिति तथा नए तहसील कचहरी भवन निर्माण हेतु सरकारी जमीन चिन्हित कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। पुराने तहसील कचहरी की रंग-रोगन और मरम्मती कराने हेतु भवन निर्माण विभाग को एस्टीमेट भेजने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने भू-अर्जन विभाग से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान भू-अर्जन से संबंधित प्राप्त कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में भूमि अधिग्रहण, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र व राशि उपलब्धता आदि भू-अर्जन से संबंधित मामलों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने पथ चौड़ीकरण एवं भूमि अधिग्रहण रैयतों के लंबित राशि की भुगतान तथा रैयतों का भूमि संबंधित सत्यापन प्रतिवेदन अंचल से लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय कुमार बड़ाईक, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल पदाधिकारी, एवं सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### बचे हुए लैंप्स में जल्द से जल्द हो धान की खरीदारी कार्य प्रारंभ : डीसी

**उपायुक्त** की अध्यक्षता में गुरुवार को आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति योजना, ग्रीन राशन कार्ड, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, राशन कार्ड में मोबाईल नंबर सिडिंग, ऑनलाईन -ऑफलाईन जन वितरण प्रणााली दुकानदारों, सुषुप्त राशन कार्ड, आहार सुविधा ऐप के माध्यम से पीवीटीजी परिवारों को खाद्यान्न वितरण, पेट्रोल सब्सिडी, दाल-भात केन्द्रों में लाभुकों को दाल-भात ऐप माध्यम से भोजन वितरण सहित, धोती साड़ी वितरण योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में चयनित लैम्पस की प्रखंडवार समीक्षा कर धान अधिप्राप्ति योजना 2022-23 में किसानों से धान की खरीद से संबंधित कार्यों जानकारी ली। 15 दिसम्बर अब तक लैम्पसों में हो रहे धान की खरीद की समीक्षा की तथा इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में निबंधित किसानों की संख्या का प्रखंड व लैम्पसवार जानकारी ली। साथ ही किसानों के राशि की भुगतान से संबंधित कार्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिस लैम्पस में अभी तक धान की खरीद की शुरूआत नहीं हुआ वहां ससमय किसानों से धान की खरीद करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिस लैम्पस में धान खरीद से संबंधित हो रही समस्याओं को समिति के सदस्यों से बैठक कर समस्याओं का निवारण करने की बात कहीं। उन्होंने अंचल अधिकारी को धोती साड़ी वितरण योजना से संबंधित प्राप्त राशि को ससमय विभाग को जमा कराने का निर्देश दिया। झारखंड राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत राशन कार्ड बनाने हेतु विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में कितने लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड से आच्छादित किया गया जिसकी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने प्रखंडवार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राशन कार्ड लाभ से वंचित परिवारों को नया ग्रीन राशन कार्ड से आच्छादित करने हेतु सभी अंचल अधिकारी को जनप्रतिनिधियों, मुखिया, प्रमुख एवं वार्ड से बैठक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पुनम कच्छप, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थें।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक

# प्रशिक्षित हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर सत्र का आयोजन करें : डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आयुष्मान भारत पहल के तहत विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम राज्य सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है और इसके अंतर्गत प्रखंड स्तर पर समन्वय समिति का जल्द से जल्द गठन कर कार्यों की समीक्षा की शुरूआत की जाए। उन्होंने आशा जतायी कि स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम अगर हर विद्यालय में सुचारू रूप से चलाया जाए तो आने वाले समय में किशोर किशोरियों और स्कूल के छात्र-छात्राओं में काफी महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा सकता है। बताया कि बहुत जल्द इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन को देखने हेतु वह विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण भी करेंगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि हर विद्यालय अपने समय सारणी में प्रस्तावित घंटी के अनुसार इस शैक्षणिक वर्ष में छात्रों के बीच प्रशिक्षित हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर द्वारा सत्र का आयोजन करें प्रत्येक विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाए। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित गूगल फॉर्म में हर महीने के 30 अथवा 31 तारीख को विद्यालय समय सारणी में प्रस्तावित घंटी के अनुसार संपन्न वर्ग संचालन से संबंधित आंकड़ों को प्राथमिक तौर पर भरें। इस कार्य में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अपना योगदान दें एवं कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के वरीय कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि जिला प्रखण्ड एवं विद्यालय स्तर पर विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वन, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय कार्यक्रम अद्यतन की स्थिति व निगरानी क्रियान्वयन से संबंधित उपलब्धियों समस्याओं चुनौतियों का समाधान करना उद्देश्य है। सभी विद्यालयों जहां वर्ग 6 या उससे ऊपर की पढ़ाई होती है के बच्चों में जीवन कौशल का विकास करना है। इस बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त समीरा एस, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला शिक्षा पदाधिकारी, ए.पी.ओ, प्राचार्य डायट चिरि, जिला जेंडर समन्वयक तथा सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर ब्योमकेश कुमार लाल, प्रोग्राम ऑफिसर दीपक कुमार, पवन कुमार गुप्ता, रंजन कुमार उपस्थित थे।

### हरिनारायण साहू का निधन

# मेरे अभिभावक तुल्य थे हरिनारायण : केएन त्रिपाठी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायण प्रसाद साहू के निधन के पश्चात उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन लाया गया। जहां कांग्रेसियों के द्वारा उनके पार्थिव शरीर को पार्टी के झंडा से लपेटा गया और माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं शोक संदेश पढ़ा गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि हरिनारायण प्रसाद साहू कांग्रेस के सच्चे योद्धा थे इनके निधन से एक युग का अंत हो गया एवं पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा हरिनारायण प्रसाद साहू एकत्रित बिहार में महासचिव थे। मेरे अभिभावक तुल्य थे और इनका मार्गदर्शन मेरे राजनीतिक जीवन में हमेशा मिलता रहा है। इनके निधन से पार्टी के साथ-साथ मुझे भी व्यक्तिगत क्षति हुई है यह ताउम्र पार्टी के लिए कार्य करते रहें मजदूर हित में इनका कार्य अविस्मरणीय रहा है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। श्रद्धांजलि देने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहन दुबे, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार साहू, कुणाल अभिषेक, शाहिद अहमद बेलु, प्रदीप विश्वकर्मा, वारिश कुरैशी, विशाल डुंगडुंग, आदि उपस्थित थे।

# दहेज उत्पीड़न व दुष्कर्म के मामले में चार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** कोर्ट परिवाद संख्या 427/22 के आलोक में सेन्हा थाना में कांड संख्या 03/23 दर्ज कर चार नामजद के विरुद्ध पुलिस कारवाई शुरू किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो निवासी परिवार स्व सुनेशवर महली के बेटी हीरामणी कुमारी ने कोर्ट परिवाद संख्या 427/22 दिनाक 7/12/2022 के तहत दहेज प्रताड़ना एवं दुष्कर्म मामला को लेकर न्यायालय से न्याय का गुहार लगाई थी। सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा की कोर्ट परिवाद के तहत स्वर्गीय सुनेश्वर महली के पुत्री हीरामणि कुमारी का कोट परिवाद प्राप्त हुआ था जिसके आधार पर सेन्हा थाना में कांड संख्या 3/23 दर्ज कर धारा 376, 313 ,323 ,379 , 498ए 34 भादवी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज।

### सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया शुभारंभ

# विश्लेषण करें कि आप क्या कर सकते हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल द्वारा जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, लोहरदगा में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने प्रशिक्षण लेने आए युवतियों से कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति के पास प्रतिदिन 24 घंटे होते हैं। इसी में कोई भी बेहतर समय प्रबंधन करता है। आप अपना लक्ष्य तय करें और उसमें लग जायें। किसी भी प्रकार की कुंठा से ग्रसित ना हों। कोई भी 100 प्रतिशत परफेक्ट नहीं होता है। कभी भी अपनी तुलना दूसरों से कर नकारात्मक नहीं होना चाहिए। खुद का विश्लेषण करें कि आप क्या कर सकते हैं। अपने माता-पिता को धन्यवाद दें जो जीवन में आपको मिला है। हमेशा सकारात्मक सोच रखें। बिना कठिनाई के कोई भी आगे नहीं बढ़ता है। रूके नहीं, घबराये नहीं।

#### प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में महिंद्रा प्राईड की ओर से प्रशिक्षक ऋतुराज द्वारा युवतियों को अपना पर्सनिलिटी डेवलप करने, साक्षात्कार के दौरान खुद को प्रेजेंट करने का तरीका बताया गया। साथ ही, नियमित रूप से अपना स्किल में बढ़ोत्तरी करने, सकारात्मक सोच रखने, अपना लक्ष्य निश्चित कर उसे मंजिल तक पहुंचाने संबंधित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, आईटीआई कुजरा, बीएस कॉलेज और महिला कॉलेज की छात्राएं समेत अन्य उपस्थित थे।

# निर्वाचक नामावली के प्रारूप में किये गए संशोधन की अंतिम सूची प्रकाशित

**कुडू-लोहरदगा।** निर्वाचक नामावली के प्रारूप में किये गए संशोधन की अंतिम सूची गुरुवार 5 जनवरी को प्रकाशित की गई। उक्त आशय की जानकारी कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार ने देते हुए बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली के प्रारूप में किए गए संशोधनों की सूची अर्हक तारीख के रूप में दिनांक 01.01.2023 के संदर्भ में और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अनुसार तैयार की गई और उक्त नामावली की एक प्रति संशोधनों की उक्त सूची सहित प्रकाशित का दी गई है। सूची बीडीओ के कार्यालय एवं सभी मतदान केन्द्रों मतदान केन्द्र संख्या 73 से 160 पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# फिर हाथियों के झुंड ने कहर बरपाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** क्षेत्र में आखिर कब थमेगा हाथियों का उत्पात मचाने का सिलसिला। पिछले कई दिनों से क्षेत्र के विभिन्न गांव में हाथियों के झुंड द्वारा ग्रामीणों पर कहर ढाया जा रहा है। हालांकि चैनपुर वन विभाग भी लगातार जंगली हाथियों को दूर खदेड़ने में लगा हुआ है। पिछले कई रातों से वन विभाग की टीम के द्वारा जंगली हाथियों को खदेड़ने का काम किया जा रहा है। रेंजर गायत्री देवी ने बताया कि हाथी भगाओ टीम के साथ चैनपुर वन विभाग हाथी को ट्रेस कर खदेड़ने में प्रयासरत है। वन विभाग के कड़ी परिश्रम से जंगली हाथियों के झुंड को गांव में घुसने से रोका जा रहा है। जिसके बावजूद भी जंगली हाथी गांव में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को हो रहे नुकसान से हम भी काफी चिंतित हैं। लोगों को और परेशानी ना हो इसके लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है। बीते रात जंगली हाथियों के झुंड ने कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के बरडीहा पंचायत अंतर्गत लोटाकोना गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए बंधु लोहरा के घर को तोड़ दिया। वही अनीता टोप्पो के घर को धास कर घर में रखे कई बोरे धान को खा गया। वहीं गांव के देरसो लोहरा का जाली तार का घेरा को तोड़कर आलू की फसल को बर्बाद कर दिया।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना का प्रसार रथ रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा 'मुख्यमंत्री सारथी योजना' के प्रचार-प्रसार हेतु समाहरणालय परिसर से एक प्रचार रथ को रवाना किया गया। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग, झारखण्ड के निदेश पर निकाले गये इस प्रचार रथ द्वारा सभी प्रखंडों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा जिसकी शुरूआत सेन्हा और भंडरा प्रखंड से की गई। मौके पर जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत अन्य उपस्थित थे। योजना के बारे में बताया गया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना में सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एवं इंप्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विद कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग सहित नई योजना ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल एक्वीजिशन (बिरसा योजना) समाहित है। इसमें गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने हेतु एक हजार रुपए प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से दी जायेगी। प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाणित सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणीकार के तीन माह के अंदर नियोजित नहीं होने की स्थिति में युवकों को प्रतिमाह एक हजार रुपए एवं दिव्यांग/युवतियों/परलैंगिक को प्रतिमाह पंद्रह सौ रुपए अधिकतम एक वर्ष के लिए डीबीटी के माध्यम से दी जायेगी। झारखंड में रहने वाले वैसे युवक-युवतियां जिनकी उम्र 18-35 वर्ष हो, वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं।

### कार्यक्रम: सामूहिक हवन कर पतंजलि भारत स्वाभिमान का 28 वां स्थापना दिवस मनाया

# स्वस्थ-शिक्षित भारत बनाना है : प्रवीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे पन्द्रह दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें सामूहिक हवन किया गया एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती द्वारा प्राणायाम एवं दिनेश प्रजापति द्वारा यौगिक जॉगिंग का अभ्यास कराया गया। उसके बाद संरक्षक शिवशंकर सिंह एवं पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अभय भारती के नेतृत्व में हवन किया गया। हवन कार्यक्रम में संजय मधुर, पतंजलि योग समिति के जिला सह प्रभारी वासुदेव महतो, प्रदीप अग्रवाल, बंसी साहू, दिलीप साहू, राजेश गुप्ता, मुन्नी मिंज, रवि प्रजापति, कृष्णा राम, महेंद्र प्रसाद, मानसी भारती, दीपिका कुमारी, दिव्या ठाकुर, शोभा कुमारी, संगीता कुमारी, किरण देवी, राजा विवशवान, शौर्य वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं मुख्य योगशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि पतंजलि का मुख्य उद्देश्य योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं शिक्षा के माध्यम से एक स्वस्थ, समृद्ध और शिक्षित भारत का निर्माण करना है। योग हमारे मूल में है। एक स्वस्थ व निरोग व्यक्ति ही जीवन को उत्तम रीति से जी सकता है। योग आयुर्वेद की महत्ता को पूरे विश्व की स्वीकार्यता मिली है और संसार के लगभग दो सौ देशों ने इसे अपनाया है। आज भारत, भारतीयता, भारतीय ब्रांड, ऋषि परम्परा का डंका विश्व भर में बज रहा है। पूरे जिले में निःशुल्क योगशिविर लगाकर योग आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण जी ने योग आयुर्वेद से पूरे विश्व को अनुप्राणित करने का संकल्प लिया है जो पूर्ण होता दिख रहा है। हमें योग करने व कराने का अनुष्ठान अनवरत करना चाहिए।

अभय भारती ने बताया कि गुरु के संकल्प को पूरा करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। योग आयुर्वेद ही हमें पूर्ण रूप से स्वस्थ रख सकता है।

शिवशंकर सिंह ने सभी पदाधिकारियों को ऊर्जा व उत्साह के साथ इस अभियान को जारी रखने पर जोर दिया। योग शिविर के माध्यम से शरीर के असाध्य रोगों का शमन सम्भव है। ऐसा महती कार्य स्वामी रामदेव ने किया और हमें गुरु आज्ञा, ऋषि आज्ञा का पालन करना चाहिए।

# डालसा सचिव ने पीएलवी के साथ की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने जिले में प्रतिनियुक्त सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें पिछले वर्ष में किए गए कार्यों और वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। डालसा सचिव ने सभी को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी उसी ऊर्जा से कार्य करना है। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा पूरे वर्ष के लिए कैलेंडर जारी किया गया है। उन सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। सभी पीएलवी डालसा के महत्वपूर्ण अंग है। सभी की सहभागिता विशेष महत्व रखता है। उन्होंने सभी पीएलवी को अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को कानूनी जानकारी और सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक करने की बात कही। प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को सभी पीएलवी को विभिन्न विषयों पर कानूनी प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि क्षेत्र की जनता तक बातों को सही तरीके से पहुंचाया जा सके। डायन प्रथा, बाल विवाह, नशापान, बढ़ती सड़क दुघर्टना कुछ ऐसे विषय हैं जिससे लोहरदगा जिला बुरी तरह प्रभावित है। इन सभी विषयों पर गहन कानूनी जागरूकता अभियान में तेजी लाना है। पूरे जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रत्येक माह कम से कम 30 लिगल लिटरेसी क्लासेस का आयोजन करना है। मौके पर रोहित तमेरा, नेमहंती मिंज, मंजू खाखा, हफीजुल अंसारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

### निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण सूची की हुई प्रकाशन




**पाटन।** अंचल कार्यालय परिसर में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण 2023 की प्रकाशन सूची जारी किया गया। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह सीओ लालबाबू ने नामावली विशेष सूची की प्रकाशन जारी किया। मौके पर प्रधान सहायक अमित कुमार, निर्वाचक समन्वयक श्रीकांत संतोष,सुशील कुमार, पंकज कुमार, इमाम हुसैन, मृत्युंजय सिंह, आदि प्रखण्ड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे। सहायक निवार्ची पदाधिकारी लालबाबू तथा समन्वयक श्रीकांत संतोष ने बताया की छतरपुर विधान सभा अंतर्गत पाटन अंचल अंतर्गत बूथ संख्या 162 से 277 कुल 116 बूथों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 की मूल निर्वाचन नामावली की अंतिम प्रकाशन की एक एक प्रति सभी बीएलओ को हस्तगत कराया गया है। मतदाता नामावली विशेष पुनरीक्षण को अपने अपने बूथों पर प्रकाशन सूची की अवलोकन कर सकते है। बीएलओ आम मतदाता को अपने स्तर से मतदाता के बीच सूची को अवलोकन कराएंगे। प्रखण्ड स्तर पर विशेष पुनरीक्षण सूची को अंचल कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है। अवलोकन के उपरांत मतदाता निर्वाचन नामावली में त्रुटि हेतु फॉर्म्स भरकर सुधार करा सकते है।

### मंटू कुमार ने कसमार ओपी थाना में पदभार ग्रहण किया

**मेदिनीनगर।** पांकी कसमार ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने कसमार ओपी थाना में पदभार ग्रहण करते ही। अपने जवानों के साथ अपने क्षेत्र का भ्रमण करते देखे गए। अपने क्षेत्र का भ्रमण करने के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की अपराध व किसी भी प्रकार का मामला सामने आता है तो वह निर्भीक होकर ओपी पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनता का सेवा करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। मंटू कुमार पहले भी कसमार ओपी के प्रभार में रह चुके हैं, और उस समय भी जनता के साथ उनका अच्छा संबंध था। अभी फिलहाल में वे महिला थाना में कार्यरत थे। उसके बाद पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर उन्हें कसमार ओपी का प्रभार दिया गया है।

### स्थानीय विधायक ने महाविद्यालय स्थापना का किया उद्घाटन

**विश्रामपुर।** रेहला में स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविधालय का स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को मनाया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित व फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं आरसीआईटी महिला महाविधालय की प्राचार्या नूतन रानी के नेतृत्व में विद्यायालय के छात्र छात्राओं ने आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़ कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया।मौके पर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, रविंद्र नाथ उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, राजन पांडेय, सदानंद शुक्ला सहित कई अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

### ठाकुर समाज के प्रखंड अध्यक्ष का निधन

**नावा बजार।** नावा बजार प्रखंड क्षेत्र के तुकबेरा पंचायत निवासी व ठाकुर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामकिशुन ठाकुर 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वें अपने पीछे 5 पुत्र दो बेटी भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनकी मृत्यु की सूचना पाकर भाजपा नावा बाजार प्रखंड अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ,तूकबेरा मुखिया विनोद विश्वकर्मा ,उनके आवास पहुंचकर गहरी शोक व्यक्त किया। वहीं पर आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की उनके साथ उपस्थित परशुराम मेहता, संजय यादव, कपिल देव ठाकुर, बसंत ठाकुर, विगन ठाकुर, सुनील विश्वकर्मा, बेचन विश्वकर्मा , मोनी यादव, मुनी भुइयां काफी संख्या में अगल-बगल इलाके के लोग उपस्थित था।

राष्ट्रीय नवीन नवीन मेल की खबर पर संज्ञान

# भ्रष्टाचार में शामिल कर्मियों पर गिरेगी गाज

## आधा-अधूरा निर्माण कर पैसे के निकासी में जो भी कर्मी शामिल है कार्रवाई होगी : डीडीसी



नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। खबर छापने के एक माह बाद गढ़वा जिला डीआरडीओ दिनेश सुरीन ने भवनाथपुर पंचायत बुका गांव के बसकटिया अहरा के पास मनरेगा कर्मी के मिलीभगत से अधूरा निर्माण कर डोभा के सम्पूर्ण राशि निकालने की जांच किया। जांच में पाया कि अखबार में छापा खबर सही है। डोभा गलत जगह पर बनाया गया है उक्त जगह पर पूर्व में बड़ा आहार है वैसे में वहां डोभा का निर्माण कराना गलत है। डीआरडीओ दिनेश सुरीन ने कहा कि उक्त आधा-अधूरा डोभा निर्माण कर पैसे के निकासी में जो भी कर्मी सामिल हैं उनके ऊपर करवाई किया जाएगा। मौके पर बीडीओ जयपाल महतो, बीपीओ दयानन्द प्रजापति, रोजगार सेवक धर्मराज सिंह उपस्थित थे।

### क्या है मामला

भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव में बसकटिया अहरा के ओट में मनरेगा कर्मियों के मिली भगत से सरकारी पैसा के दुरपयोग किया गया है। उक्त योजना 2018 में जनक राउत के खेत मे डोभा निर्माण 1 लाख 28 हजार रुपए के लागत से सुकृत किया गया था। जिसके बाद लाभुक के द्वारा 1 लाख 12 हजार 464 रुपये की निकासी करते हुए आधे अधूरे काम करा कर रोजगार सेवक धर्मराज सिंह एवं जेइ प्रेमचंद गुप्ता के मिलीभगत से योजना को बंद कर दिया गया था।

## सरकार की हरी झंडी : 6.37 करोड़ की लागत से बनेंगी दो सड़कें

# पूरे राज्य की आधारभूत संरचना में हो रहा है तेजी से सुधार : मंत्री

### गढ़वा- चिनियां मुख्य पथ से कल्याणपुर तक सड़क का किया जायेगा निर्माण





नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गढ़वा सदर प्रखंड में करीब छह किलोमीटर लंबी दो सड़क का निर्माण किया जाएगा। छह करोड़, 37 लाख, 38 हजार, सात सौ रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके तहत गढ़वा - चिनिया मुख्य पथ से हेलीपैड होते हुए कल्याणपुर तक करीब ढाई किलो मीटर से अधिक सड़क का निर्माण दो करोड़, 82 लाख, 19 हजार रुपए की लागत से तथा महुलिया रोड में वीर कुंवर से ढोटी होते हुए जाटा पुल तक करीब साढ़े तीन किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण तीन करोड़, 55 लाख, 19हजार, सात सौ रुपए कि लागत से किया जाएगा। यह दोनों सड़कें बाईपास के लिए रिंग रोड के रूप में काम करेंगी तथा कल्याणपुर,जाटा,छतरपुर एवं महुलिया पंचायत की एक बहुत बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी।

#### सभी गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि पूरे गढ़वा में सभी गांव को पक्की सड़क से एवं इन सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सभी प्रमुख सड़कों को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कोई भी गांव ऐसा नहीं बचेगा जो पक्की सड़क से वंचित रहे।

#### गांव की सड़कों को भी मुख्य सड़क से जोड़ते हुए रिंग रोड के रूप में उपयोग होगा

मंत्री ने कहा कि गढ़वा की सभी जर्जर सड़कों का भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुख्य सड़क पर अधिक ट्रैफिक ना हो इसलिए गांव की सड़कों को भी मुख्य सड़क से जोड़ते हुए रिंग रोड के रूप में उपयोग किया जाएगा। ताकि लोग ट्रैफिक का सामना किए बगैर सुगमता पूर्वक आवागमन कर सकें। सुगम यातायात से समय की भी बचत होगी। साथ ही अनावश्यक ट्रैफिक एवं दुर्घटना की समस्या भी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार गढ़वा जिला एवं पलामू प्रमंडल सहित पूरे राज्य में आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने का कार्य कर रही है। सीमित संसाधन के बावजूद सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, चिकित्सा सभी क्षेत्रों में काफी तीव्र गति से कार्य हो रहा है। झारखंड को पूरे देश में अव्वल बनाने की सोच के साथ सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व में भी इसी सोच एवं इच्छाशक्ति के साथ कार्य किया जाता तो आज राज्य की स्थिति कुछ और होती।

## बीआरसी में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

# मॉडल दिखाकर दी विज्ञान की जानकारियां



नवीन मेल संवाददताा

**खरौंधी(गढ़वा)।** विज्ञान विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के लिए बीआरसी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का सामूहिक बीआरसी खरौंधी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी में राष्ट्रीय अविष्कार एवं नावचार के अंतर्गत कक्षा 6से 8 एवं कक्षा 9से 12 के छात्र / छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक टीम केबीईईओ विजय कुमार पांडेय, बीआरपी राजेन्द गुप्ता,पंकज कुमार,शिक्षक नीरज कुमार दुबे, समाजसेवी ब्रिजविहारी द्विवेदी ने छात्र छात्राओं द्वारा तैयार माडलों का अवलोकन किया। छात्राओं ने माडल से जुड़े हर पहलु की बारीकी से जानकारी दी। प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट हाई स्कूल तोरेलावा के कक्षा दस के गौतम कुमार एवं विकास कुमार प्रथम स्थान मिला। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के इंटर की छात्रा प्रिया कुमारी को द्वितीय, एवं प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के नवी कक्षा की छात्रा निशा कुमारी ने तृतीय स्थान पाया। मौके पर बीपीएम नवीन प्रकाश, अकाउंटेंट प्रदीप कुमार शुक्ला, शिक्षक राजनंदन राम,मोतीचंद जायसवाल, राजीव कुमार, गोविंद उराव, अरविंद साह, सत्यप्रकाश यादव, उदेश पासवान, सुनील ठाकुर, सतेंद्र दास, जमालुद्दीन, मो जमालुद्दीन सहित विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

# रमना में मेले के आयोजन को लेकर कमेटी हुई गठित



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** सिलिदाग ग्राम के चांदराज पहाड़ी पर मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले एक दिवसीय मेले को लेकर ग्रामीणों की बैठक श्री सीताराम मानस मंदिर रमना के प्रांगण में किया गया।मेले में क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने,मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाने, प्रसाद वितरण करने,तथा पेयजल का समुचित व्यवस्था करने का निर्णय इस सभा में लिया गया।मेले का सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया,जिसमें डॉ पारसनाथ को अध्यक्ष, बनारसी ठाकुर को उपाध्यक्ष,गोपाल प्रसाद गुप्ता को सचिव,मंतोष चंद्रवंशी को कोषाध्यक्ष एवं रविशंकर गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सोनू सिंह, धनंजय गुप्ता, उमेश मिस्त्री, जगदीश यादव, श्यामसुंदर राम, राजकुमार चंद्रवंशी, दिलीप ठाकुर, बिरंची पासवान, समारू राम बारी, परशु मेहता,इम्तियाज आलम, त्रिभुवन राम,विनय ठाकुर एवं बाबूलाल साह को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

### पूर्व जिप उम्मीदवार ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

**भवनाथपुर ।** प्रखंड के दो पंचायतों में पूर्व जिला परिषद के उमीदवार नीरज चौबे के पिता समाजसेवी सह सेल से सेवा निर्वित कर्मचारी शुशील चौबे ने गुरुवार को गरीब असहाय विरिधो के बीच तीन सौ कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर शुशील चौबे ने कहा कि इस कंपकपी ठंढ में वृधो को देखकर बहुत ही दुख होता है। इस लिए मै सेवा भाव से पूरे भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में भर्मण कर गरीब असहायों के बीच कम्बल वितरण कर रहा हू। कम्बल पाकर सभी वृद्ध काफी खुश होकर शुशील चौबे को दिल से दुआ आशीर्वाद दिया वृधो के चेहरे पर मुस्कान देखी गई।

# जनता अधिकार दिवस 10 को समस्याओं का होगा निष्पादन



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय में 10 जनवरी को जनता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि 10 जनवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता अधिकार दिवस के रूप में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगाए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदनों एवं प्रखंड में अब तक मिले आवेदनों का अपना अपना हिसाब प्रखंड व अंचल कर्मी से अपने अपने आवेदनों का हिसाब मांग सकेंगे।

#### समस्याएं होंगी निष्पादित

पंचायतों में एवं प्रखंड कार्यालय लग रहे नियमित जनता दरबार में दूरदरज के ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदनों का निष्पादन किया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी कई ग्रामीणों केआवेदनों का अब तक निष्पादन नहीं होने पर ऐसे ग्रामीण जनता अधिकार दिवस में शामिल होकर अपनी-अपनी आवेदनों का हिसाब मांगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से दिये गये आवेदनों का निष्पादन नहीं होने की स्थिति में हिसाब लेने के लिए जनता अधिकार दिवस में शामिल होकर दिए गए अपने आवेदन का हिसाब मांग सकते है।

## निरंतर: स्क्रैप उठाव कर रहे स्क्रैपर को कर्मियों ने रोका

# फेज टू व फेज वन एरिया को लेकर विवाद



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के बाना गांव में अर्धनिर्मित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट जिसकी नीलामी कर बैंक अपने पैसे की भरपाई करने का कार्य कर रही है। प्लांट के फेज टू का स्क्रैप की खरीद के लिए मित्तल आयरन एंड स्टील व ध्रुवा इंफ्राटेक नामक कंपनी नीलामी की बोली लगाकर अपने नाम कर ली है। दोनों ही कंपनियों ने स्क्रैप निकालने का काम पीएसीएल नामक कंपनी को दे रखा है। इसके बाद से ही पीएसीएल नामक कंपनी प्लांट के फेज टू एरिया से स्क्रैप का उठाव कर रही है। स्क्रैप उठाव के साथ ही प्लांट से आए दिन लोहा चोरी की छिटपुट घटनाओं की सूचना प्राप्त होती रहती है। प्लांट के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को देखने के लिए झारखंड सरकार की पुलिस तैनात रहती है। बावजूद चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है।

### कॉलोनी एरिया से स्क्रैप का उठाव

गुरुवार को प्लांट के अंदर ही कॉलोनी एरिया से ट्रक पीबी 12 क्यू 2149 में लोहे की पाईप लोड की जा रही थी। जिसे मैन पावर केलोगों ने देखा और चंदवा थाना को सूचित किया। इस पर एनसीएलटी कंपनी के बीसी साहू ने कहा की लिक्विडेटर द्वारा प्लांट के कॉलोनी एरिया से स्क्रैप का उठाव किया जा रहा था, जिसे तुरंत रोक दिया गया है और एरिया क्लियरेंस के लिए एनसीएलटी को भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इस पर लिक्विडेटर द्वारा कहा गया की यह एरिया भी फेज-2 के अंतर्गत ही आता है। इस संबंध में जब लिक्विडेटर कंपनी के सिक्योरिटी इंचार्ज सुरेश ठाकुर से फोन पर संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।वहीं पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि फिलहाल इस पर जांच चल रही है।

# अनुशासन समिति का गठन, अध्यक्ष आचार्य मिश्र



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शहर के नयकी तालाब स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को करुणारस सिंधू परिवार की आवश्यक बैठक आचार्य बिनोद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक हेरु मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति अचला सप्तमी इस वर्ष भी धुम-धाम से मनाने के निमित्त की गई। जिसमें अचला सप्तमी मनाने पर विस्तृत चर्चा करते हुए हवन पूजन में होने वाले व्यय की रुपरेखा तैयार की गई। साथ हीं करुणारस सिंधू परिवार अनुशासन समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से आचार्य बिनोद कुमार मिश्र को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही अन्य कई बींदुओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से धिरेन्दर शर्मा, जितेन्द्र कुमार पाठक, गंगाधर शास्त्री, बिनोद कुमार मिश्र, अनिल पाठक, चन्द्रपाल पाठक, भुपेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र पाठक, राकेश मिश्रा, ओमप्रकाश पाठक, अनिरुद्ध मिश्रा, प्रभुदयाल शर्मा, अवधेश कुमार पाण्डेय, रविरंजन पाण्डेय, आनंद किशोर पाठक, शिवकुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे।

सहारा

## पलामू में कंपकपाती ठंड को लेकर अलाव की व्यवस्था

# अलाव से यात्रियों को ठंड से मिलेगा राहत



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कंपकपाती ठंड को देखते हुए डालटनगंज ऑल इंडिया टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा डालटनगंज की ओर से बुधवार की देर शाम स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था की गई। जिसने एसडीएम राजेश साह ने ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अलाव जलाकर इसकी शुरूआत की। अलाव जलते ही वहां ठंड से निजात पाने के लिए सैकड़ो यात्री जुट गए। एसडीओ ने कहा कि अचानक ठंड बढ़ गयी है ऐसी स्थिति में अलाव की व्यवस्था करना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में सैकड़ों जरूरतमंद लोग शहर के कई हिस्सों से आकर रात्रि विश्राम करते हैं। वहीं ट्रेन की प्रतीक्षा में भी स्टेशन परिसर में रात भर यात्रियों की भीड़ जमी रहती है। ऐसे में स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था करना समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। ज्ञात हो कि टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस अपने दायित्वों के निर्वहन से बचे समय का सदुपयोग समाजसेवा में करते रहे हैं। चाहे वह कोरोना काल में अपनी जान की बिना परवाह किये पीड़ित लोगों को बढ़चढ़ सेवा करने की बात हो या फिर लोगों को टीका लेने के लिए उन्हें जागरूक की। समाजसेवा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य करने में चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में कभी भी अन्य सामाजिक संगठनों से पीछे नहीं रहती है। इतना ही नहीं ऑर्गनाइजेशन की ओर से गर्मी के दिनों में तपती धूप से स्टेशन पहुंचे यात्रियों को नींबू पानी पिलाने से लेकर धार्मिक अनुष्ठान छठ पूजा में व्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ियां वितरण करने में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव सह आल इंडिया टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गेनाइजेशन के धनबाद डिवीजन के उपाध्यक्ष टीटीआई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय बताते हैं कि समाजसेवा करने से न सिर्फ आत्मसंतुष्टि मिलती है बल्कि सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन होने से मानव होने का फर्ज अदा होता है। मौके पर एसएस अनिल तिवारी, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा डालटनगंज के शाखा सचिव संजय पासवान, वरीय अनुभाग अभियंता कर्षण वितरण विमलेश सिंह, सीआईटी अजय कुमार, टीटीई रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, लालबाबू रजक, दिलीप कुमार, श्याम ठाकुर समेत कई रेल कर्मी उपस्थित थे।

# जेपीएससी ने जारी किया अंतिम कट ऑफ की सूची




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के अभ्यर्थियों जिन्होंने जेपीएससी की मुख्य परीक्षा में शामिल हुए लेकिन अंतिम कट ऑफ नहीं प्राप्त सके। बुधवार की देर शाम आयोग ने 7वीं से 10वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का कटऑफ मार्क्स जारी किया है। इसमें अभ्यर्थी अपना रोल नंबर, जन्म तिथि और मोबाइल नंबर डालकर मार्क्स डाउनलोड कर सकते हैं। मुख्य परीक्षा का कटऑफ जारी किया है। इसमें सामान्य वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग- वन, पिछड़ा वर्ग- दो और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 532-532 अंक का कटऑफ तय किया गया। वहीं एसटी के लिए 479 अंक और एससी के लिए 515 अंक का कटऑफ तय किया गया। गौरतलब है कि परीक्षा का फाइनल रिजल्ट 31 मई 2022 को जारी हुआ। जेपीएससी का विवादों से गहरा नाता रहा है। छात्र नेता के द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन और लंबे समय तक आंदोलन किया गया। कई मांगों को लेकर जेपीएससी अभ्यर्थी राजभवन तक अपनी गुहार लगाने गए। उस समय आयोग के चेयरमैन अमिताभ चौधरी को भी राजभवन तलब किया गया था। बता दें कि सातवीं जेपीएससी को लेकर आयोग ने बुधवार को ही कट ऑफ मार्क्स जारी किया। इसके संबंध में झारखंड हाईकोर्ट ने आयोग को कट ऑफ मार्क्स जारी करने का आदेश दिया था। झारखंड हाई कोर्ट में दाखिल याचिका पर 20 दिसंबर 2022 को सुनवाई हुई थी। इसकी अगली सुनवाई 20 जनवरी को भी है।

**ज्ञान की बात**

**यदि आप श्री कृष्ण से यह अपेक्षा करते हैं कि वे सारी गोपियों से विवाह कर लेते, तो न आप उनके प्रेम को समझते, न गोपियों के प्रेम को। वह कामविहीन प्रेम था। वह आलौकिक प्रेम था। उसकी परिणिति विवाह नहीं थी वरन भगवत प्राप्ति थी। काम संबंध तो उस दिव्य प्रेम को लौकिक धरातल पर ले आता। फिर तो उनकी रासलीलाओं का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता। *-ठाकुर जी***

## दवा व सावधानी

**यह** अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि मरीज अपने इलाज के लिए कोई दवा ले और वहीं उसके लिए जानलेवा साबित हो जाये। मगर पिछले तीन महीने के भीतर यह दूसरी बार है, जब खांसी से आराम के लिए दी गई दवा से कई बच्चों की मौत की खबर आई। हैरत की बात यह कि यह दवा अपने देश में बनती हैं। ऐसी दवा खांसी के लिए उपयोग में आती हैं। जाहिर है, अगर दवा के असर से ही इतनी संख्या में बच्चों की मौत हो गई, तो यह बेहद चिंताजनक मामला है। फिलहाल अपने देश में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण की टीम की ओर से निरीक्षण के बाद संबंधित कंपनी की नोएडा इकाई में सभी उत्पादन गतिविधियों को रोक दिया गया है। हालांकि इस मामले में जांच की प्रक्रिया के किसी नतीजे पर पहुंचने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि अगर बच्चों की जान जाने की वजह यह दवा थी, तो उसमें मिलाये गये कौन-से रसायन इसके लिए जिम्मेदार थे। गौरतलब है कि करीब तीन महीने पहले अफ्रीकी देश गांबिया में भी भारत की एक कंपनी की खांसी की दवा लेने से साठ से ज्यादा बच्चों की मौत की खबरें आई थीं। हालांकि उस घटना के बाद दवा के ही घातक होने को लेकर कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आ सका था। लेकिन किसी दवा के असर से कई मरीजों के भीतर समान प्रतिक्रिया होती है, तब इस बात की आशंका पैदा होती है कि क्या इसे किसी रासायनिक मिश्रण का दुष्परिणाम माना जा सकता है! उस समय विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने इसे लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक आरोपों के घेरे में आई खांसी की कुछ दवाएं इंसान के लिए जहर की तरह हैं। डब्लूएचओ का कहना है कि इथिलेन ग्लाइकाल दरअसल कार्बन कंपाउंड है, जिसमें न खुशबू होती है और न कोई रंग। यह मीठा होता है, जिसे बच्चों के लिए तैयार खांसी की दवा में इसलिए मिलाया जाता है, ताकि वे उसे आसानी से पी सकें। लेकिन अगर किन्हीं वजहों से इसकी मात्रा में असंतुलन हो जाता है, तो यही दवा जानलेवा साबित हो सकती है। यही वजह है कि ये दवाएं कई देशों में प्रतिबंधित हैं। सवाल है कि क्या दवा तैयार करने में इस रसायन के संतुलित प्रयोग का ध्यान नहीं रखा गया? या फिर बच्चों को यह दवा देते समय

**हैरत की बात यह कि यह दवा अपने देश में बनती है। ऐसी दवा खांसी के लिए उपयोग में आती हैं। जाहिर है, अगर दवा के असर से ही इतनी संख्या में बच्चों की मौत हो गई,तो यह बेहद चिंताजनक मामला है...**

मात्रा और खुराक की सीमा का खयाल रखने में चूक हुई? इन पहलुओं का जवाब विस्तृत जांच के बाद ही सामने आयेगा। मगर यह तथ्य है कि ऐसी कई प्रतिबंधित दवाएं कुछ देशों में खुलेआम उपलब्ध होती हैं और कई बार खुद चिकित्सक भी उसे लेने की सलाह दे देते हैं। आखिर किसी दवा पर पाबंदी की वजह यही होती होगी कि उसमें मौजूद कोई रसायन या तत्त्व मरीजों की सेहत या जान तक के लिए जोखिम भरा या जानलेवा साबित हो सकता है! सही है कि लोग किसी तकलीफ से निजात के लिए बिना चिकित्सीय सलाह के भी कोई दवा खरीद लेते हैं, जो घातक हो सकती है।

# क्या हो जजों की नियुक्ति का सही तरीका



**फरवरी** 1970 में, केरल में एडनीर मठ के प्रमुख स्वामी केशवानंद भारती ने संविधान के अनुच्छेद-26 के तहत सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इसमें मठ की संपत्ति के प्रबंधन पर प्रतिबंध के केरल सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों को चुनौती दी गई थी। तीन साल बाद इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 7-6 बहुमत से संविधान के मूल संरचनात्मक सिद्धांत को रेखांकित किया। इसमें खास तौर पर संविधान के प्रमुख सिद्धांतों और इसकी मूल संरचना में संशोधन करने के संसद के अधिकारों पर लगे अंकुश को नये सिरे से रेखांकित किया गया।

**इमर्जेंसी में बदला रुख :** दिलचस्प है कि जब आपातकाल घोषित किया गया तो सुप्रीम कोर्ट भी नये न्यायाधीशों के साथ ढ़ेर हो गया था। ए एन रे को राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति में तीन न्यायाधीशों की वरिष्ठता खारिज की गई थी। गौरतलब है कि रे ने केशवानंद मामले में फैसले पर दस्तखत नहीं किये थे। यह बात भी सामने आई कि वास्तव में कोई समीक्षा याचिका दायर नहीं की गई थी। महज एक मौखिक अनुरोध पर यह समीक्षा सुनवाई हुई। जाहिर है, एक अनुचित प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें मुख्य न्यायाधीश ने एकतरफा बेंच को भंग कर दिया। केंद्र के पास एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका होने के बावजूद संविधान की बुनियादी संरचना का सिद्धांत बमुश्किल बच पाया। इस ऐतिहासिक फैसले ने देश में निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच संतुलन साधने में मदद की। हाल में संविधान के अनुच्छेद 124 (2) और 217 (1) की व्याख्या को लेकर केंद्र और न्यायपालिका के बीच टकराव सामने आया है। अनुच्छेद 124 (2) इस बात पर प्रकाश डालता है कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों (विशेष रूप से मुख्य न्यायाधीश) और राज्यों के उच्च न्यायालयों के परामर्श के बाद की जायेगी। इसी तरह उच्च न्यायालयों के लिए अनुच्छेद 217 (1) बताता है कि हाई कोर्ट के न्यायाधीश को भारत के मुख्य न्यायाधीश, राज्य के राज्यपाल और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जायेगा। अभी केंद्र कलीजियम प्रणाली द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है, लेकिन यदि कोई सिफारिश दोहराई जाती है तो सरकार उसे मानने के लिए लिए बाध्य है। हाल में यह आम सहमति एक गतिरोध में बदल गई। केंद्र ने कलीजियम द्वारा दोहराई गई सिफारिशों को रोक दिया है। इससे अदालतों में नियुक्तियों पर असर पड़ा है। अगस्त 2022 में सर्वोच्च न्यायालय में जजों की 34 में से तीन और उच्च न्यायालयों में 1,108 में से 381 रिक्तियां थीं। निचली अदालतों में 24,631 में से तकरीबन 5,342 सीटें खाली थीं, जो इसकी क्षमता का 20 फीसदी हैं। इस तरह की रिक्तियों में बहाली टलने से विशेष रूप से बॉम्बे, पंजाब और हरियाणा, कलकत्ता, पटना और राजस्थान उच्च न्यायालयों में न्यायिक दक्षता पर प्रभाव पड़ना तय है। गौरतलब है कि इन अदालतों में लगभग चार करोड़ मामले लंबित हैं।

**अन्य देशों में न्यायिक नियुक्तियां :** चुनिंदा देशों में राजनीतिक संस्थानों द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति होती है। विभिन्न देशों में न्यायिक नियुक्तियों की प्रचलित व्यवस्था पर एक नजर डाल लेना ठीक रहेगा। इटली में संवैधानिक न्यायालय में नियुक्तियां राष्ट्रपति, विधायिका और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाती हैं। वहां प्रत्येक इकाई को पांच न्यायाधीश नामित करने की अनुमति है। अमेरिका में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को राष्ट्रपति द्वारा (जीवन भर के लिए) नामित किया जाता है और फिर बहुमत से सीनेट द्वारा अनुमोदित किया जाता है। जर्मन संवैधानिक न्यायालय को संसद द्वारा नियुक्त किया जाता है। प्रत्येक सदन को प्रत्येक न्यायालय सीनेट में चार नियुक्तियां मिलती हैं, एक सर्वोच्च मत (2/3) के साथ। स्वाभाविक रूप से यह एक पक्षपातपूर्ण न्यायपालिका को जन्म दे सकता है। इराक में सभी न्यायाधीश एक न्यायिक संस्थान के स्नातक हैं। वहां सभी आवेदकों को न्यायाधीशों के एक पैनल के साथ साक्षात्कार के अलावा लिखित और मौखिक परीक्षा से गुजरना पड़ता है। जापान में सर्वोच्च न्यायालय का सचिवालय निचले स्तर की न्यायिक नियुक्तियों के साथ उनके प्रशिक्षण और पदोन्नति को नियंत्रित करता है। हाल ही में, केंद्र ने न्यायिक नियुक्तियों को न्यायिक आयोग के माध्यम से संचालित करने पर जोर दिया है। हालांकि 16 अक्टूबर, 2015 को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी अधिनियम (2014) को 4:1 के बहुमत से रद्द कर चुका है।

**अगस्त 2022 में सर्वोच्च न्यायालय में जजों की 34 में से तीन और उच्च न्यायालयों में 1,108 में से 381 रिक्तियां थीं। निचली अदालतों में 24,631 में से तकरीबन 5,342 सीटें खाली थीं, जो इसकी क्षमता का 20 फीसदी है। इस तरह की रिक्तियों में बहाली टलने से विशेष रूप से बॉम्बे, पंजाब और हरियाणा, कलकत्ता, पटना और राजस्थान उच्च न्यायालयों में न्यायिक दक्षता पर प्रभाव पड़ना तय है...**

इन दिनों



वरूण गांधी

## बोधि वृक्ष

### सुनें कहानी श्री हनुमान की

**(गतांक से आगे)**

पहाड़ पर पहुंचने पर जब हनुमान को विशिष्ट जड़ी-बूटी नहीं मिल पाई तो उन्होंने पूरा पर्वत उठा लिया और वापस राम के लिए उड़ान भरी। रास्ते में श्री राम के भाई भरत को लगा के कोई आकाश मार्ग से विशाल काय दैत्य जा रहा है तो उन्होंने हनुमानजी पर बाण का प्रहार किया। लेकिन जब भरत को अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने हनुमानजी से क्षमा मांगी और तुरंत जड़ीबूटी लेकर वापस भेज दिया। जहा हनुमानजी ने लक्ष्मण का सफल इलाज करने वाले वैद्य सुशाइन को जड़ी-बूटी पहुंचा दी। युद्ध खत्म होने के बाद राम वापस अयोध्या चले गए और राजयभार सँभालने लगे ,जंगल में रहने के दौरान उनकी मदद करने वाले हर व्यक्ति को उपयुक्त रूप से पुरस्कारित किया गया, लेकिन श्री राम ने जानबूझकर हनुमानजी को पुरस्कारित नहीं किया। इसके बाद माता सीता ने अपनी कीमती पत्थरो से जुडी माला हनुमानजी को भेट की ,हनुमानजी ने उसे खुशी खुशी भेट स्वीकार कर ली। जिन्होंने बड़ी कृतज्ञता के साथ स्वीकार किया। लेकिन कुछ समय बाद दरबारियों ने देखा कि हनुमानजी एक-एक करके अमूल्य पत्थरों को तोड़ रहे थे, दरबारियों ने यह हास्यास्पत कार्य का कारन पूछा। हनुमानजी ने कहा जिसमे राम नहीं हे ,वह चीज मेरे लिए बेकार है। (हालांकि यह इस भौतिकवादी दुनिया में अमूल्य हो सकता है।) उनके इस जवाब से चिढ़कर दरबारियों ने उनसे पूछा कि क्या राम उनके दिल में रहते हैं?

**(क्रमशः)**

# बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन, जवाब दें फार्मा कंपनियां

**बीते** कुछ दिनों में दो खबरें आईं, जिससे भारत के फार्मा सेक्टर की छवि पर गहरा असर पड़ा है। पहले तो अफ्रीकी देश गाम्बिया में एक भारतीय फार्मा कंपनी का सिरप पीने के कारण 60 से अधिक शिशुओं का निधन हो गया। कहना न होगा कि उस घटना से देश के फार्मा सेक्टर की बड़ी बदनामी हुई है। हालांकि, सिरप बनाने वाली कंपनी का दावा है कि उसकी सिरप में कोई गड़बड़ नहीं थी। अब उज्बेकिस्तान ने भी आरोप लगाया कि भारत में बना कफ सिरप देने की वजह से उनके देश में भी 18 बच्चों की जान चली गई। इस मामले में हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने जांच में सहयोग करने की बात कही। वहीं, भारत सरकार ने भी उज्बेकिस्तान सरकार के आरोपों की जांच का फैसला किया है। उज्बेकिस्तान ने कहा नोएडा की एक फार्मा कंपनी में बना कफ सिरप पीने से उनके यहां बच्चों की जान चली गई है। उज्बेकिस्तान का दावा है कि कफ सिरप में एथिलीन ग्लाइकॉल है, जो कि विषैला पदार्थ होता है। इसके इस्तेमाल से उल्टी, बेहोशी, ऐंठन, किडनी फेलियर और दिल से जुड़ी समस्या हो सकती है। जब बच्चों को यह सिरप पिलाई गई तो एक दर्जन से ज्यादा बच्चों की जान चली गई। बेशक, ये दोनों मामले बहुत गंभीर और दुखद हैं। इनकी तह तक जाँच भी होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा भी मिलनी चाहिये। कहना न होगा कि भारत के संबंधित विभागों को सारे मामले की निष्पक्ष जांच करनी होगी। जांच के बाद अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उस पर कठोर एक्शन भी लेना होगा। इन घटनाओं पर लीपापोती नहीं की जा सकती। ये अक्षम्य अपराध है। भारत का फार्मा क्षेत्र का निर्यात 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक का माना जाता है। पर यह याद रखना होगा कि हमारे फार्मा सेक्टर की ग्रोथ पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, अगर हमने आगे चलकर अपने उत्पाद विश्व स्तरीय न बनायें। वैसे भी हमारी फार्मा कंपनियों पर आरोप लगता ही है कि वे अनुसंधान पर बहुत कम धन खर्च करती हैं। हां, इस बाबत कुछ ही कंपनियां अपवाद हैं। किसी भी ईमानदार जांच से पता चल जायेगा कि हमारी अधिकतर फार्मा कंपनियां नई दवाओं को ईजाद करने में बहुत कम निवेश करती हैं। याद रखिये कि बड़ी कंपनी वही होती है जो नई-नई दवाओं को ईजाद करती है। किसी कंपनी की पहचान इसलिए नहीं होती कि उसका मुनाफा या निर्यात कितना है और कितना बढ़ रहा है। बड़ी कंपनी वही मानी जाती है जो अनुसंधान कर नई नई असरदार दवाएं मार्केट में लाये बहरहाल, बच्चों की मौतों के बाद उज्बेकिस्तान और भारत में जांच शुरू हो चुकी है। उत्तर प्रदेश ड्रग कंट्रोलिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने एक जॉइंट इन्क्वायरी शुरू कर दी है। देखिये, भारत का मित्र है उज्बेकिस्तान। सोवियत संघ के विघटन के बाद से भारत- उज्बेकिस्तान के सम्बन्ध लगातार करीब आते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1993 में उज्बेकिस्तान की यात्रा की थी। उस दौरान, दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग पर हस्ताक्षर हुए साथ ही ताशकंद के विश्व आर्थिक और कूटनीति विश्वविद्यालय में इंडियन चेयर की घोषणा और ताशकंद में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की गयी। इसी प्रकार भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्तो को मजबूती प्रदान करने के लिए 2006 में 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किया गया। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति करीमोव द्वारा 1994, 2000, 2005 व 2011 में भारत की यात्रा की गयी। उनकी 2011 में की गयी यात्राएं बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है क क्योंकि, भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सामरिक साझेदारी पर हस्ताक्षर हुए, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को गति देना था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में उज्बेकिस्तान की सफल यात्रा की। यानी भारत- उज्बेकिस्तान के संबंध लगातार मजबूत होते रहे। जिस तरह भारत का मित्र है उज्बेकिस्तान। उसी तरह से अफ्रीकी देश गाम्बिया भी भारत का मित्र देश है। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 2015 में गाम्बिया की यात्रा पर गये थे। उन्होंने वहां पर गाम्बिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि अफ्रीका का भविष्य का आर्थिक अनुमान और भारत का विकास दोनों ही एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। *(साभार)*

**भारत का फार्मा क्षेत्र का निर्यात 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक का माना जाता है। पर यह याद रखना होगा कि हमारे फार्मा सेक्टर की ग्रोथ पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, अगर हमने आगे चलकर अपने उत्पाद विश्व स्तरीय न बनायें। वैसे भी हमारी फार्मा कंपनियों पर आरोप लगता ही है कि वे अनुसंधान पर बहुत कम धन खर्च करती हैं। हां, इस बाबत कुछ ही कंपनियां अपवाद हैं।**

फार्मा क्षेत्र की बात



आर.के.सिन्हा

## फोटो की दुनिया



यह तस्वीर जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने पोस्ट की है।

## ट्वीट-ट्वीट

Tejashwi Yadav
@yadavtejashwi
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आदरणीय @MamataOfficial जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल जीवन की मंगलकामना करता हूँ।

## फेसबुक वॉल से

Anju sharma @Sharma... · 4h
सहमत है तो रिट्वीट करें 🙏🚩

twitter.com/i/spaces/1yNxa...




# क्या सावित्रीबाई फुले की विरासत भूल गया देश?

**किसी** भी समाज में व्यक्ति के संपूर्ण विकास की पहली और जरूरी शर्त शिक्षा होती है। शिक्षा किसी भी देश के सजग और समग्र विकास का मजबूत बेस होती है। हमारे देश में भी समावेशी शिक्षा की नींव रखने वाली सावित्रीबाई फुले की गौरवमयी विरासत मौजूद है। आज यानी 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्म के 192 साल हो चुके हैं। सवाल है कि आज के हमारे पढ़े-लिखे सभ्य समाज ने अपनी इस विरासत का क्या किया? ढेरों संस्थाएं और सरकारें सावित्रीबाई की 200वीं जयंती का समारोह मनायेंगी। लेकिन उनके शैक्षणिक, साहित्यिक चेतना, सामाजिक और राजनीतिक विरासत को बचाने की न तो सुगबुगाहट है और न ही कोई इच्छाशक्ति दिखाई पड़ती है। ऐसा लगता है मानो उनकी क्रांतिकारी चेतना को जिंदा न रहने देने में ही वर्ग विशेष की भलाई है। जबकि शिक्षा को लेकर सावित्रीबाई की परिकल्पना बहुत गहरी, दूरदर्शी और समावेशी थी। शिक्षा से उनका तात्पर्य शोषण आधारित मानसिकता की जगह वैज्ञानिक आधार और मानवीय मूल्यों को सुनिश्चित करना था। आज जब शिक्षा के मौलिक अधिकार का दायरा बढ़ाने के लिए तरह-तरह के मंच, आयोग और समितियां संघर्ष कर रहे हैं, तो यह नहीं भूलना चाहिए कि इसका डंका सावित्रीबाई फुले बहुत पहले ही बजा चुकी थीं। उनका मानना था कि क्रांतिकारी चेतना न हो तो समाज के बदलने का हर रास्ता बंद हो जाता है। 19वीं शताब्दी के भारत में जब महिला, खासकर शूद्र महिला के लिए पढ़ पाना एक सपना था, तब सावित्रीबाई फुले ने बहुसंख्यक शोषित-पीड़ित लोगों और महिलाओं को इसका सपना देखना और साकार करना सिखाया। जब भी सबाल्टर्न इतिहास लेखन की परंपरा की बात होगी तो फुले दंपती के योगदान को दरकिनार करना मुश्किल होगा। समाज के निम्न वर्गों, किसानों, गरीबों, शूद्रों, अतिशूद्रों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के अगुआ दस्ते के रूप में उन्होंने नया समाज बनाने का सपना देखना सिखाया। सावित्रीबाई फुले पहली असाधारण महिला पॉलिटिकल थिंकर भी थीं, जिन्होंने न्याय के सिद्धांतों को वास्तव में धरातल पर स्थापित करने का काम किया। उनकी इसी दूरदर्शिता के चलते 1852 में महिला सेवा मंडल नाम से महिलाओं का एक संघ बना। इस संगठन ने महिलाओं के बुनियादी अधिकारों और 'मन राइट्स के प्रति जागरूक किया। वह जाति और पितृसत्ता के गठजोड़ को उसकी संपूर्णता में समझती थीं, इसलिए उन्होंने महिलाओं के प्रति दोहरे मापदंड को तो उठाया ही, साथ ही यह पितृसत्ता से कैसे जुड़ा हुआ है उसको भी उजागर किया। उन्होंने विधवाओं के प्रति समाज की असंवेदनशीलता, शोषण और दमन के खिलाफ लोहा लिया। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह का न केवल समर्थन किया बल्कि इसे एक आंदोलन का रूप दिया। उन्होंने ऐसी महिलाओं और विधवाओं के बच्चों के लिए आश्रम खोले। उनके तथाकथित 'नाजायज' बच्चों को भी संरक्षण दिया। ऐसे बच्चों के लिए उन्होंने अनाथालय खोले और उनको सम्मान की जिंदगी दी। उन्होंने विधवा महिलाओं के बाल काटकर गंजे करने के खिलाफ नाई लोगों को संगठित कर इसके खिलाफ हड़ताल कराई। सावित्रीबाई फुले का जन्म एक ऐसे समय में हुआ, जब बंगाल में राजा राम मोहन रॉय, दयानंद सरस्वती और ईश्वरचंद्र विद्यासागर जैसे महान समाज सुधारकों ने लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया था। उनके सामाजिक सुधार कार्यक्रमों की गूंज महाराष्ट्र तक भी पहुंचने लगी थी। इसी कड़ी में ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख जैसे समाज सुधारक आगे आए। सावित्रीबाई फुले की जनचेतना और दूरदृष्टि हर मायने में उन तमाम सुधारकों से कहीं आगे थी। हमारे देश में समाज सुधारकों की लंबी विरासत होने बावजूद महिलाओं को ध्यान में नहीं रखा गया। आज भी किसी कमांडिंग पोजिशन पर उन्हें स्थापित करने में हिचकिचाहट होती है। स्कूल, विश्वविद्यालय और अदालतों में महिला प्रिंसिपल, कुलपति या जजों की संख्या बेहद कम है तो इसलिए क्योंकि हमारी पितृसत्तात्मक व्यवस्था को किसी महिला से कमांड लेने की आदत नहीं।

**19वीं शताब्दी के भारत में जब महिला, खासकर शूद्र महिला के लिए पढ़ पाना एक सपना था, तब सावित्रीबाई फुले ने बहुसंख्यक शोषित-पीड़ित लोगों और महिलाओं को इसका सपना देखना और साकार करना सिखाया। जब भी सबाल्टर्न इतिहास लेखन की परंपरा की बात होगी तो फुले दंपती के योगदान को दरकिनार करना मुश्किल होगा...**

आधी आबादी



चिंटू कुमारी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### ट्रक व ट्रैक्टर सहित 15 लाख का शराब बरामद



**बेगूसराय।** नए डीजीपी के कड़े निर्देश के बाद एसपी योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शराब कारोबार पर रोक लगाने के लिए एक्शन मोड में काम कर रही बेगूसराय पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है।इस बार यह सफलता मुफस्सिल थाना की पुलिस को अठवां ढाला मोहनपुर के समीप मिली है। जहां कि 186 कार्टन विदेशी शराब के साथ हरियाणा नंबर का एक ट्रक एवं ट्रैक्टर भी बरामद किया है। जबकि कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। बरामद शराब करीब 15 लाख का बताया जा रहा है।
एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि देर रात करीब दो बजे शराब माफिया द्वारा एक ट्रक ट्रक विदेशी शराब लाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना की पुलिस जब मोहनपुर एवं कोरिया के बीच स्थित आठवां ढाला के समीप चौक से थोड़ी दूर पर पहुंची तो ट्रक एवं ट्रैक्टर पर लोड 186 कार्टन में करीब 1655 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।

### कल्याणमय ने वापस ली जमानत की अर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार माध्यमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली ने अपनी जमानत की याचिका गुरुवार को वापस ले ली है। उन्होंने खुद ही कलकत्ता हाई कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की खंडपीठ में सुनवाई होनी थी। उसके पहले ही उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली। हालांकि न्यायाधीश ने स्पष्ट कर दिया है कि सीबीआई जैसे चाहे वैसे जांच जारी रख सकती है। न्यायालय इसमें किसी तरह से हस्तक्षेप नहीं करेगी। कल्याणमय फिलहाल जेल में ही रहेंगे। सीबीआई ने इस मामले में जो चार्जशीट दी है उसमें कल्याणमय गांगुली के भी नामजद किया है।

### 10 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले के कुमारगंज पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के 10 घंटे के भीतर एक युवक को चोरी के जेवरात और नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम खुर्शीद आलम है। मिली जानकारी के अनुसार, चोरी तीन जनवरी की रात कुमारगंज थाना क्षेत्र के सीताहर के निवासी ऐनुल सरकार के घर में चोरी हुई थी। जिसकी लिखित शिकायत ऐनुल सरकार ने चार जनवरी को थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद कुमारगंज थाने की पुलिस ने अभियान शुरू किया। इस दौरान पुकुरपाड़ा इलाके से खुर्शीद आलम को गिरफ्तार किया।

## मुंबई में बैंकिंग जगत के दिग्गजों से बोले मुख्यमंत्री योगी

# आईए, साथ मिलकर बनाएं नया उ.प्र

**नवीन मेल नेटवर्क। मुंबई/लखनऊ**

देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के विकास में सहयात्री बनने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के बैंकिंग और वित्तीय जगत का आह्वान किया है। नए भारत के 'ग्रोथ इंजन' उत्तर प्रदेश को $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के बड़े लक्ष्य के साथ दो दिवसीय दौरे पर मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गुरुवार को बैंकिंग जगत के दिग्गजों की बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाः मुझे पता है कि आप सभी न केवल अपने बैंक पर नजर रखते हैं, बल्कि हमारे उत्तर प्रदेश पर भी आपकी नजर है। आप वहां की हर खबर रखते हैं। आप हमारी विकास यात्रा के साक्षी भी हैं और सहभागी भी। उत्तर प्रदेश आकार में भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य के साथ-साथ हम सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाले प्रदेश हैं। यह युवा हमारी ताकत है, हमारी पूंजी है। यहां की उर्वर भूमि हमारे प्रदेश की समृद्धि का अहम साधन है। 2017 में जब हमारी सरकार बनी तब प्रदेश की माली हालत बहुत खराब थी। हमने कुछ योजनाएं बनाईं, बैंकों को फोन किया, लेकिन क्रेडिट इतनी खराब थी कि बैंकों ने रिस्पॉन्स नहीं दिया। आज यह बताते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि तब और अब के यूपी में सब बदल गया है। आज हम रेवेन्यू सरप्लस स्टेट हैं। हमने अपने वार्षिक बजट को दोगुने से ज्यादा तक विस्तार दिया है।

योगी ने कहा कि बीते 05-06 वर्षों के भीतर उत्तर प्रदेश सरकार वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है, जिससे उद्योगों को वैश्विक एवं घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लॉजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी। आज पूर्वी यूपी के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे है तो पिछड़ा कहे जाने वाले बुंदेलखंड की तरक्की को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे रफ्तार दे रहा है। पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र को जोड़ने के लिए हम प्रयागराज से मेरठ तक गंगा एक्सप्रेसवे बना रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश में 'एक्सप्रेसवे राज्य' के रूप में विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी की उपलब्धता है।




यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 05 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का एकमात्र राज्य बनने जा रहा है। हम लैंड लॉक स्टेट थे लेकिन अब यहां देश का पहला अंतर्देशीय जलमार्ग विकसित हो गया है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश में ही है। विकास और बदलाव के यह काम बिना बैंकों/वित्तीय संस्थानों के सहयोग के संभव नहीं था। आपने हमारा सहयोग किया तो देखिए, उत्तर प्रदेश कैसे बदल गया।
योगी ने कहा कि कोरोना काल में जब प्रवासी श्रमिक आये तो लोगों ने हमसे कहा कि इनको बुला रहे हैं। ये करेंगे क्या? हमने सबकी स्किल मैपिंग कराई। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हमने प्रदेश के परंपरागत उद्यम की भी मैपिंग की और उस अनुसार कार्यक्रम बनाये तो आज 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं जो करोड़ों युवाओं के सेवायोजन का माध्यम बनी हैं। एक जिला एक उत्पाद की जो हमारी अभिनव योजना है। हर जिले का अपना यूनिक उत्पाद है। हम उसकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग कर रहे हैं। यह योजना हमें अपने निर्यात को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है तो हमारे सामने चुनौतियां भी बहुत हैं। ये चुनौतियां हमें अपने लिए बड़े लक्ष्य तय करने और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करती है। कोविड के लिए हमारी प्रबंधन नीति को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित अनेक वैश्विक संस्थाओं ने सराहा है। तमाम चुनौतियों के बाद भी उत्तर प्रदेश आज पॉवर सरप्लस और रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने बड़े लक्ष्यों के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है।

योगी ने कहा कि हम राज्य में अनेक औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ स्थापित हो रहे दो डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में से एक का विकास उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है। पहले के उत्तर प्रदेश में बेटियां शाम होने के बाद घर से बाहर नहीं निकलती थीं, असुरक्षा का माहौल था। आज मैं पूरी जिम्मेदारी से कह सकता हूँ कि उत्तर प्रदेश में किसी बेटी को कोई बुरी नजर से देख नहीं सकता। अगर किसी ने देखा तो उसे सजा मिलनी तय है। हमने ऐसा माहौल बनाया है कि आज उत्तर प्रदेश में किसी व्यापारी या कॉन्ट्रैक्टर से कोई गुंडा टैक्स नहीं वसूल सकता। यहां तक कि पॉलिटिकल चंदा भी जबरन नहीं लिया जा सकता। हमने एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया। माफियाओं के अवैध कब्जे से भूमि खाली कराई। आज डिफेंस कॉरीडोर इसी भूमि पर बन रहा है। योगी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। आपने भट्टा-परसौल कांड सुना होगा। जमीन के लिए कितना विवाद हुआ। आज उसी भूमि पर वही किसान स्वेच्छा से एयरपोर्ट के लिए हमें भूमि दे रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री के 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य की पूर्ति में अपने लिए 1 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य आपके सहयोग से ही पूरा होगा। मैं आज आप सभी से यह कहने आया हूँ कि उत्तर प्रदेश में हम आपको हर संभव सहायता देंगे। हर तरह के संसाधन देंगे। बेहतर माहौल देंगे। बैंकिंग संस्थाएं हमारी एमएसएमई इकाइयों, कृषि, एफपीओ, स्टार्टअप आदि को मजबूत बनाने के लिए हमें सहयोग दें। पर्यटन भी एक प्राथमिक सेक्टर है, जिसके विकास में बैंकों का सहयोग अपेक्षित है। हमारी सरकार आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामायण सर्किट, महाभारत सर्किट, बौद्ध सर्किट का विकास कर रही है। प्रधानमंत्री के विजन का साकार रूप भव्य काशी ने सभी को आनंदित किया है। दिव्य अयोध्या का सपना भी पूरा हो रहा है।

योगी ने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे के निकट राज्य का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क का शुभारंभ किया गया है। इसी प्रकार यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में ग्रेटर नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क तथा अनेक फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों को विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमने अपनी नीतियों में संरचनात्मक परिवर्तन करके एक प्रतिस्पर्धी, आकर्षक एवं सहायक प्रोत्साहन ढांचा प्रदान किया है। नई औद्योगिक नीति एक विकल्प आधारित मॉडल प्रदान करती हैं, जो उत्पादन, रोजगार एवं निर्यात को प्रोत्साहित करती है। सर्कुलर इकोनॉमी, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स तथा ग्रीन हाइड्रोजन सहित नए क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। हमने सीडी रेशियो को 40 से बढ़ाकर 53% तक करने में सफलता पाई है, अब इसे 60% तक लाने में बैंकों को ठोस कोशिश करना होगा। हम अपनी ओर से हर तरह का योगदान करने को तत्पर हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुंबई में सिडबी के चेयरमैन एस. रमन, नाबार्ड की जीएम स्मिता मोहंती, सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज आशीष चौहान, कोटक महिंद्रा के सीईओ उदय कोटक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एबी विजय कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अजय खुराना, एसबीआई के सीएमडी दिनेश खारा, मोतीलाल ओसवाल के सीईओ विशाल तुलस्यान, केकेआर के सीईओ गौरव त्रेहन, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के एमडी मनीष जैन, यस बैंक के सीईओ प्रशांत कुमार, आईडीबीआई के सीईओ राकेश शर्मा आदि से मुलाकात की।

# नवाचारियों व निवेशकों को मिलेगा एक मंच

**गिरीश पांडेय। लखनऊ**

युवा आदतन इनोवेटिव (नवाचारी) होते हैं। सरकार या निजी स्तर पर मिले सहयोग से उनका हौसला बढ़ता है। पर, इस मदद की अपनी सीमाएं हैं। हर इन्नोवेटर की पहुंच सरकार एवं पूंजी लगाने वाले निजी क्षेत्र तक नहीं होती। ऐसे में तमाम नवाचार अच्छे होते हुए भी दम तोड़ देते हैं। ऐसे इनोवेटर्स को स्थानीय स्तर के निवेशकों से ही मदद मिल जाय, इसके लिए प्रदेश का युवा एवं खेल कल्याण विभाग लखनऊ में एक इन्नोवेशन सेंटर शुरू करेगा। इस सेंटर पर हफ्ते में एक दिन नवाचारी एवं निवेशक दोनों एकत्र होंगे। नवाचारी अपने आइडियाज का प्रस्तुतिकरण देंगे। अगर किसी निवेशक को यह पसंद आया तो वह उसे आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इस संबंध में पिछले दिनों एमएसएमई विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार और गेट ए फ्रेंचाइजी एलएलपी के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उत्तर प्रदेश चैप्टर ने लखनऊ में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया था। युवा कल्याण विभाग की ओर से शुरू किए जाने वाले स्टार्टअप एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स और यूपी एंजेल नेटवर्क सहयोग करने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि भारत युवाओं का देश है। देश की करीब 70 फीसद आबादी 35 साल से कम उम्र की है। इनमें से सिर्फ स्कूल जाने वाले युवाओं की संख्या 25 करोड़ से अधिक है। ये युवा डिजिटली भी स्ट्रांग हैं।

अपने स्तर से देश के युवा इन्नोवेशन में लगे भी हुए हैं। इनके नतीजे भी सकारात्मक निकले हैं। मसलन 2015 में ग्लोबल इन्नोवेशन इंडेक्स में भारत 81वें पायदान पर था। 2022 में सुधरकर 41वें नंबर पर आ गया। आबादी के लिहाज से सर्वाधिक बड़ा प्रदेश होने की वजह से यह देश का सबसे युवा प्रदेश भी है। इन्नोवेशन पर सरकार का खासा जोर भी है। इस बाबत सरकार नयी स्टार्टअप पॉलिसी भी ला चुकी है। पॉलिसी के तहत 2025 तक 10 हजार स्टार्टअप्स शुरू करने का लक्ष्य है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार अब तक 7800 स्टार्टअप्स शुरू हो चुके हैं। इसी क्रम में 100 स्टार्टअप्स इनक्यूबेटर के लक्ष्य के सापेक्ष 55 स्थापित हो चुके हैं। कैपेक्स और ओपेक्स अनुदान के तहत इन्क्यूबेटरों को 2.17 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। नवाचार को ही बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार ने 2021 में 1000 करोड़ रुपए के फंड ऑफ फंड्स की स्थापना की है। इसके अलावा, सिडबी यूपी फंड ऑफ फंड्स के तहत स्टार्टअप्स को 3.30 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। कुल मिलाकर मकसद नवाचार को बढ़ावा देकर युवाओं को सशक्त बनाना है। ऐसे युवा जो अपनी उद्यमशीलता के भरोसे नोकरी मांगने की बजाय देने वाला बने।

### 6 वर्षों में यूपी के बारे में दुनिया के लोगों के नजरिये में आया अभूतपूर्व बदलाव : सहगल

**प्रदेश** के अतिरिक्त मुख्य सचिव, खेल और युवा कल्याण विभाग, नवनीत सहगल के अनुसार पिछले 6 वर्षों में, राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है। हाल ही में इन्वेस्ट यूपी रोड शो के लिए विदेश यात्रा के दौरान जिस तरह विदेशी निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर रुचि दिखाई वह खुद में अभूतपूर्व बदलाव का सबूत है। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में देश और राज्य में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों का नतीजा है। यही वजह है कि नेशनल स्टार्टअप इकोसिस्टम में यूपी के लोगों का प्रतिनिधित्व लगातार बढ़ रहा है। यकीनन आने वाले समय में सकारात्मक माहौल के कारण इसमें और वृद्धि होगी।

# सुकमा में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी। जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में तीन नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि आत्मसमर्पण किए तीनों नक्सली 10 वर्षों से भी अधिक समय से नक्सल संगठन से जुड़े हुए थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि नक्सली लीडरों की भेदभावपूर्ण नीतियों से त्रस्त होकर और शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया है। इस अवसर पर तीनों नक्सलियों को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उधर, बीजापुर जिले में नक्सलियों ने 24 दिसंबर को अगवा किए गए दो अन्य ग्रामीणों को भी कल छोड़ दिया है। इनमें लोहंडीगुड़ा निवासी टेमरू नाग और बारसूर निवासी चापड़ी बत्तैया शामिल हैं। एक दिन पहले ही नक्सलियों ने दो पेटी ठेकेदारों कोंडागांव जिले के कुरुषनगर निवासी निमेंद्र कुमार दीवान,व नीलचंद नाग को छोड़ा था। गोरना में सड़क निर्माण के निरीक्षण के दौरान नक्सलियों ने चारों को अगवा किया था।

# अनियंत्रित कार चालक ने तीन को रौंदा, दो गंभीर

## तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे को तोड़ते हुए लोगों को लिया चपेट में

**एजेंसी। मोतिहारी**

नगर थाना क्षेत्र के अतिव्यस्तम स्टेशन रोड में एक बड़ी दुर्घटना हुई है,जहां एक कार चालक ने तीन लोगों को रौंद दिया। कार के टक्कर से जख्मी तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा गया। जहां उनका प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देख चिकित्सकों ने मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार के ड्राइवर को पकड़ लिया लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर समेत कार में



सवार एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि कार चांदमारी रेलवे गुमटी की ओर से स्टेशन रोड की ओर जा रही थी। उसी दौरान जिप अध्यक्ष के आवास(डाक बंगला) के तरफ से दो बाइक तेजी में निकला। बाइक को बचाने के चक्कर में कार के ड्राइवर ने एक बच्चे को टक्कर मार दी। जिस कारण बच्चा लगभग सात फीट उपर उछलने के बाद कुछ दूर जाकर गिरा।इस घटना के बाद ड्राइवर का नियंत्रण कार पर से खत्म हो गया और अपनी सब्जी का दुकान खोल रहे दुकानदार को टक्कर मारते हुए कार एक बिजली के खम्भे से टकरा गई। फिर पोल टूटकर कार पर जा गिरा। इस घटना में एक बच्चा समेत तीन लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार ड्राइवर और उसमें बैठे एक अन्य व्यक्ति को पकड़ लिया। तब तक घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और कार ड्राइवर उपेंद्र कुमार समेत उसमे बैठे दिलीप कुमार को हिरासत मे ले लिया।इधर स्थानीय लोगों ने जख्मी चार वर्षीय संजय कुमार और सब्जी विक्रेता 30 वर्षीय सीताराम साह समेत तीन लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### बसपा सांसद के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी

**सहारनपुर।** सहारनपुर में बसपा सांसद और उत्तर प्रदेश के बड़े मीट कारोबारी हाजी फजलुर्रहमान कुरैशी के तीन आवास, एक कार्यालय, दो मीट फैक्टरियों एवं स्टोन क्रशर पर आयकर विभाग की छापेमारी गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। दिल्ली और देहरादून के आयकर विभाग की पांच टीमों ने मंगलवार सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की थी जो गुरुवार के दिन भी जारी थी। छापेमारी के दौरान मकानों के अंदर और बाहर आईटीबीपी के जवान मुस्तैदी से ड्यूटी दे रहे हैं। सांसद और उनके परिजनों को बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है।

# देश की यात्रा पर निकलेंगे नीतीश

**नवीन मेल नेटवर्क। बेतिया**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि बिहार विधान मंडल के बजट सत्र के बाद वह देश की यात्रा पर निकलेंगे। पश्चिमी चंपारण के बेतिया से गुरुवार को अपनी 'समाधान यात्रा' की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इसके तहत वह दिल्ली के साथ ही अन्य राज्यों में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसका मतलब साफ है कि वह 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए वे पूरे देश की यात्रा करेंगे।

मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने इतने सालों में जो काम बिहार के लिए किया है, उसे देखने निकलें हैं। इस दौरान जो कमियां नजर आयेंगी, उसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे और फिर उसे दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यह भी बताया कि पहले वे समाधान यात्रा पूरी करेंगे और उसके बाद बजट सत्र भी है। इसके बाद देशव्यापी यात्रा की तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले अपने राज्य का विकास देख रहे हैं। यहां के सारे काम पूरे करेंगे। इसके बाद आगे बढ़ेंगे। इससे पहले दरुआबाड़ी गांव की लड़कियों ने मुख्यमंत्री से स्कूल बनाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि तुरंत इसे देखिए। हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों की पढ़ाई है। इन छात्राओं ने कहा कि उनके इलाके में स्कूल काफी दूर है, इसलिए उन्हें पढ़ाई में परेशानी होती है। इसलिए उनके गांव में ही स्कूल खोली जाये। नीतीश कुमार अपनी समाधान यात्रा के क्रम मे बेतिया से बगहा होते हुये दरुआबाड़ी गांव पंहुचे थे।

# बिहार में सर्द दिनों की आहट, सतर्क रहने की सलाह

**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना सहित राज्य के सभी जिलों में ठंड का प्रकोप जारी है। नये साल का आज पांचवां दिन गुजर गया लेकिन धूप देखने को नहीं मिली। कुहासा और ठंड पछुआ हवा में लोग ठिठुरने को मजबूर है। यही हालत अगले पांच दिनों तक रहने के संकेत मौसम विभाग ने दी है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में राज्य के 19 जिलों में कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक




गिरावट होने की संभावना है। इसके बाद अगले 48 घंटों के दौरान रात के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। ये स्थिति 10 जनवरी तक रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों में दिन के साथ ही रात के तापमान में भी पांच से छह डिग्री की गिरावट होगी। इससे दिन का पारा 11 से 15 डिग्री और रात का तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। पछुआ हवा सतह से डेढ़ किलोमीटर ऊपर तक पांच से छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही है। इसके साथ आर्द्रता 90 प्रतिशत है। इसके प्रभाव से बिहार के सभी हिस्से में घने कोहरे का असर दिखाई देगा। सुबह दृश्यता 40 से 120 मीटर तक रहेगी। दिन होने के साथ ही आसमान धीरे-धीरे साफ होगा लेकिन पूरे दिन धुंध का प्रभाव रहेगा।

### इन जिलों कोल्ड डे अलर्ट

प्रदेश में अगले दो दिनों के लिए पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा व सहरसा के लिए मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कोल्ड डे को लेकर अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

## डीजी का दौरा | आईआईएमसी के महानिदेशक ने किया अमरावती परिसर का दौरा

# भाषा ही है सफलता की सारथी : प्रो. द्विवेदी

**नवीन मेल नेटवक। अमरावती**

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने गुरुवार को अमरावती स्थित पश्चिम क्षेत्रीय परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान के सभी अध्ययन कक्षाओं, कम्प्यूटर लैब, ग्रंथालय, स्टूडियो आदि का निरीक्षण किया और संस्थान में अध्ययनरत अंग्रेजी, हिंदी व मराठी पत्रकारिता पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। आईआईएमसी के पश्चिम क्षेत्रीय परिसर अमरावती की



ओर से मराठी पत्रकारिता दिवस के मौके पर शुक्रवार 6 जनवरी, 2023 को होने वाले 'संपादक संवाद' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रो. द्विवेदी अमरावती पहुंचे हैं।

विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए आईआईएमसी के महानिदेशक ने कहा कि जीवन में प्रोत्साहन व प्रेरणा पाने के लिए बेहतरीन साहित्य का अध्ययन करें और किसी एक भाषा में निपुणता हासिल करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीवन में सुगमता और सफलतापूर्वक आगे बढ़ने के लिए कम से कम तीन भाषाओं का ज्ञान हासिल करना आवश्यक है। प्रो. द्विवेदी के अनुसार लोगों पर प्रभाव स्थापित करने का भाषा एक बेहतर माध्यम है।

संवाद के दौरान प्रो. द्विवेदी ने विद्यार्थियों के साथ अपने दीर्घ पत्रकारिता एवं शैक्षणिक अनुभवों को भी साझा किया और विद्यार्थियों के सवालों का जवाब भी दिया। कार्यक्रम में पश्चिम क्षेत्रीय केंद्र, अमरावती के निदेशक प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र कुमार भारती ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। आभार प्रदर्शन प्रो. अनिल जाधव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ. विनोद निताले, डॉ. आशीष दुबे, संजय पाखोडे, राजेश झोलेकर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल सीमा से 14 गौवंश सहित तीन गिरफ्तार

**एजेंसी। किशनगंज**

एसएसबी 19वीं बटालियन एवं सुखानी पुलिस बल ने गस्त के दौरान कल देर रात भारत-नेपाल सीमा के स्तंभ संख्या 118/01 से 03 किमी. की दूरी (भारत की ओर ) 14 गौवंश को एवं 03 तस्करों को गिरफ्तार किया है। जो इन गौवंश को नेपाल से भारत में अवैध तरीके से ला रहे थे। सीमा चौकी सुखानी में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र के साथ एसएसबी के जवानों ने गस्त के दौरान देखा कि भारत-नेपाल सीमास्तंभ संख्या 118/01 से 03 किमी. की दूरी (भारत की ओर) तीन तस्कर 14 गौवंश के साथ नेपाल से भारत की ओर आ रहे थे, जिसे गस्त दल द्वारा रोकने की



कोशिश करने पर तस्कर गौवंश छोड़कर भागने लगे लेकिन गश्ती दल द्वारा सभी गौवंश सहित 03 तस्करों को खदेड़ कर अपनी हिरासत में ले लिया गया। जब्त किए गए सभी गौवंश एवं तीनों तस्करों को आवश्यक कागजी कार्यवाही के साथ सुखानी थाना में जमा करवाने की कार्यवाही की जा रही है। तस्करों में मो.आजाद पिता-हसन अली, ग्राम-पोरवीटा, ठाकुरगंज, फजिजुल, ग्राम-घेराबाड़ी, ठाकुरगंज सरबर आलम पिता- इस्लामुद्दीन ग्राम-समलालवीटा, ठाकुरगंज बताया जा रहा है। पूरी कार्यवाही के दौरान सहायक उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र, मुख्य आरक्षी साधन रॉय, बीरबल, आरक्षी रणवीर सिंह, सुखविंदर, रुपेश हाजरा, बेलोचन स्विन, ललन कुमार, संजय कुमार, शेख शमिमुद्दीन सहित जवान शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### बीएसएनएल की 5जी सेवाओं के लिए अभी करना होगा इंतजार

**भुवनेश्वर।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल 2024 में 5जी सेवाएं शुरू करेगी। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को यह कहा। बीएसएनएल ने 4जी नेटवर्क शुरू करने के लिए टीसीएस और सी-डॉट के नेतृत्व वाले परिसंघ को चुना है, जिसे अनुबंध के तहत ऑर्डर देने के लगभग एक साल के भीतर 5जी में बदला जाएगा। दूरसंचार मंत्री ने कहा, पूरे ओडिशा में दो साल के भीतर 5जी सेवाएं शुरू की जाएंगी। गुरुवार भुवनेश्वर और कटक में ये सेवाएं शुरू की गई हैं।

### शाओमी ने लॉन्च की 5जी समार्टफोन सीरीज

**नयी दिल्ली।** शाओमी ने भारत में गुरवार को तीन 5 जी समार्टफोन रेडमी नोट 12, रेडमी नोट 12 प्रो और रेडमी नोट 12 प्रो+ लॉन्च कर दिए हैं। दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में कंपनी की ओर से बताया कि ये फोन नेक्स्ट जनरेशन 5ॠस्मार्टफोन हैं। कंपनी इन स्मार्टफोन्स को सुपर नोट कह रही है। यहां हम आपको बता रहें तीनों स्मार्टफोन्स की कंप्लीट स्पेसिफिकेशन डिटेल्स। रेडमी नोट 12, रेडमी नोट 12 प्रो और रेडमी नोट 12 प्रो+ 11 जनवरी से ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स और ऑर्थराइज्ड आउटलेट्स पर अवेलेबल रहेंगे।

### धमाकेदार शुरूआत के बाद औंधे मुंह गिरा आरबीएम इंफ्राकॉम का शेयर

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में उठा-पटक के बीच आरबीएम इंफ्राकॉम लिमिटेड के निवेशकों के लिए बुरी खबर है। कंपनी के शेयरों में आज यानी 5 जनवरी 2023 को लोअर सर्किट लग गया। इससे पहले कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री मारी थी। बता दें, कल कंपन की शेयर 53.06 प्रतिशत की उछाल के साथ 55.10 रुपये पर बंद हुए थे। लिस्टिंग के दूसरे दिन यानी आरबीएम के शेयर 54.80 रुपये पर ओपन हुए। लेकिन कुछ ही देर बाद इस स्टॉक कंपनी 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.35 रुपये के लेवल पर आ गए। यह आरबीएम का लोअर सर्किट लेवल भी था। बता दें, कंपनी का मार्केट कैप 44 करोड़ रुपये का है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना में 870 आवास 435 करोड़ रुपये में बेचे

**नयी दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक आवासीय परियोजना में 870 आवासीय इकाइयां 435 करोड़ रुपये में बेची हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि गोदरेज गार्डन सिटी की परियोजना सलेस्ट के नए चरण की शुरूआत में उसने दस लाख वर्गफुट से अधिक का क्षेत्र बेचा है। कंपनी ने कहा, कंपनी ने अक्टूबर 2022 में शुरू की गई सलेस्ट परियोजना में 870 आवास बेचे हैं जिनका बुकिंग मूल्य करीब 435 करोड़ रुपये है।

## अब मुकेश अंबानी संभालेंगे ग्रीन एनर्जी का कारोबार

# बच्चे संभालेंगे रिलायंस कंपनी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक और एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ग्रीन एनर्जी सेक्टर पर नजर जमा रहे हैं। हालांकि इससे पहले मुकेश अंबानी अपने बच्चों आकाश, अनंत और ईशा को रिलायंस इंडस्ट्रीज की अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपेंगे। बता दें कि रिलायंस इंडस्ट्रीज कुल 75 बिलियन डॉलर का निवेश ग्रीन एनर्जी में करने वाली है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मुकेश अंबानी का प्लान ग्रीन एनर्जी में फोकस होने के साथ ही गिगा फैक्ट्री और ब्लू हाइड्रोजन फैसलिटी का निर्माण करने का भी है। यह 15 सालों में 75 अरब डॉलर का निवेश करेगी, जिसकी घोषणा एक साल पहले ही की गई थी। वायर एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत के एनर्जी सेक्टर में अरबों डॉलर के निवेश की मांग कर रहा है और मध्य




पूर्वी फंड समेत संभावित निवेशकों से संपर्क किया है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि उनकी महत्वाकांक्षा इस सेक्टर में मजबूत करने की है। जैसा कि उन्होंने अपनी मोबाइल फोन कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के साथ किया था। एशिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति मुकेश अंबानी को कई उपलब्धियों के लिए जाना जाता है। 1990 के दशक में शिपिंग कंटेनरों जुड़े कुछ मुद्दों पर काम किया। इसके बाद ही मुकेश अंबानी ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी पेट्रो केमिकल रिफाइनरी खड़ी करने में कामयाबी दर्ज की। लगभग दो दशक बाद उनकी एक और अपस्टार्ट फर्म भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार ऑपरेटर बन गई। इसके साथ ही उन्होंने अपने बच्चों को रिलायंस इंडस्ट्रीज की जिम्मेदारी भी सौंपी है। रिलायंस ग्रुप के मुखिया मुकेश अंबानी ग्रीन एनर्जी सेक्टर में अधिग्रहण के टारगेट को पहचानने और शेयरधारकों से बातचीत कर रहे हैं और ग्रीन एनर्जी पर पूरी तरह से फोकस हैं। इधर, गौतम अडानी ने भी ग्रीन एनर्जी सेक्टर में मजबूत पकड़ बनाने के लिए प्लान तैयार किया है। ऐसे में दोनों कारोबारी इस सेक्टर में भी आमने-सामने होंगे।

## लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट के साथ शेयर बाजार हुआ बंद

**मुंबई।** लगातार दूसरे दिन भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है। हालांकि निचले लेवल से बाजार ने वापसी की है। एक समय सेंसेक्स में 600 तो निफ्टी में 150 अंकों की गिरावट आ गई थी। लेकिन आज का कारोबार खत्म होने पर सेंसेक्स 304 अंकों की गिरावट के साथ 60,353 तो एनएसई का निफ्टी 18,000 के नीचे 51 अंकों गिरावट के साथ 17,992 अंकों पर बंद हुआ है। बीते दो दिनों में सेंसेक्स में 940 और निफ्टी में 240 अंकों की गिरावट आई है। बाजार में आज ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल्स, एनर्जी सेक्टर के शेयरों में देखी गई। जबकि बैंकिंग, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयर में भी तेजी देखी गई है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 शेयर तेजी के साथ तो 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

## गोवा में दूसरा हवाई अड्डा चालू हर हफ्ते 168 फ्लाइट्स

**एजेंसी। गोवा**

गोवा के दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर गुरुवार से कामर्शियल फ्लाइट की शुरूआत हो गई। देश के सबसे बड़े एयरलाइन, इंडिगो ने मोपा हवाई अड्डे से वीकली 168 फ्लाइट शुरू करने की घोषणा की है। इस शहर से फिलहाल, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई, जयपुर और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शुरू हो रही है। इस, मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन बीते 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उत्तरी गोवा के मोपा में स्थित इस एयरपोर्ट के खुल जाने से सिर्फ गोवा ही नहीं, पास के महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ जिलों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इस हवाई अड्डे से देश के सबसे बड़े एयरलाइन इंडिगो ने देश के आठ शहरों के लिए फ्लाइट शुरू करने की घोषणा की है। इंडिगो ने मोपा हवाई अड्डे से हर सप्ताह 168 वीकली फ्लाइट शुरू



करने की घोषणा की है। ये फ्लाइट हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, जयपुर और अहमदाबाद के लिए होंगे। पहला एयरपोर्ट साउथ गोवा के डेबोलिम में है। इस बीच गोवा में एक नया डेवलपमेंट हो गया है। नार्थ गोवा के कुछ टैक्सी ऑपरेटरों ने तालुका, मोपा, वारखंड, नागजार और चंदेल टुगेदर फॉर पेडनेकर्स के बैनर तले विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इनकी मांग है कि सरकार उनकी टैक्सी को पीली-काली टैक्सी के रूप में पंजीकृत करे। साथ ही उन्हें एयरपोर्ट पर अलग काउंटर मिले और उन्हें ओला और उबर टैक्सियों पर प्राथमिकता मिले। इसे देखते हुए नार्थ गोवा के डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट ने नए मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, मोपा के आसपास धारा 144 लागू कर दी है।

## पूरा जोर लगाने के बावजूद वाहन कंपनियां नहीं बढ़ा पाई बिक्री

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हर साल दिसंबर के महीने में वाहनों की बिक्री बढ़ जाती है। वजह है कि वाहन कंपनियां साल के आखिरी महीने में कई तरह की छूट देती हैं। लेकिन इस बार कंपनियों की बिक्री बढ़ाने की तमाम तरकीबें काम नहीं आई हैं। वाहनों की बिक्री गिर गई है। कई वाहन कंपनियों ने साल 2023 में जनवरी महीने से रेट बढ़ाने का ऐलान किया था। दिसंबर महीने में छूट भी दी, लेकिन इसके बाद भी बिक्री बढ़ने की जगह गिर गई है। साल 2022 के दिसंबर महीने में वाहनों बिक्री कम हुई है। भारत में ऑटोमोबाइल डीलरों की संस्था फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों से इस बात का पता चला है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के



आंकड़ों के मुताबिक, वाहनों की बिक्री में करीब 5 फीसदी की गिरावट आई है। दिसंबर के महीने में ऑटो रिटेल के बाजार में काफी सुस्ती देखी गई। इसके पहले वाहनों की काफी बिक्री हो रही थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष-दर-वर्ष आधार पर दिसंबर साल 2022 में कुल वाहनों की बिक्री में 5 फीसदी की गिरावट रही है। इसमें सबसे ज्यादा गिरावट दोपहिया वाहनों की बिक्री में देखी गई है। दिसंबर में यह 11 फीसदी तक गिर गई है।

## सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में एफडी से ज्यादा रिटर्न

**नयी दिल्ली।** अगर आप सीनियर सिटीजन हैं और अपना पैसा कहीं ऐसी जगह निवेश करना चाहते हैं जहां आपके पैसों पर अच्छा रिटर्न मिले और पैसा भी सेफ रहे तो आप पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में पैसा लगा सकते हैं। इस स्कीम पर 8% सालाना ब्याज ऑफर किया जा रहा है। हम आपको आज इस स्कीम के बारे में बता रहे हैं। 60 साल या उससे अधिक आयु के बाद अकाउंट पोस्ट ऑफिस जाकर खुलवाया जा सकता है। हालांकि श्फ्र लेने वाला व्यक्ति जो 55 वर्ष से अधिक लेकिन 60 वर्ष से कम है वो भी इस अकाउंट को खोल सकता है। इसके अलावा डिफेंस (रक्षा विभाग) से रिटायर्ड हुए हो वो 50 साल से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग भी इस योजना में निवेश कर सकते हैं।

## अब अमेरिकी वीजा लेना पड़ेगा महंगा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अगर आप अमेरिका में नौकरी करने का सपना देख रहे हैं या अमेरिका जाना चाहते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर नहीं है। दरअसल संयुक्त राज्य अमेरिका वीजा की कुछ कैटेगरी में फीस बढ़ा सकता है। अमेरिका ऐसा इमीग्रेशन ऑपरेशन का बेहतर तरीके से मैनेजमेंट करने और वीजा प्रोसैसिंग की ग्लोबल बैकलॉग से निपटने के लिए कर रहा है। अगर प्रशासन के इस कदम को मंजूरी मिल जाती है तो एच-1बी वीजा के लिए फाइलिंग फीस में भारी बढ़ोतरी की संभावना है। इस कदम से अमेरिकी और भारतीय दोनों देशों की टेक्नोलॉजी कंपनियां प्रभावित होंगी। दरअसल एच-1बी और एल वीजा (एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर) होते हैं। ये वीजा फीस अमेरिकी नियोक्ता कंपनियां वहन करती हैं। ऐसे में इस प्रस्ताव के लागू होने से अप्रवासी कर्मचारियों को काम पर रखने की लागत में भारी




इजाफा हो सकता है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (वरउक्र) ने प्रस्तावित नियम बनाने की सूचना प्रकाशित की है। अगर वीजा की इन दो कैटेगरी की फीस में बढ़ोतरी होती है तो भारत और चीन के लोगों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। इसकी वजह है कि भारत और चीन से काफी लोग इन दो कैटेगरी में अमेरिका के लिए वीजा लेते हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि एच-1बी वीजा लगभग के लगभग 70 और प्रत्येक वर्ष जारी किए गए स्थायी निवास परमिट के आधे के लिए जिम्मेदार हैं। भारतीय नागरिक अमेरिका के आईटी और फॉर्मा जैसी कंपनियों में बड़ी संख्या में काम करते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, अमेरिका में 1280000 भारतीय एनआरआई, 3180000 भारतीय पीआईओएस और 4460000 ओवरसीज भारतीय रहते हैं। ये नागरिक वहां से कमाई का बड़ा हिस्सा भारत में रहने वाले अपने परिवारजनों को भी भेजते हैं, जिससे सरकार को विदेशी मुद्रा भंडार बनाए रखने में मदद मिलती है।

## पिछले पांच दिनों में सोने के भाव में दिखी तेजी

**नयी दिल्ली।** पिछले पांच दिनों में सोने के भाव में जबरदस्त तेजी दर्ज की जा रही है। एमसीएक्स में सोना पांच दिनों में 750 रुपये से अधिक महंगा हो चुका है। आज भी सोने के भाव में तेजी देखी जा रही है। चांदी की बात करें तो शुरूआती कारोबार में इसमें गिरावट दर्ज की गई है। इसके बाद चांदी के भाव में भी तेजी देखी गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज के भाव की बात करें तो आज सोना 55,794 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। इसमें खुलने के साथ ही 0.19 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। वहीं चांदी की बात करें तो मार्केट खुलने के साथ ही इसमें गिरावट दर्ज गई है और यह 0।08 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 69,330 रुपये पर खुला था। सुबह 11:30 बजे की बात करें तो 24 कैरेट सोना तेजी के साथ कारोबार कर रहा है और यह फिलहाल 55,802 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है।

## कच्चे तेल की कीमतों में हुई बढ़ोत्तरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कच्चे तेल की कीमतों में आज यानी गुरुवार को उछाल आया है। पिछले कुछ वक्त में अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही थी। वहीं आज यानी 5 जनवरी 2023 को कच्चे तेल की कीमतों में तेजी है। इस दौरान ब्रेंट क्रूड ऑयल के प्राइस बढ़कर 87 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए हैं। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल की बात करें तो यह गिरकर 81 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। ओपेक देशों की तरफ से किये निर्णय का असर यह हुआ कि रेकॉर्ड लेवल तक गिरने वाला क्रूड बढ़कर एक समय 100 डॉलर के करीब पहुंच गया था। हालांकि घरेलू बाजार में पिछले छह महीने से पेट्रोल-डीजल का रेट एक ही स्तर पर बना हुआ है। आज यानी गुरुवार को भी देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में की बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने 5 जनवरी 2023 को भी पेट्रोल-



डीजल की कीमतें स्थिर रखी हैं। इस तरह आज लगातार 222वां दिन है जब देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आज गुरुवार को देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल का भाव 94.24 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में गुरुवार को पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। नोएडा में गुरुवार को पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। गुरुग्राम में पेट्रोल 97.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.05 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चंडीगढ़ में पेट्रोल 96.20 रुपये और डीजल 84.26 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का भाव 96.57 रुपये और डीजल की कीमत 89.76 रुपये प्रति लीटर है।

### 4000 रुपये बढ़ गए एफआरएफ शेयर के दाम निवेशक हुए मालामाल

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में गुरुवार को टायर कंपनी एमआरएफ के स्टॉक में लगभग 4000 रुपये की तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर शुरूआती कारोबारी में लगभग 4.5 प्रतिशत यानी 4000 रुपये तक बढ़ कर 91888 रुपये गए। एमआरएएफ का शेयर भारत का सबसे महंगा शेयर है। बता दें कि यह एक इंटरनेशल मल्टीनेशनल कंपनी है और भारत में टायर का सबसे बड़ा निमार्ता है और दुनिया में टायर का चौदहवां सबसे बड़ा मैन्यूफैक्चरर है। इसका मुख्यालय चेन्नई, भारत में है। कंपनी टायर, धागे, ट्यूब और कन्वेयर बेल्ट, पेंट और खिलौने सहित कई रबर उत्पादों का निर्माण करती है। मार्केट एक्सपर्ट के मुताबिक, डिमांड आउटलुक के संदर्भ में सेक्टर का रूग पॉजिटिव है। इनपुट कीमतों में सुधार से मिड लेवल में ऑपरेटिंग मार्जिन प्रदर्शन में सुधार होने की संभावना है।

## पेज एक का शेष

### कार्रवाई : हथियार के...

में खुद ही उग्रवादियों के पास पहुंच गए। इस दौरान जैसे ही उग्रवादी पैसा लेने के लिए पहुंचे उन्हें सादे लिबास में तैनात पुलिसकर्मियों ने धर दबोचा। गिरफ्तार उग्रवादियों में प्रेम प्रकाश बारला, करम देव तिर्की, विजय गोप और संजय कुमार शामिल है। तलाशी के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देसी कट्टा पांच कारतूस और कई मोबाइल बरामद किए गए।

**अपराध की योजना बना रहे सात गिरफ्तार :** पुलिस को दूसरी सफलता शहरी इलाके में मिली। जहां एक काले रंग की स्कॉर्पियो में अवैध हथियार के साथ अपराधी घूम रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे शहर में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान हिंदपीढ़ी इलाके में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो देखी गयी। पुलिस ने तुरंत स्कॉर्पियो की घेराबंदी कर उसमें सवार सभी युवकों को हिरासत में ले लिया और जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें से तीन हथियार और कई कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से ही सभी सातों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके हथियार को जब्त कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में मो. इमरान उर्फ गूगन, बेलाल खान, बाबू खान, अरबाज खान, मो. चांद, मो. नसीम और मो. कलाम शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के ऊपर पहले से ही हत्या, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे मामले दर्ज हैं और वे कई बार जेल भी जा चुके हैं।

### ग्रामीण परिवेश को...

स्वास्थ्य और रोजगार समेत सभी क्षेत्रों के लिए तमाम योजनाएं शुरू की गई है। वहीं, सर्वजन पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लोगों को आर्थिक सुरक्षा कवच देने का काम हो रहा है।

ग्रामीणों को आर्थिक रूप से बना रहे स्वावलंबी : मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सक्षम और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी तमाम योजनाएं शुरू की गई हैं। आप इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को जोड़ने के लिए भी जागरूक करें। इससे आप आत्मनिर्भर बनेंगे और ग्रामीण क्षेत्र भी मजबूत होगा।

**गांवों में दवाओं की नहीं होगी किल्लत, सरकार कर रही व्यवस्था :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दवाओं की किल्लत नहीं हो, इसकी व्यवस्था सरकार जल्द करने जा रही है। अब हर गांव में जेनेरिक दवाएं की व्यवस्था होगी। इसके लिए गांव के ही पढ़े-लिखे नौजवानों को दवा दुकान खोलने की इजाजत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में जरूरी दवाओं की उपलब्धता करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि इमरजेंसी में किसी बीमार को दवा का अभाव नहीं हो।

### अपनी प्रवेश प्रक्रिया...

पारदर्शी और वाजिब हो। ऐसे में सवाल है कि इस देश में प्राइवेट विश्वविद्यालय- अशोक विश्वविद्यालय है, इसी तरह से अन्य तमाम प्राइवेट विश्वविद्यालय व प्रबंध शास्त्र के कॉलेज भी हैं। उनकी फीस लगभग विदेशी विश्वविद्यालयों, संस्थानों के बराबर हैं। ऐसे में किस फीस स्ट्रक्चर की बात यूजीसी कर रही है? क्या यह केवल फेस सेविंग के लिए कही जाने वाली बात की तरह है? यूजीसी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसरों में आरक्षण नीति, दाखिले संबंधी नीति निर्धारण के बारे में निर्णय विदेशी विश्वविद्यालय करेंगे, इसमें यूजीसी की भूमिका नहीं होगी। यूजीसी के बड़े साहब ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि फंड ट्रांसफर में कोई गड़बड़ी न हो, फंडिंग से संबंधित सभी मामले फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के अनुसार होंगे। इसके बारे में अधिक जानकारी जनवरी 2023 के अंत तक अधिसूचित की जाएगी। इन पूरे मामले में मूल बात यह है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों व शिक्षा संस्थानों सहित आईएमएफ व विश्व बैंक का लंबे समय से दबाव है कि भारत का सब कुछ प्राइवेटाइज किया जाए। रेलवे, हवाई अड्डा, पोर्ट, गोदाम, चिकित्सा, शिक्षा, खेती सब कुछ। बीते कुछ वर्षों में इसमें तेजी आ गई है। संभव है जल्दी ही खबर सुनने को मिले कि देश के फलां-फलां प्रसिद्ध केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों को फलां-फलां बड़े गुजराती, मुंबईया सेठ या एनआरआई ने अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोप के फलां-फलां नामी विश्वविद्यालयों के साथ साझा करके 50 वर्ष या इतने वर्ष के लीज पर ले लिया और हुक्मरानों द्वारा इसको प्राइवेटाइज करना न कह, यह कहा जाएगा कि यह तो लीज पर दिया गया है।

### मिशन 2024 : लोस चुनाव को...

गैर भाजपाई दलों के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीतने की वजह से यहां का विकास अवरूद्ध हुआ है। अमित शाह के चाईबासा आगमन का उद्देश्य सिर्फ लोकसभा चुनाव से पहले कोई जनसभा करना मात्र नहीं है बल्कि श्री शाह यहां पहुंचकर पहले भाजपा की लोकसभा कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे और कोर कमेटी के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपेंगे। अंदरखाने यह भी चर्चा है कि सिंहभूम के कुछ बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल करने की कवायद भी चल रही है।

**बेरोजगारी** | मंदी की आशंका के मद्देनजर लिया गया फैसला

# अमेजन हटाएगा 18 हजार कर्मचारियों को

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अमेजन इस महीने से 18 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करने जा रहा है। बीते कुछ सालों में अमेजन ने बड़ी संख्या में एम्प्लॉइज की भर्ती की थी, लेकिन अब मंदी की आशंकाओं के बीच कर्मचारियों को कम किया जा रहा है। इस छंटनी से कई टीमें प्रभावित होंगी। सबसे ज्यादा कर्मचारी अमेजन स्टोर और पीपल, एक्सपीरियंस एंड टेक्नोलॉजी टीम के हैं। इससे पहले कंपनी ने पिछले साल नवंबर में 10 हजार कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की थी। अमेजन के पास सितंबर के अंत तक 15 लाख से ज्यादा कर्मचारी थे, जो इसे सबसे बड़े अमेरिकी एम्प्लॉयर्स में से एक बनाता है। अमेजन के इस फैसले



के बाद उसके शेयर में 2 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। हालांकि बाद में शेयर करीब-करीब फ्लैट बंद हुआ। अमेजन के सीईओ ने कहा- जो लोग इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं उन्हें हम एक सेपरेशन पेमेंट, ट्रांजिशनल हेल्थ इंश्योरेंस बेनिफिट और एक्सटर्नल जॉब प्लेसमेंट सपोर्ट दे रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि इन कटौतियों से प्रभावित लोगों के योगदान के लिए मैं बहुत आभारी हूं। वहीं जो लोग हमारे साथ आगे की यात्रा जारी रखेंगे, उनसे मैं हर दिन ग्राहकों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने के लिए

**प्रभावित कर्मचारियों को सेपरेशन पेमेंट, ट्रांजिशनल हेल्थ इंश्योरेंस बेनिफिट और एक्सटर्नल जॉब प्लेसमेंट सपोर्ट दे रहे हैं।**

पार्टनरशिप की आशा करता हूं। उन्होंने कहा- 'हम आम तौर पर इस तरह का कम्युनिकेशन प्रभावित लोगों से बात करने के बाद ही करते हैं। लेकिन हमारे एक साथी ने इस जानकारी को बाहरी रूप से लीक कर दिया था, इसलिए हमने तय किया कि इस जानकारी को पहले साझा करना बेहतर होगा। हम 18 जनवरी से प्रभावित कर्मचारियों से कम्युनिकेट करना चाहते हैं। बीते दिनों वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया था कि कंपनी ने अपनी कुछ अनप्रॉफिटेबल यूनिट्स में काम करने वाले एम्प्लॉइज को कहीं और नौकरी खोजने को कहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि कंपनी के कई प्रोजेक्ट्स बंद या जल्द ही सस्पेंड किए जा सकते हैं। कंपनी पहले ही हायरिंग को फ्रीज करने का ऐलान कर चुकी है। कंपनी ने एक नोट में कहा था, 'हम एक असामान्य मैक्रो इकोनॉमिक एन्वायर्नमेंट का सामना कर रहे हैं। इस एन्वायर्नमेंट के बीच हम अपनी हायरिंग और इन्वेस्टमेंट्स को बैलेंस करना चाहते हैं। यह पहली बार नहीं है, हमने इससे पहले भी कई बार चैलेंजिंग इकोनॉमीज का सामना किया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### शाह ने जोशी को दी जन्मदिन की बधाई

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी को जन्मदिन की बधाई दी। शाह ने ट्विटर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा : वरिष्ठ भाजपा नेता आदरणीय डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए उनका संघर्ष एवं शिक्षा मंत्री रहते हुए शिक्षा क्रांति लाने में उनके निस्वार्थ एवं समर्पित भाव से किए कार्य अविस्मरणीय हैं।

### विप्लव देव पर सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप

**अगरतला।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद विप्लव कुमार देव पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से पहले मंगलवार को गोमती जिले के अपने पैतृक गांव जामजुरी इलाके में हिंसा में शामिल होने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगा है। विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस के अलावा देव के खिलाफ अपने पैतृक घर पर हमले के झूठे आरोप लगाने और स्थानीय मुस्लिम द्वारा भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को एक संत के वाहन में तोड़फोड़ करने के लिए शिकायत दर्ज की है।

### 27वीं सिंधु दर्शन उत्सव 23 जून से

**अजमेर।** 27वीं सिंधु दर्शन यात्रा के तहत सिंधु दर्शन उत्सव लेह लद्दाख में 23 से 27 जून 2023 तक आयोजित किया जाएगा। राजस्थान में अजमेर से प्रदेश प्रभारी महेन्द्र कुमार तीथार्णी ने बताया कि सिंधु दर्शन यात्रा समिति की अखिल भारतीय तैयारी बैठक कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 16 जनवरी 2023 को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुरलीधर माखीजा तथा यात्रा के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार करेंगे।

### सब्जी में मांस का टुकड़ा मिला, दो लोगों की सेवाएं समाप्त

**रायसेन (मप्र)।** रायसेन में संचालित एक आंगनवाड़ी केंद्र में सब्जी के अंदर मांस का टुकड़ा मिलने के मामले में दो लोगों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। महिमा बाल विकास अधिकारी दीपक संकत ने बताया कि इस मामले में कलेक्टर के आदेश के बाद जांच कराई गई थी। मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तरन्नुम खान और सहायिका सुषमा यादव की सेवाएं समाप्त कर दी गई है, जबकि सुपरवाइजर सुनीता रजक को निलंबित कर दिया गया है।

### मुंबई में 25वीं मंजिल से गिरी लिफ्ट, एक की मौत

**मुंबई।** मुंबई में 25वी मंजिल से लिफ्ट टूटकर गिर गई। हादसे में 20 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना विक्रोली में स्थित सिद्धिविनायक सोसाइटी में दोपहर को हुई। लिफ्ट में चार लोग थे, जैसे ही लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर गिरी वहां मौजूद लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा खोला। इसके बाद तीन लोग घायल स्थिति में लिफ्ट से बाहर आए, लेकिन 20 साल का युवक लिफ्ट में ही फंसा रहा। जिससे उसकी मौत हो गई।

# जल संरक्षण के प्रयासों में जनता को जोड़ना होगा अहम : पीएम मोदी

**'वाटर विजन @ 2047' को पीएम ने किया वर्चुअली संबोधित**

**राज्यों के नियंत्रण में है संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय**



**एजेंसी। भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में जनता और सामाजिक संगठनों को साथ लाना होगा, क्योंकि किसी भी अभियान में जनता के जुड़ने से उसमें अभियान के प्रति 'सेंस ऑफ ओनरशिप' आती है। गुरुवार को मोदी यहां आयोजित प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का सम्मेलन 'वाटर विजन @ 2047' को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल मंत्रियों का सम्मेलन अहम है। संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय राज्यों के नियंत्रण में हैं। राज्यों के प्रयास सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक साबित होंगे। किसी भी कार्य में सरकार के अकेले प्रयास से सफलता नहीं आती। जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में भी जनता, सामाजिक संगठन और सिविल सोसाइटी को जोड़ना होगा। जनभागीदारी का एक और पक्ष भी है। कुछ लोग सोचते हैं कि जनभागीदारी से सरकार की जिम्मेदारी कम हो जाती है। पर ऐसा नहीं है। जनभागीदारी का बड़ा लाभ ये है कि जनता को भी पूरी प्रक्रिया में लगी मेहनत पता चलती है। अभियान में जनता जुड़ती है तो नागरिकों में 'सेंस ऑफ ओनरशिप' भी आती है, जो सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत अभियान' इसका बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी अभियान की तरह अब जल संरक्षण के प्रति भी जनभागीदारी की सोच जनता में जगानी है। जलजागरुकता महोत्सव आयोजित किए जा सकते हैं। साथ ही स्थानीय मेलों में पानी की जागरुकता के लिए कई प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने इस कार्य से नई पीढ़ी को जोड़ने का भी आग्रह किया। मोदी ने कहा कि इंडस्ट्री और खेती दोनों ही क्षेत्रों को पानी की आवश्यकता होती है। इन दोनों ही क्षेत्रों से जुड़े लोगों में विशेष अभियान चलाकर जल सुरक्षा के प्रति जागरुकता लानी होगी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सभी राज्यों में काम हो रहा है। जल संरक्षण के लिए केंद्र ने अटल भूजल संरक्षण योजना शुरू की है। इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। नदियां और अन्य जलस्रोत जल पारिस्थितिकी तंत्र का सबसे अहम हिस्सा हैं। ये बाहरी कारकों से प्रदूषित न हों, इसके लिए हर राज्य को कार्य करना होगा।

### मध्यप्रदेश की जल नीति शीघ्र आएगी : शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि जल संरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार बेहद गंभीर है और इससे जुड़े विभिन्न आयामों पर केंद्रित राज्य की जल नीति शीघ्र ही सामने आ जाएगी। चौहान यहां प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का सम्मेलन 'वाटर विजन @ 2047' को संबोधित कर रहे थे। चौहान ने जल और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया और कहा कि सरकार जल नीति भी बना रही है। इसमें जल संरक्षण और इससे जुड़े विभिन्न आयामों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जल नीति सार्वजनिक कर दी जाएगी। जल संरक्षण के लिए वृक्षों को बचाने और पर्यावरण की रक्षा की जरूरत भी है। ये आपस में जुड़े हुए हैं। वे स्वयं प्रतिदिन पौधों का रोपण पिछले दो वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के मंत्रियों को आमंत्रण दिया कि वे भी कल यहां उनके साथ पौधारोपण करें। चौहान ने कहा कि जल संरक्षण हमारी संस्कृति में शामिल रहा है लेकिन पिछले कुछ दशकों से जल और वृक्ष संपदा का अंधाधुंध दोहन हुआ। इस वजह से पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है। अनेक स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य हुए और अब स्थितियां फिर बदल रही हैं। उन्होंने बढ़ते शहरीकरण और आने वाले समय में शहरों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की चुनौती है।

# तुर्की अंतर्राष्ट्रीय गैस शिखर सम्मेलन की करेगा मेजबानी

**अंकारा।** तुर्की के ऊर्जा मंत्री फतह डोनमेज ने कहा है कि तुर्की ने गैस के बुनियादी ढांचे को खोलने के लिए फरवरी में अंतरराष्ट्रीय गैस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की योजना बनाई है। सीएनएल तुर्क की रिपोर्ट के मुताबिक श्री डोनमेज ने कहा उन्होंने बाल्कन देश के वित्त मंत्री को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है। श्री डोनमेज ने उत्तर मैसेडोनिया की यात्रा के दौरान यह बातें कही हैं। तुर्की अपने अपेक्षित निर्णय के साथ इस वर्ष गैस व्यापार केंद्र बनने के लिए रूस की पेशकश पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि तुर्की ने पिछले साल के अंत में अपने काला सागर तट से एक नए गैस भंडार की खोज की है।

# अमेरिका के एक घर में पांच बच्चों सहित आठ की हत्या




**एजेंसी। वाशिंगटन**

उत्तरी अमेरिकी के उटाह प्रांत में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आयी है। यहां गोली मारकर पांच बच्चों सहित आठ लोगों की हत्या कर दी गयी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि उटा के ग्रामीण इलाके में एक घर के भीतर आठ लोगों के शव बरामद हुए हैं, जिनकी गोली मारकर हत्या की गई है। अमेरिकी जांच अधिकारियों ने गोलबारी को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

पुलिस के मुताबिक, उटाह के 8000 की आबादी वाले कस्बे में यह वारदात हुई है। गोलीबारी किसने की और क्यों चलाई, इस बारे में पुलिस अभी जांच कर रही है। अधिकारियों ने जांच के दौरान एक घर के अंदर तीन वयस्कों और पांच नाबालिगों को मृत पाया। उन्होंने बताया कि मृतकों के शरीर पर गोली के निशान दिखाई दिए। इस घटना से संबंधित मामले की जांच जारी है।

# दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग का रेड अलर्ट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है। वहीं, मौसम विभाग ने सात जनवरी तक शीतलहर चलने पर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से चल रही बर्फीली हवाओं की वजह से आज लोधी रोड़ पर न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कई पर्वतीय क्षेत्रों से नीचे रहा। इस तरह दिल्ली में गुरुवार को सुबह सीजन की सबसे सर्द सुबह रही और राजधानीवासियों को हाड़ कंपाने वाली सर्दी से दो-चार होना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग का कहना है कि भारत के उत्तर- पश्चिमी और मध्य एवं पूर्वी भारत में अगले दो-तीन दिनों में अत्यधिक घना कोहरा छा सकता है। दिल्ली के पालम में यह 25 मीटर तो सफदरजंग में 50 मीटर की दृश्यता रिकॉर्ड की गयी है। ठंड के मद्देनजर दिल्ली एयरपोर्ट ने सभी यात्रियों को भी अलर्ट कर दिया है। हवाई अड्डा अधिकारियों का कहना है कि अभी तो सभी उड़ानें सुचारू रूप से चल रही हैं, लेकिन आने वाले समय में दृश्यता कम होने के कारण उड़ानों में देरी हो सकती है।



# साल 2023 में समाप्त हो सकती है कोरोना महामारी : घेब्रेयसस

**एजेंसी। जिनेवा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने उम्मीद जताई है कि कोविड-19 महामारी 2023 में समाप्त हो जाएगी। श्री टेड्रोस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा : कोविड-19 निस्संदेह अभी भी चर्चा का एक प्रमुख विषय है, लेकिन मुझे विश्वास है और उम्मीद है कि सही प्रयासों से इस साल यह सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल आधिकारिक रूप से समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नैदानिक देखभाल, टीकों और उपचारों में सुधार के कारण दुनिया अब कुछ साल पहले की तुलना में काफी बेहतर स्थित में है। उन्होंने कहा कि परीक्षण, उपचार और टीकाकरण तक पहुंच में अभी भी काफी असमानताएं हैं और अंततः कोरोना मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और समाज के लिए बड़े पैमाने पर एक खतरनाक वायरस बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस का पहला मामला चीन के वुहान में दिसंबर 2019 में दर्ज किया गया था।

### चीन में कोरोना की स्थिति को लेकर बाइडेन चिंतित

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस बात को लेकर 'चिंतित' हैं कि चीनी अधिकारी कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से कैसे निपट रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने प्रशासन की नई नीति को दोहराया कि चीन से अमेरिका आनेवाले सभी यात्रियों का परीक्षण किया जाना चाहिए। श्री बाइडेन से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब पूछा गया कि क्या वह इस बात से चिंतित हैं कि चीनी अधिकारी कोविड-19 से कैसे निपट रहे हैं, तो उन्होंने कहा, हां...मैं चिंतित हूं। उन्होंने कहा : मुझे लगता है कि हमें अभी उस प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि यदि आप चीन से उड़ान भर रहे हैं, तो आपको परीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि चीनी अधिकारी बहुत संवेदनशील हैं।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**कोर्ट ने कहा, 50 हजार लोगों को रातों-रात उजाड़ नहीं सकते**

**एजेंसी। हल्द्वानी**

हल्द्वानी में रेलवे की जमीन से 50 हजार लोगों को हटाए जाने से जुड़े केस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। इस केस की अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी। हल्द्वानी में रेलवे की जमीन से 50 हजार लोगों को हटाए जाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इतने सारे लोग लंबे समय से वहां रह रहे हैं। उनका पुनर्वास तो जरूरी है। 7 दिन में ये लोग जमीन कैसे खाली करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा- 50 हजार लोगों को रातों-रात नहीं उजाड़ सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब उस जमीन पर कोई कंस्ट्रक्शन और डेवलपमेंट नहीं होगा। हमने इस पूरी प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई है। केवल हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई है। इस केस की अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को गिराने का आदेश दिया था। वहां करीब 4 हजार से ज्यादा परिवार रहते हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि वो रेलवे की जमीन है। रेलवे विभाग का हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा चल रहा था। हमने पहले ही कहा है कि जो भी कोर्ट का आदेश होगा, हम उसके अनुसार आगे की कार्रवाई करेंगे।

# पठान के कई दृश्यों पर चलेगी कैंची

**एजेंसी। मुंबई**

सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म पठान में कई परिवर्तन करने के सुझाव दिए थे। इनमें विवादित गाना बेशरम रंग में भी बदलाव शामिल है। डायलॉग में परिवर्तन से लेकर कई सीन को सेंसर किए जाने तक सीबीएफसी ने पठान में 10 से ज्यादा कट लगाने के लिए कहा था। वहीं, बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, 'रॉ' शब्द को 'हमारे' से रिप्लेस किया गया है जबकि 'लंगड़े लुल्ले' की जगह 'टूटे फूटे', 'पीएम' की जगह 'राष्ट्रपति या मंत्री' और 13 जगहों से 'पीएमओ' शब्द हटा दिया गया है। 'अशोक चक्र' को 'वीर पुरस्कार', 'पूर्व-केजीबी' को 'पूर्व-एसबीयू' और 'मिसेज भारतमाता' को 'हमारी भारतमाता' से बदल दिया गया। स्कॉच शब्द को 'ड्रिंक' से बदल दिया गया था, जबकि फिल्म में दिखाई देने वाले टेक्स्ट 'ब्लैक प्रिजन, रूस' को 'ब्लैक प्रिजन' से रिप्लेस किया गया है।

FILMY हलचल

# फिल्म गदर-2 का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता व सांसद सन्नी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की आनेवाली फिल्म गदर-2 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बन रही सन्नी देओल की फिल्म 'गदर-2' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। इसमें सन्नी देओल एक भारी से बैलगाड़ी का पहिया उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस लुक में सन्नी अपने पुराने अवतार में नजर आ रहे हैं। सन्नी देओल ने वर्ष 2001 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' में सिख तारा सिंह की भूमिका निभाई थी जिसे एक पाकिस्तानी मुस्लिम लड़की सकीना से प्यार हो जाता है। उत्कर्ष शर्मा, जिन्होंने फिल्म गदर में सनी और अमीषा के बेटे जीते की भूमिका निभाई थी, अगली कड़ी में भी अपनी भूमिका दोहराते हुए नजर आएंगे।

**सुरक्षा** अटलांटिक महासागर में रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस 'गोर्शकोव' भेजा

# हमारे हथियार बाहरी खतरों से रक्षा करेंगे : पुतिन

**एजेंसी। मॉस्को**



रूस ने अटलांटिक महासागर में एक हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस लड़ाकू जहाज 'गोर्शकोव' भेजा है। इसे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए पुतिन के संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और लड़ाकू जहाज के कमांडर के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी है। पुतिन ने कहा : जहाज में जिरकोन हाइपरसोनिक हथियार फिट किए गए हैं। मुझे उम्मीद है की ये ताकतवर हथियार बाहरी खतरों से रूस की रक्षा करेंगे। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने बताया कि 'गोर्शकोव' अटलांटिक महासागर के बाद हिंद महासागर और भूमध्य सागर से भी गुजरेगा।

**जिरकोन मिसाइलें बनाने के लिए कई देशों में रेस :** रूस के अलावा चीन और अमेरिका भी इस तरह की हाइपरसोनिक मिसाइलें बनाने की दौड़ में हैं। इनके अलावा ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, साउथ कोरिया, नॉर्थ कोरिया और जापान भी इन्हें बनाने के लिए अपना हाथ आजमा रहे हैं। अमेरिका के मुताबिक रूस की ये मिसाइलें इस तरह से डिजाइन की गई हैं कि इनमें परमाणु हथियार भी लगाए जा सकते हैं। वहीं, भारत 15 दिसम्बर को देश की सबसे ताकतवर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 के नाइट ट्रायल का सफल परीक्षण किया है। मिसाइल को ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से पहली बार पूरी रेंज में दागा गया है। इसने 5500 किलोमीटर दूर जाकर निशाने को सफलतापूर्वक तबाह किया। रूस लगातार अमेरिका के मिसाइल सिस्टम को भेदने के लिए अपने हथियारों को एडवांस कर रहा है। पुतिन का कहना है कि अमेरिका उनकी न्यूक्लियर मिसाइलों पर हमला कर सकता है। जिसके लिए रूस को सचेत रहना होगा।

### जिरकोन मिसाइल की खासियत

- समुद्र और जमीन पर खतरनाक और सटीक हमला करने में माहिर है।
- हाइपरसोनिक मिसाइलें किसी भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती हैं।
- ये स्पीड ऑफ साउंड से 9 गुना ज्यादा तेज हैं।
- 1000 किलोमीटर की दूरी आसानी से तय कर सकती हैं।